दरअसल, बिहार के पश्चिम चंपारण जनपद के रामनगर, नरकटियागंज, गौनाहा एवं हरनाटाँड़ ब्लॉकों में बहुसंख्यक थारू जनजाति निवास करती है। नेपाल सीमा के निकटवर्ती और पहाड़ों के निचले हिस्सों में बसे इन आवासीय क्षेत्रों को प्रायः 'तराई, दोन, थरूहट क्षेत्र' के नाम से संबोधित किया जाता है।

यद्यपि ये सभी क्षेत्र विकास की चुनौतियों से जूझ रहे हैं, किंतु दोन क्षेत्र के निवासी आज भी सर्वाधिक पिछड़ेपन का शिकार हैं। वर्तमान में नौरंगिया पंचायत के कुल 16 गाँवों में से सिर्फ सात गाँवों में ही प्राथमिक विद्यालय उपलब्ध हैं, जबकि संपूर्ण क्षेत्र में मात्र एक उत्क्रमित विद्यालय है। जनगणना 2011 (इंडियन विलेज डायरेक्ट्री) के अनुसार, नौरंगिया पंचायत की साक्षरता दर मात्र 39.69 प्रतिशत है, जिसमें पुरुष साक्षरता 48.33 प्रतिशत तथा महिला साक्षरता 30.97 प्रतिशत दर्ज है। इसके अतिरिक्त, दोन क्षेत्र सहित संपूर्ण पश्चिम चंपारण के थारू बहुल इलाकों में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज का न होना एक गंभीर शैक्षणिक अभाव को दर्शाता है।

शोध प्रश्न

अध्ययन से संबंधित मुख्य शोध प्रश्न इस प्रकार थेः-

- स्कूली ज्ञान निर्माण, वर्तमान शिक्षा प्रणाली, अधिगम, पाठ्यक्रम और परीक्षा परिणामों में स्थानीय थारू भाषा की वास्तविक भूमिका क्या है?
- मातृभाषा के अभाव में थरूहट स्कूली बच्चे किस प्रकार ज्ञान अर्जित करते हैं?

सैद्धांतिक ढांचा एवं साहित्य समीक्षा

प्रस्तुत शोध का वैचारिक ढांचा समाजशास्त्रीय सिद्धांतों के एक ऐसे सुदृढ़ सैद्धांतिक समन्वय पर आधारित है, जो स्वदेशी भाषाई अस्मिता और संस्थागत ज्ञान-निर्माण के अंतर्संबंधों की पड़ताल करता है। यह ढांचा मुख्य रूप से सामाजिक निर्माणवाद और पियरे बोर्दियू के सांस्कृतिक पुनरुत्पादन के सिद्धांतों से अनुप्राणित है (बोर्दियू और पासेरॉन, 1977), जिसमें बेसिल बर्नस्टीन के भाषाई कोड सिद्धांत को प्राथमिक विश्लेषणात्मक उपकरण के रूप में विनियोजित किया गया है। थारू नृवंशविज्ञान के संदर्भ में गिसेले क्रॉसकॉफ का कार्य इस विमर्श की नींव रखता है, जिन्होंने यह प्रतिपादित किया है कि थारू समुदाय कोई एकरूपी समूह नहीं, बल्कि विभिन्न उप-जातियों का एक भाषाई और सांस्कृतिक विविधतापूर्ण विन्यास है (क्रॉसकॉफ, 1989)। क्रॉसकॉफ के अनुसार, थारू जातीय सीमाएँ ऐतिहासिक रूप से लचीली रही हैं जहाँ क्षेत्रीय बोलियों में सूक्ष्म भिन्नताएं विद्यमान हैं; अतः जब कोई थारू बच्चा शैक्षणिक परिवेश में प्रवेश करता है, तो वह अपने साथ इसी विशिष्ट क्षेत्रीय भाषाई पहचान की सांस्कृतिक पूंजी लेकर आता है। यद्यपि उनके शोध ने थारू अस्मिता को वैश्विक नृवंशविज्ञान में स्थापित किया, तथापि औपचारिक शैक्षणिक संरचनाओं के भीतर इस भाषाई विविधता और संस्थागत अधिगम के द्वंद्व पर केंद्रित विमर्श अब तक सीमित रहा है।

इसी शैक्षणिक विसंगति को समाजशास्त्रीय धरातल पर समझने के लिए बेसिल बर्नस्टीन का भाषाई कोड सिद्धांत एक अनिवार्य ज्ञानमीमांसीय दृष्टिकोण प्रदान करता है। बर्नस्टीन द्वारा प्रतिपादित 'सीमित कोड' और 'विस्तृत कोड' के मध्य का द्विभाजन थारू शिक्षार्थियों के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है (बर्नस्टीन, 1971)। थारू बच्चे अपने प्राथमिक समाजीकरण के दौरान जिस थरूहट भाषा को आत्मसात करते हैं, वह वस्तुतः एक 'सीमित कोड' है जो उनके घनिष्ठ सामाजिक संबंधों और संदर्भ-आश्रित संप्रेषण पर आधारित होता है। इसके विपरीत, विद्यालय की औपचारिक शैक्षणिक संरचना एक 'विस्तृत कोड' यानी मानक हिंदी की मांग करती है, जो अमूर्त और संदर्भ-मुक्त होती है। यद्यपि विद्यालय यह मानकर चलता है कि थारू बच्चे इस नए कोड को सहजता से आत्मसात कर लेंगे, किंतु वास्तविकता में यह विस्तृत कोड उनके लिए एक अदृश्य भाषाई अवरोध के रूप में कार्य करता है। बर्नस्टीन का यह तर्क थारू स्कूलों में ज्ञान निर्माण की विफलता को समझने का मुख्य आधार है, क्योंकि यहाँ बच्चों की भाषाई पृष्ठभूमि और स्कूल की भाषाई अनिवार्यता के मध्य एक स्थायी विरोधाभास मौजूद रहता है।

यह भाषाई अंतराल केवल एक स्थानीय समस्या नहीं है, बल्कि एक व्यापक वैश्विक संकट का हिस्सा है जिसे नैन्सी हॉर्नबर्गर ने अपने अध्ययनों में रेखांकित किया है (हॉर्नबर्गर, 1998)। हॉर्नबर्गर का शोध 'भाषाई पारिस्थितिकी' के परिप्रेक्ष्य में विलुप्त होती स्वदेशी भाषाओं की ओर संकेत करता है और यह स्पष्ट करता है कि लिपि के अभाव में थारू जैसी भाषाएँ अस्तित्वगत संकट से जूझ रही हैं। वस्तुतः जब भाषाएँ विलोपित होती हैं, तो उनके साथ ज्ञान निर्माण की स्वदेशी प्रणालियाँ भी विस्मृत हो जाती हैं। इसी अनुक्रम में गीता नंबिस्सन की समीक्षा यह उद्घाटित करती है कि भारत में जनजातीय बच्चों के लिए मातृभाषा आधारित शिक्षा की संवैधानिक नीतियों और व्यवहारिक क्रियान्वयन के बीच एक गहरी विसंगति है, जिससे थारू जैसे भाषाई अल्पसंख्यकों के संरक्षण में राज्य के नीतिगत हस्तक्षेप अक्सर निष्प्रभावी सिद्ध होते हैं (नंबिस्सन, 1994)।

जब हम बर्नस्टीन के भाषाई कोड को क्रॉसकॉफ की सांस्कृतिक विविधता और नंबिस्सन की नीतिगत समीक्षा के साथ एकीकृत करते हैं, तो विद्यालय का एक दमनकारी वैचारिक स्वरूप उभरता है। लुई अल्थूजर के 'वैचारिक राज्य तंत्र' और माइकल एप्पल के सिद्धांतों के अनुसार, विद्यालय दरअसल पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रभुत्वशाली वर्ग के विस्तृत कोड को ही पुनरुत्पादित करता है, जहाँ थारू बच्चों की मातृभाषा को शैक्षणिक रूप से अवैध घोषित कर दिया जाता है (अल्थूजर, 1971; एप्पल, 1979)। यद्यपि जॉन डेवी ने यह तर्क दिया है कि सामाजिक और स्कूली परिवेश के मध्य की विसंगति बच्चों के

स्वाभाविक संज्ञानात्मक विकास के लिए प्रतिगामी है (डेवी, 1916), तथापि स्वदेशी भाषा की शैक्षणिक अनुपस्थिति में शिक्षा की पारंपरिक 'बैंकिंग' पद्धति बच्चों को केवल सूचनाओं का निष्क्रिय प्राप्तकर्ता बना देती है (फ्रेरा, 1970)। वस्तुतः थरूहट विद्यालयों में मातृभाषा की शैक्षणिक अनुपस्थिति ही वह सबसे बड़ी संरचनात्मक निर्बलता है जिसे पाठक और सारंगपाणी ने आधुनिक शिक्षा की मौलिक कमी के रूप में रेखांकित किया है (पाठक, 2013; सारंगपाणी, 2003)।

साहित्य समीक्षा से यह स्पष्ट होता है कि बिहार में थारू जनजाति की स्वदेशी भाषा एवं शिक्षा के संदर्भ में शोध कार्य अब तक मुख्य धारा के अकादमिक विमर्श से लगभग अनुपस्थित रहे हैं। यद्यपि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर थारू नृवंशविज्ञान पर क्रॉसकॉफ जैसे विद्वानों ने महत्वपूर्ण कार्य किए हैं और शिक्षा के समाजशास्त्र में बर्नस्टीन या फ्रेरा के सिद्धांत वैश्विक मानक स्थापित करते हैं, किंतु बिहार के दोन क्षेत्र की विशिष्ट भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों में थरूहट भाषाई अस्मिता (सीमित कोड) और स्कूली ज्ञान-निर्माण (विस्तृत कोड) के बीच की कड़ियों का कोई ठोस अनुभवजन्य विश्लेषण उपलब्ध नहीं है। अतः यह अध्ययन इसी अकादमिक रिक्तता को भरने की दिशा में एक प्रयास है, जो यह पड़ताल करता है कि थारू समुदाय के भाषाई और शैक्षिक पहलू अब तक शोधों में हाशिए पर क्यों बने रहे और किस प्रकार स्कूली तंत्र स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को विस्मृत करने में भूमिका निभाता है।

भाषाई अस्मिता और संस्थागत पृथक्करण

भाषा केवल विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम मात्र नहीं है, बल्कि जैसा किफर्डिनेंड डी. सॉसर (1959) ने प्रतिपादित किया है, यह संकेतों की एक जटिल सामाजिक प्रणाली है जो मस्तिष्क में अर्थों का निर्माण करती है। किसी भी समुदाय के सामाजीकरण और ज्ञान-निर्माण की प्रक्रिया उसकी मातृभाषा में ही रची-बसी होती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 350(क) में अल्पसंख्यक वर्गों के लिए मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा का प्रावधान (मल्होत्रा, 2014) होने के बावजूद, बिहार की थारू जनजाति की थरूहट भाषा आज भी संवैधानिक और शैक्षणिक दोनों ही परिसरों से बहिष्कृत है।

सैद्धांतिक रूप से, इसेबेसिल बर्नस्टीन (1971)के 'भाषाई कोड' के माध्यम से समझा जा सकता है। थारू बच्चों की थरूहट भाषा (जो भोजपुरी और मैथिली का मिश्रित रूप है) एक 'सीमित कोड' के रूप में केवल लोकगीतों और अनौपचारिक चर्चाओं तक सिमट गई है, जबकि स्कूल का कैंपस 'विस्तृत कोड' के रूप में मानक हिंदी और अंग्रेजी को थोपता है। यह भाषाई विसंगति थारू बच्चों को उनके अपने ही ज्ञान-निर्माण की प्रक्रिया से विलग कर देती है।

बिहार की थारू भाषा : एक सांख्यिकीय विश्लेषण

गिसेले क्रॉसकॉफ के अनुसार, थारू समुदाय की भाषाई पहचान उनके भौगोलिक प्रसार और क्षेत्रीय प्रवास की ऐतिहासिक कड़ियों से गहराई से जुड़ी हुई है। क्रॉसकॉफ (1989) रेखांकित करती हैं कि थारू भाषा कोई एकरूपी इकाई नहीं है, बल्कि यह इंडो-आर्यन भाषाओं के विभिन्न क्षेत्रीय रूपों का एक समूह है। जनगणना के आंकड़ों (1991) का हवाला देते हुए वह बताती हैं कि जहाँ नेपाल में लगभग 9,93,388 लोगों ने थारू को अपनी मातृभाषा के रूप में दर्ज किया, वहीं बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों, विशेषकर चंपारण में, भाषाई पहचान का स्वरूप काफी भिन्न रहा है। क्रॉसकॉफ के विश्लेषण के अनुसार, बिहार की थारू भाषा (थरूहट) परभोजपुरी और मैथिली का गहरा प्रभाव है, जिसे अक्सर 'टूटी-फूटी बोलियों' के रूप में भी वर्गीकृत किया जाता रहा है। वह एक महत्वपूर्ण भाषाई अंतराल की ओर संकेत करती हैं—1971 की जनगणना के आंकड़ों में बिहार के तराई क्षेत्रों (बारा से लेकर सप्तरी तक) में थारू बोलने वालों की संख्या न के बराबर दर्ज की गई थी, क्योंकि उस समय थारू समुदाय के लोग अपनी भाषा को 'मैथिली' या 'भोजपुरी' के प्रभाव में गैर-थारू पहचान के साथ प्रस्तुत कर रहे थे। हालांकि, बाद के वर्षों में (1991 के आंकड़ों तक), सांस्कृतिक चेतना के कारण बिहार के थारू क्षेत्रों में भाषाई पहचान में वृद्धि देखी गई। क्रॉसकॉफ तर्क देती हैं कि बिहार की थारू भाषा न केवल संप्रेषण का माध्यम है, बल्कि यह एक समाजशास्त्रीय सीमा के रूप में कार्य करती है, जो उन्हें मुख्यधारा की आबादी से अलग एक विशिष्ट पहचान प्रदान करती है।

तालिका-01: थारू भाषाई आंकड़े और क्षेत्रीय विवरण

श्रेणी	डेटा / विवरण (जनगणना 1991 के आधार पर)	मुख्य भाषाई प्रभाव
नेपाल तराई	9,93,388 मातृभाषा भाषी	थारू (क्षेत्रीय बोलियाँ)
बिहार (चंपारण)	भाषाई पहचान में विविधता	भोजपुरी का प्रभाव
1971 का डेटा	तराई क्षेत्रों में संख्या नगण्य	मैथिली के रूप में दर्ज
1991 का डेटा	थारू भाषियों की संख्या में वृद्धि	पहचान के प्रति जागरूकता
वर्गीकरण	थरूहट	इंडो-आर्यन भाषाओं का मिश्रण

स्रोतः (क्रॉसकॉफ, 1989)

गिसेले क्रॉसकॉफ (1989) द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों और भाषाई विवरणों का विश्लेषण यह स्पष्ट करता है कि थारू समुदाय की भाषाई पहचान सांख्यिकीय रूप से अत्यंत अस्थिर और क्षेत्रीय कारकों से प्रभावित रही है। तालिका (1) में दर्शाया गया 1971 और 1991 की जनगणना के बीच का भारी अंतर यह सिद्ध करता है कि बिहार के सीमावर्ती तराई क्षेत्रों में थारू भाषियों ने लंबे समय तक अपनी मौलिक भाषा को मैथिली या भोजपुरी जैसी प्रभावी भाषाओं के अंतर्गत दर्ज कराया था, जिसके कारण आधिकारिक आंकड़ों में यह पहचान लगभग नगण्य हो गई थी। 1991 के आंकड़ों में दिखी अचानक वृद्धि किसी जनसंख्या परिवर्तन के बजाय सांस्कृतिक चेतना और अपनी विशिष्ट अस्मिता को पुनः प्राप्त करने के प्रयास को दर्शाती है। चंपारण जैसे क्षेत्रों में थरूहट का स्वरूप इंडो-आर्यन भाषाओं के मिश्रण के कारण एक 'मिश्रित बोली' के रूप में उभरता है, जिसे विद्वानों ने किसी निश्चित लिपि के अभाव में अक्सर 'टूटी-फूटी बोलियों' की संज्ञा दी है। अंततः यह डेटा पुष्ट करता है कि नेपाल की तुलना में बिहार में थारू भाषा मुख्यधारा की भाषाओं के व्याकरणिक और सामाजिक दबाव के कारण अपनी शुद्धता खो रही है और मुख्य रूप से केवल मौखिक परंपराओं तक ही सीमित रह गई है।

फोकल स्कूलः 01, राजकीय मध्य विद्यालय गोबरहिया दोन, रामनगर (पश्चिम चंपारण) का फोकल अध्ययन

वर्ष 1944 में 'राजकीय मध्य विद्यालय गोबरहिया' की स्थापना गोबरहिया दोन में हुई थी, जहाँ वर्तमान में कक्षा आठवीं तक की पढ़ाई होती है। उप-प्रधानाध्यापक मोहन कुमार के अनुसार, विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की कुल संख्या आठ सौ के करीब है, जबकि शिक्षकों की संख्या सिर्फ तेरह है (छह महिला और सात पुरुष शिक्षक)। यह तथ्य दोन क्षेत्र में स्कूली शिक्षकों की भारी कमी को उजागर करता है। अध्ययन के दौरान जब मैं स्कूल की ओर पैदल जा रहा था, तो रास्ते में कई थारू बच्चे सड़क किनारे खेल-कूद में व्यस्त दिखाई दिए। कंधे पर बैग देखकर कई बच्चे मेरी ओर टकटकी लगाकर देखने लगे; यह घटना बच्चों की उस 'मानसिक पहचान' की अवस्था को प्रदर्शित करती है जो या तो परिवार में या फिर स्कूल में विकसित हुई होगी।

जब मैं स्कूल पहुँचा तो पाया कि बच्चे कैंपस में शोरगुल के साथ खेल रहे थे। स्कूल की कक्षाएं खुली हुई थीं तथा बेंच-डेस्क अव्यवस्थित तरीके से कमरे के बाहर बिखरे हुए थे। ये बच्चे ढायर दोन के निवासी हैं जो अक्सर निर्धारित समय से पूर्व स्कूल पहुँच जाते हैं। बच्चों ने मुझसे कई बार पूछा कि क्या मैं शिक्षक हूँ या कोई ऑफिसर? बहरहाल, कुछ घंटों के पश्चात बच्चे आश्वस्त हो गए कि मैं कोई सरकारी आदमी नहीं हूँ। इसके लिए मुझे उनसे यह समझौता करना पड़ा कि छुट्टी के बाद मैं भी उनके साथ उनके गाँव ढायर दोन घूमने चलूँगा।

प्रधानाध्यापक के आदेशानुसार, संचालित कक्षा के दौरान मैंने छात्रों और शिक्षकों के बीच अंतःक्रिया, पढ़ाई के अर्थ एवं स्कूल में भाषा संचार के माध्यम का अवलोकन किया। शोध में पाया गया कि स्कूल में दो प्रमुख भाषाएँ गतिशील हैंः मुख्यधारा की 'हिन्दी' और आंशिक संकेत के रूप में 'अंग्रेजी'। यहाँ बच्चों और शिक्षकों के बीच एक गहरा 'भाषाई संघर्ष' विद्यमान है। चूँकि एक तरफ स्थानीय थारू बच्चे थरूहट-भोजपुरी भाषा (जो शुद्ध मातृभाषा नहीं है) बोलते हैं, वहीं दूसरी ओर दोन क्षेत्र से बाहर के शिक्षक स्थानीय भाषा बोलने में असमर्थ हैं।

शिक्षक और छात्रों के बीच का अनौपचारिक संबंध भाषा के कारण स्कूल की चारदीवारी तक ही सीमित होकर रह जाता है। बच्चों को पढ़ाते समय शिक्षकों को जिस भाषाई कठिनाई का सामना करना पड़ता है, उसका प्रत्यक्ष प्रभाव बच्चों के ज्ञान निर्माण पर दिखाई देता है। भाषा की समझ के अभाव में शिक्षकों द्वारा ज्ञान को 'रटने' पर बल दिया जाता है, जिससे 'सीखने का प्रकरण' अनुपस्थित हो जाता है। उदाहरण के लिए कक्षा अवलोकन के समय, कक्षा सातवीं के विज्ञान और कक्षा छठी के गणित व हिन्दी के शिक्षकों को पढ़ाते समय बार-बार 'याद रखना' एवं 'लिख लेना' जैसे शब्दों का पुनरावर्तन करते देखा गया। बहरहाल पढ़ाते समय कक्षा में शिक्षक एवं छात्रों के बीच कोई प्रतिक्रियात्मक अंतःक्रिया देखने को नहीं मिली। जब आठवीं के बच्चों से पूछा गया कि "आलू में कौन सा विटामिन पाया जाता है", तो सभी बच्चे शांत हो गए। फिर शिक्षक ने स्वयं उत्तर बताया और सुझाव दिया कि इसे भविष्य के लिए याद कर लें। इसी तरह, ब्लैक बोर्ड पर लिखे तथ्यों को नोटबुक में उतार लेना ही 'सीखना' मान लिया जाता है। स्कूली अधिगम की यह प्रक्रिया प्रमुखता से पाउलो फ्रेरे (1970) की 'बैंकिंग शिक्षा' पर आधारित है, जहाँ कक्षा में संवाद अनुपस्थित रहता है और बच्चों को मूक एवं निष्क्रिय बनाया जाता है।

बच्चों के लिए 'लिख लेना' और 'याद करना' का अर्थ केवल परीक्षा के लिए दोहराना है। यह अवधारणा स्कूली पाठ्यक्रम और शिक्षण शास्त्र की उस 'कोड भाषा' को प्रदर्शित करती है जिसे बेसिल बर्नस्टीन (1971) ने स्पष्ट किया है। यहाँ स्कूल की एकतरफा बैंकिंग शिक्षा पद्धति थारू बच्चों को उनकी स्वदेशी भाषा और संस्कृति से वंचित कर रही है। थारू परिवार और स्कूल के वातावरण में इतनी भिन्नता है कि बच्चा जो ज्ञान बाहरी वातावरण में सीखता है, उसका उपयोग स्कूल में नहीं कर पाता, और जो स्कूल में सिखाया जाता है, उसका उपयोग वह दैनिक जीवन में नहीं कर पाता। इस दृष्टिकोण से, जैसा कि जॉन डेवी (2009) तर्क देते हैं कि "यह स्कूली प्रक्रिया बच्चों के लिए सबसे बड़ी बर्बादी साबित हो रही है जिसमें शिक्षक और परिवार दोनों की विवशता और भूमिका महत्वपूर्ण है।"

स्कूली ज्ञान निर्माण के माध्यम से वर्तमान शिक्षा प्रणालीका मूल्यांकन

किसी स्कूल की संस्कृति और औपचारिक शैक्षिक ज्ञान निर्माण की प्रक्रिया को मुख्यतः पाठ्यक्रम, शिक्षणशास्त्र एवं मूल्यांकन प्रणाली के माध्यम से समझा जा सकता है (बर्नस्टीन, 1971)। इसके अतिरिक्त किसी स्कूल का नृवंशवैज्ञानिक अध्ययन, उस विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थी, शिक्षक, नियमावली, एवं शिक्षक-छात्रों की अंतःक्रिया के सामाजिक संसार को दर्शाने में अद्वितीय हैं (थापन, 2014)। इस संदर्भ में, स्कूल के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि स्कूल थारू बच्चों के ज्ञान निर्माण में विफल रहा है जिसका परिणाम प्रतियोगी परीक्षा में असफलता तथा शिक्षा से मोहभंग होने की प्रक्रिया में देखने को मिलता है। इसके अलावा थरूहट समुदाय में विद्यमान अशिक्षा, गरीबी और भाषाई संघर्ष से पता चलता है कि स्कूल पिछले आठ दशक (1944 से 2025 तक) में थारू जनजाति की परंपरा, संस्कृति, बेहतरीन जीवनशैली एवं सांस्कृतिक पूँजी के साथ-साथ थरूहट स्वदेशी भाषा को पुनर्जीवित करने में विफल रहा है। वास्तव में स्वतंत्रता पश्चात भारत में पहली बार कोठारी आयोग 1968 ने अनुसूचित जनजाति के बीच शिक्षा प्रसार की बात की थी जिसकी सिफारिश राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 तथा प्रोग्राम ऑफ एक्शन 1992 में भी देखने को मिलता है। यद्यपि राधाकृष्णन आयोग (1948), मुदालियर आयोग (1955), कोठारी आयोग (1968) सहित कई आयोगों ने मातृभाषा में शिक्षा का सिफारिश की थी तथा जिसे नई शिक्षा नीति-2020 में भी लागू किया गया है। इन सिफारिशों के बाद भी वर्तमान शिक्षा प्रणाली में स्कूल का पाठ्यक्रम मुख्यतः हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में लागू होते हैं तथा इस पाठ्यक्रम का पठन-पाठन भी संबंधित भाषा में ही बच्चों को एकतरफा शिक्षा प्रदान किया जाता है। अर्थात वर्तमान शिक्षा प्रणाली के माध्यम से सरकार द्वारा थारू जनजाति पर मुख्यधारा की भाषा अधिरोपित की जाती है।

बच्चों के साथ संवाद : आकांक्षाएं और शैक्षिक यथार्थ

क्षेत्र कार्य के दौरान विद्यालयी बच्चों के साथ किए गए गहन संवाद से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि उनके सामाजिक संसार में 'स्कूल' का अर्थ एक ऐसी विशिष्ट और औपचारिक जगह से है जहाँ 'पढ़ाया' जाता है। यहाँ 'पढ़ाई' का अर्थ ज्ञान के सृजन के बजाय संज्ञानात्मक रूप से 'होशियार' (अर्थात काबिल और भविष्य में नौकरी प्राप्त करने योग्य) बनने तक सीमित है। यद्यपि विद्यार्थियों ने यह साझा किया कि वर्तमान समय में शिक्षा का माध्यम अनिवार्य रूप से अंग्रेजी भाषा होनी चाहिए। इसका एक प्रमुख कारण शिक्षकों द्वारा उनके मन में बैठाया गया यह विचार है कि उनकी मातृभाषा 'थरूहट' केवल उनके गाँव की सीमाओं तक सीमित है, जबकि अंग्रेजी एक वैश्विक भाषा के रूप में उनकी प्रगति का एकमात्र मार्ग है।

अध्ययन यह स्पष्ट करता है कि बच्चों में ज्ञान और आकांक्षाओं का निर्माण प्रायः उनकी सामाजिक पारिस्थितिकी से निर्धारित होता है। उदाहरण स्वरूप, छठी कक्षा की सोनी कुमारी डॉक्टर बनने की इच्छा रखती है क्योंकि उसके ढायरगाँव में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण लोग अक्सर बीमार पड़ते हैं और समय पर इलाज नहीं करा पाते हैं। वहीं, अन्य बच्चों ने पुलिस और शिक्षक बनने की आकांक्षा व्यक्त की, जिसका मुख्य आधार सिनेमाई पर्दे पर देखी गई पुलिस की छवि या उनके परिवेश में उपलब्ध गिने-चुने रोल मॉडल हैं।

हालाँकि, इन ऊँची आकांक्षाओं के विपरीत, वास्तविकता यह है कि बच्चे अपनी कक्षा के स्तर के अनुसार बुनियादी संख्यात्मक और अक्षर ज्ञान में अत्यंत कमजोर पाए गए। यह स्थिति इस तथ्य की ओर संकेत करती है कि बिहार में 'शिक्षा का अधिकार' (RTE) कानून के लागू होने के बावजूद, धरातल पर सामान्य साक्षरता के संदर्भ में शिक्षा प्रणाली का ढांचा पर्याप्त सुदृढ़ नहीं है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण तब मिला जब कक्षा छठी के ग्यारह विद्यार्थियों से जयपुर, हैदराबाद और प्रयागराज जैसे सामान्य शब्द लिखने को कहा गया। ग्यारह में से केवल एक छात्र हैदराबाद और प्रयागराज लिख पाने में सफल रहा, जबकि तीन छात्रों ने केवल जयपुर का सही उच्चारण लिखा। यह शैक्षणिक अंतराल बच्चों की महत्वाकांक्षाओं और उनके वास्तविक शैक्षिक कौशल के बीच एक गहरी खाई को प्रदर्शित करता है।

शिक्षकों के साथ संवाद : संरचनात्मक चुनौतियाँ और भाषाई अंतराल

विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को समझने के लिए शिक्षकों के साथ किए गए व्यक्तिगत अध्ययन से यह तथ्य उभरकर सामने आया कि बुनियादी सुविधाओं के नितांत अभाव में स्कूल अत्यंत दयनीय अवस्था में संचालित हो रहा है। विद्यालय के शिक्षक मोहन कुमार के अनुसार, क्षेत्र में बिजली की अनुपलब्धता एक गंभीर बाधा है, जिसके कारण स्कूल में अभी तक 'स्मार्ट क्लासरूम' स्थापित नहीं हो पाया है। स्थिति इतनी विकट है कि अक्सर अंधेरे कमरों में ही कक्षाएं संचालित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त, स्कूल में खेल के मैदान, क्रियाशील शौचालय, पुस्तकालय और शिक्षकों की भारी कमी है। मोहन कुमार का यह भी कहना है कि "भौगोलिक और प्रशासनिक बाधाओं के कारण कई महत्वपूर्ण सरकारी योजनाएं स्कूल तक पहुँच ही नहीं पाती हैं। विशेष रूप से, वे शिक्षण प्रक्रिया में स्थानीय भाषा (थरूहट) के प्रयोग को ज्ञान के आदान-प्रदान में एक प्रमुख समस्या मानते हैं।"

इसी प्रकार, राज्य संपोषित राजेंद्र स्मारक +2 उच्च विद्यालय, गोबरहिया दोन के शिक्षक शमशाद आलम, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है, ने अपने एक वर्ष के शिक्षण अनुभव के आधार पर बताया कि थरूहट भाषा से

अनभिज्ञ होना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उनके अनुसार, स्थानीय भाषा की जानकारी न होने के कारण बच्चों के साथ प्रभावी अंतःक्रिया करना और उन्हें विषय वस्तु समझाना अत्यंत कठिन हो जाता है। इसी विद्यालय की संगीत शिक्षिका ज्योति कुमारी सहित अन्य शिक्षकों ने भी इस भाषाई अवरोध को स्वीकार किया है, जो शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया को बाधित करता है।

तथ्यों का विश्लेषण

यह शोध आलेख इस केंद्रीय तर्क पर आधारित है कि थारू जनजाति के लिए विद्यालय ज्ञान निर्माण के केंद्र होने के बजाय भाषाई और सांस्कृतिक विस्थापन के यंत्र बन गए हैं। इस विफलता को भाषाई विश्लेषण के माध्यम से निम्नलिखित रूप में समझा जा सकता हैः-

1. स्वदेशी ज्ञान बनाम अधिरोपित भाषा (भाषाई संघर्ष की पहचान): फोकल स्कूल का अध्ययन यह स्पष्ट करता है कि बेसिल बर्नस्टीन (1971) के 'विस्तृत कोड' (मानक हिन्दी/अंग्रेजी) को 'सफलता की भाषा' के रूप में पेश किया जा रहा है, जबकि बच्चों के 'सीमित कोड' (थरूहट) को पिछड़ेपन की निशानी बताया जा रहा है। शिक्षकों (जैसे शमशाद आलम और ज्योति कुमारी) द्वारा स्थानीय भाषा न जान पाना संवाद की प्रक्रिया को एकतरफा बना देता है। यह स्थिति राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) की उन सिफारिशों की स्पष्ट अनदेखी है जो प्रारंभिक शिक्षा में स्थानीय शिक्षकों और मातृभाषा को प्राथमिकता देने की बात करती हैं। जब शिक्षक ही स्थानीय भाषा को समस्या मानते हैं, तो वे अनजाने में पियरे बोर्दियू (1977) की 'प्रतीकात्मक हिंसा' का प्रयोग करते हैं जिससे बच्चा अपनी पहचान से कट जाता है।

2. बैंकिंग शिक्षा और संज्ञानात्मक अवरोध : साक्षात्कार और अवलोकन से प्राप्त तथ्य—जैसे "आलू में विटामिन" पर चुप्पी या शहरों के नाम न लिख पाना—पाउलो फ्रेरे (1970) की 'बैंकिंग शिक्षा' को सिद्ध करते हैं। चूंकि शिक्षक और छात्र के बीच भाषा का साझा धरातल नहीं है, इसलिए शिक्षण केवल 'रटने' तक सीमित हो गयी है। विद्यालय एक ऐसी जगह बन गया है जहाँ ज्ञान का सृजन नहीं, बल्कि सूचनाओं का एकतरफा निक्षेपण हो रहा है। रटने की यह विवशता अंततः बच्चों के संज्ञानात्मक विकास को रोक देती है जो उस उद्देश्य को पुष्ट करता है जहाँ स्कूल थारू बच्चों को 'काबिल' बनाने में विफल रहा है।

3. सामाजिक पारिस्थितिकी और आकांक्षाओं का विखंडनः बच्चों के साथ संवाद से प्रदर्शित होता है कि बच्चों की आकांक्षाएं (डॉक्टर, पुलिस बनना) उनकी 'सामाजिक पारिस्थितिकी' से उपजी हैं, लेकिन स्कूल उन्हें इन सपनों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक भाषाई और तार्किक उपकरण प्रदान नहीं कर पा रहा है। बच्चों द्वारा अंग्रेजी को 'होशियारी' का पैमाना मानना यह दर्शाता है कि उन्होंने उस औपनिवेशिक मानसिकता को आत्मसात कर लिया है जो उनकी अपनी संस्कृति को सीमित मानती है। यह भाषाई साम्राज्यवाद बच्चों को उनके मूल से काटकर एक ऐसी प्रतियोगिता में खड़ा कर देता है जहाँ वे पहले से ही पिछड़े हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप अंततः 'शिक्षा से मोहभंग' की स्थिति उत्पन्न होती है।

4. संरचनात्मक अभाव और नीतिगत विफलता : गोबरहिया स्कूल में बुनियादी सुविधाओं (बिजली, शौचालय, शिक्षक) की कमी और सरकारी योजनाओं का न पहुँचना बी.आर. टॉमलिंसन (2003) के 'तीसरी दुनिया' के यथार्थ को उजागर करता है। कोठारी आयोग (1968) से लेकर NEP 2020 तक 'मातृभाषा में शिक्षा' की जो सिफारिशें की गई हैं, धरातल पर उनकी अनदेखी यह सिद्ध करती है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली केवल मुख्यधारा की भाषा को थोपने का कार्य कर रही है। यह संरचनात्मक और भाषाई अवरोध मिलकर एक ऐसा तंत्र बनाते हैं जो थारू जनजाति की 'सांस्कृतिक पूँजी' को नष्ट कर रहा है।

निष्कर्ष

प्रस्तुत शोध यह प्रतिपादित करता है कि थारू (थरूहट) मातृभाषा और स्कूली ज्ञान निर्माण की प्रक्रिया के बीच एक गहरा द्वंद्वात्मक संबंध है। शोध के निष्कर्ष स्पष्ट करते हैं कि वर्तमान विद्यालयी संरचना किसी भी रूप में थारू स्वदेशी भाषा और संस्कृति को पुनर्जीवित करने में विफल रही है। यह अध्ययन प्रमुखता से प्रदर्शित करता है कि दोन क्षेत्र का सामाजिक परिवेश और स्कूली वातावरण एक-दूसरे के प्रतिकूल हैं, जिसकी परिणति पीढ़ीगत निरक्षरता के रूप में देखने को मिलती है। विश्लेषण से यह भी संकेत मिलता है कि बाह्य भाषाई दबाव और आधुनिकता के प्रभाव के कारण थारू समुदाय स्वयं भी अपनी भाषाई विरासत के संरक्षण के प्रति एक प्रकार की उदासीनता का शिकार हुआ है। जाहिर तौर पर, भारत की आधिकारिक शैक्षिक नीतियों ने अनजाने में थारू जनजाति पर मुख्यधारा की भाषा को अधिरोपित किया है। अध्ययन के निष्कर्षों के अनुसार, 'भाषाई संघर्ष' एक ऐसी प्रमुख चुनौती है जो बच्चों के संज्ञानात्मक विकास को बाधित करती है। अंततः स्वदेशी भाषा के अभाव में मुख्यधारा की भाषा केवल पाउलो फ्रेरेकी 'बैंकिंग शिक्षा प्रणाली' को बढ़ावा देती है। यह प्रक्रिया पियरे बोर्दियू (1977) के 'सांस्कृतिक पुनरुत्पादन' के सिद्धांत को पुष्ट करती है, जहाँ स्कूल थारू बच्चों को सशक्त बनाने के बजाय उन्हें उनकी मौलिक पहचान से काटकर हाशिए पर बनाए रखने का एक यंत्र बन जाता है।

इस अध्ययन के जांच परिणाम के आधार पर मजबूत नियोजित विकास कार्यक्रम की आवश्यकता है ताकि थारू जनजाति की सांस्कृतिक धरोहर और भाषाई पहचान सुरक्षित रह सकें।

थारू समुदाय की भाषाई अस्मिता को बचाने हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्राथमिक स्तर पर 'थरूहट' मातृभाषा

में शिक्षण अनिवार्य होना चाहिए। इसके लिए स्थानीय सांस्कृतिक संदर्भों वाली पाठ्यपुस्तकों का निर्माण और उन शिक्षकों की नियुक्ति आवश्यक है जो स्थानीय परिवेश से गहराई से जुड़े हों। विद्यालयी पाठ्यक्रम में थारू समुदाय के स्वदेशी ज्ञान और लोक-संस्कृति को स्थान देकर बच्चों की 'सांस्कृतिक पूँजी' को मजबूत किया जा सकता है। साथ ही, शिक्षण पद्धति को 'बैंकिंग मॉडल' से हटाकर पाउलो फ्रेरे के 'संवादमूलक अधिगम' की ओर ले जाना चाहिए, जहाँ रटने के बजाय आलोचनात्मक चेतना और वास्तविक समझ पर बल दिया जाए। इसके अतिरिक्त, सामुदायिक केंद्रों के माध्यम से अभिभावकों को भाषाई संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी अनिवार्य है।

संदर्भ सूची

Althusser, L. (1971). Lenin and philosophy and other essays. Monthly Review Press.

Apple, M.W. (1978). Ideology, reproduction, and educational reform. *Comparative Education Review,* 22(3), 367-387.

Bernstein, B. (1971). Class, codes and control. Routledge and Kegan Paul.

Bhatia, L. (2010). Education and society in a changing Mizoram: The practice of pedagogy. Routledge.

Bourdieu, P. & Passeron, J.C. (1977). Reproduction in education, society and culture. Sage Publications.

Chomsky, N. (1964). Aspects of the theory of syntax. Cambridge, MA: The M.I.T. Press.

Devy, G. (2020, May 3). There are 600 potentially endangered languages in India… each dead language takes away a culture system. The Indian Express. New Delhi, India. https://indianexpress.com/article/research/international-mother-language-day-2018-ganesh-devy-indian-languages-5072487/

Eco, U. (1986). Semiotics and the philosophy of language. Indiana University Press.

Guneratne, A. (2002). Many tongues, one people: The making of Tharu identity in Nepal. Cornell University Press.

Hornberger, N.H. (1998). Language policy, language education, language rights: Indigenous, immigrant, and international perspectives. *Language in Society*, 27(4), 439-458.

Indian Village Directory. (2011). Pashchim Champaran, Bihar. https://villageinfo.in/bihar/pashchim-champaran.html

Krauskopff, G. (1989). The anthropology of the Tharus: An annotated bibliography. CNRS.

Kumar, R.K. (2018). Social changes due to exposure to the outer world: A case of tribal communities of West Champaran (Bihar). A.N. Sinha Institute of Social Studies, Patna.

Nambissan, G.B. (1994). Language and schooling of tribal children: Issues related to medium of instruction. Economic and Political Weekly, 29(42), 2747-2754.

Panda, B.N. (1996). Tribal education. A.P.H. Publishing Corporation.

Pathak, A. (2013). Social implications of schooling knowledge, pedagogy and consciousness. Aakar Books.

Patil, R.R. (2020). Tribal development in India: Challenges and prospects in tribal education. Sage Publications.

Sarangapani, P.M. (2003). Constructing school knowledge: An ethnography of learning in an Indian village. Sage Publications.

Saussure, F.D. (1959). Course in general linguistics. Philosophical Library.

Shukla, P.K. (1994). The Tharus of Bihar: A historical and anthropological study. *Indian History Congress*, 646-655.

Srivastava, S.K. (2011). The Tharus: A study in cultural dynamics. Kala Prakashan.

Stokoe, W.C. (1980). Sign language structure. *Annual Review of Anthropology*, 9, 365-390.

Thapan, M. (2006). Life at school: An ethnographic study. Oxford University Press.

Thapan, M. (2014). Ethnographies of schooling in contemporary India. Sage Publications.

Tomlinson, B.R. (2003). What was the third world? *Journal of Contemporary History,* 38(2), 307-321.

डेवी, ज. (2009). स्कूल और समाज (र. उपाध्याय, अनु.). ग्रंथ शिल्पी।

डॉ. प्रसाद, श. (2018). थारू जनजाति : जीवन और संस्कृति. अभिधा प्रकाशन।

फ्रेरा, पा. (1996). उत्पीड़ितों का शिक्षाशास्त्र (र.उपाध्याय,अनु.) ग्रंथ शिल्पी।

बिहार सरकार. (2022). बिहार जाति आधारित गणना-2022.

मल्होत्रा, प्रे.कु. (2014). भारत का संविधान. भारत सरकार।

प्रवीर, रा. (2004). थारूः पहचान के लिए संघर्षरत जनजाति. बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी।

•

A Brief Study of Oral Culture in Two Plays by Ngugi wa Thiong'o

*Dr. Amit Singh

Abstract

Orature, a term used ectensively in connection with Ngugi's writing, is not just present but actually play the role of the mainstay and the ordering principle of his plays. This paper examines two plays by Ngugi, *I Will Marry When I Want* (NgahikaNdeenda, 1970) and *The Trial of Dedan Kimathi* (1976) in terms of their continuities with the oral culture. The presence of proverbs, songs and the very structuring of the plays along the lines of people's theatre and folkloric forms, provide the framework to read these plays as extensions of orality and the oral tradition of Kenya.

Introduction

Orality resides in different forms of dramatic expressions: the performance depicts human struggle with nature, or with other human beings, or the conflict within itself. Unlike the individual authorship of the written world, drama in Africa, from the very beginning, was not an isolated event. As Ngugi wa Thiong'o puts it, "it was part and parcel of the rhythm of daily and seasonal life of the community. It was an activity among other activities... and it was also a strict matter of life and death and communal survival. This drama was not performed in special-buildings set aside for the purpose. It could take place anywhere." (Ngugi qt in *Narang* 162) However with the advent of British colonialism this tradition was destroyed by repressive impositions, including restrictions on gatherings, banning of ceremonies, etc. In the post-independence period however, certain Kenyan writers led by Ngugi himself revived the oral performances by incorporating them in their plays.

Ngugi's play *I Will Marry When I Want* (1982) raises the issue of language as its prime concern even before it opens; in the dedication itself Ngugi and Mirii express their indebtedness "to all those who have been at the forefront in the development of literature in Gikuyu language, their songs and books." (Ngugi, *I Will Marry When I Want* "Dedication") Therefore, as evident from the dedication this play is the writers' offering "to all patriotic Kenyan writers who deny to forfeit the cause of their own language" (Ngugi, *I Will* "Dedication") The language issue is more conspicuously given impetus on the title page itself, where it is mentioned that the book is a translation from the Gikuyu by the authors. Thus, it is acknowledged that the play was originally written in Gikuyu (the author's mother tongue) and later translated into English.

In terms of its structure, the play incorporates two important elements of oral culture so as to depict the richness of the legacy that follows: proverbs and songs. The proverbs are frequently used, and they subtly resolve the complexity that arises by the encounter with the foreign culture. In *I Will Marry When I Want,* while Gicaamba, the protagonist's neighbour, a factory worker, talks of his misery and curses the exploitative imperialist set-up, the wisdom of the 'other' miserable worker is shown through a proverb: "a fool's walking stick supports the clever." (Ngugi, *I Will* 37) Here it is indicated that as long as the workers are unable to learn to use their labour for their own good, exploitations would continue. In another incidence, Gicaamba again wittingly compares the workers to monkeys, who, unaware of the long-term damages, jump at the immediate offerings, irrespective of the irrelevance of the offer or the heavy cost they would paid for it. He reminds what Gikuyu said: "If you want to rob a monkey of a baby it is holding, you must first throw it a handful of peanuts." (Ngugi, *I Will* 33) Even the hymns are used to raise the issues related to resistance, e.g. in a hymn: "He oppresses the whole nation, let's crush him", (Ngugi, *I Will* 6) the people's voice is heard. This is later contrasted with a Christian hymn, which again is different from the songs of revolution.

* Assistant Professor, School of Undergraduate Studies, Dr. B.R. Ambedkar University Delhi

Thus, language becomes a tool to instill patriotic sentiments in Africans and, at the same time, attacks the norms of European language and culture.

The cultural heritage of Africa is reflected through the rich and powerful legacy of songs and dance in this play. When interrogated by Wangeci, his wife, if he can still dance to Mucung'wa, Kiguunda asks for his sword and transcends into the vision of how the dance was performed in the days of his youth. At this point, actual dancers led by Kiguunda and Wangeci appear in the play. Starting with a playful teasing between the performers, the dance is followed by the revolutionary rigour where "the crown of victory should be taken away from traitors and be handed back to patriots like Kimathi's patriotic heroes." (Ngugi, *I Will* 12) The dance becomes a powerful medium of dovetailing several issues together: nostalgia for the past glory, the disapproval of colonialism, the praise of heroes of the Mau Mau, etc. The dancers perform the task of a storyteller who weaves the entire narrative into the scene. The dance is the site of culture where a young man describes his prowess to his beloved (while in reality he is a miserable man) and, hence, the entire narrative attains the legitimacy of a lost heritage. The function of the writer is fulfilled by narrating something which can't be fitted in the framework of writing, how-so-ever vivid the description may be. It is the Mucung'wa dance that has the cultural legacy of rigour and strength, which even a reader far distanced from African culture and least acquainted to it, can relate to. This identification is possible only because of the universality of the oral tradition where dance and songs have such values associated to them in all societies. In another instance of dance and song in the play, memory is given shape elaborately. Wangeci and Kiguunda are singing and dancing together. They are, at the same time, praising each other and at last the revolutionary tone is adopted. The memory further leads to the cultural dance Mwomboko where again the past is recalled. However, when the scene ends, the struggle of freedom is recalled by Kiguunda. This is followed by the scene of procession demanding freedom. This again merges with the remembrance of the past through memory:

Take care of me
I care of you
Problems can be settled in jokes…
Oh, the seven years were not even
When we began
To sing new songs with new voices.
Songs and voices demanding
Freedom of Kenya, our motherland.

(Ngugi, *I Will* 25)

The continuous intermingling of scenes, along with dances, songs, processions and memory could not have been attained through the narrative style of written tradition. It was possible only through the oral style of narrating several things together; the linearity of actions is unlimited in such a tradition. What else could have been a better medium of narrating the dilemma of a nation that has encountered many happenings at the same time and the continuous struggle to overcome all of these via restoring back their cultural heritage? Also, these songs and dances are the source of the wisdom passed on from generation to generation. E.g. Gitiiro, a dance song in the form of an opera, has proverbs infused in it. It also presents the misery of people wittingly and demands freedom. The technique of taking recourse to such a medium of praise, complaint, angst, action, etc. brings the play close to people only because the tradition it follows is close to people. Hence, it produces the desired effect.

On one hand, orality is vividly used to raise the patriotic sentiments and encourage nationalism; on the other hand, it wages a war against the colonial enterprise and imperialism. This is heightened by the frequent examples of dances and songs. The unity of the nation and the community feelings are expressed through a procession of women singers:

Pray in truth
Beseech Him to truth
For he is the same Ngai (God) within us…
Great love I found there
Among women and children
A bean fell to the ground
And it was shared among them
Pray in truth
Beseech Him to truth
For he is the same Ngai (God) within us…

(Ngugi, *I Will Marry* 27)

However, the danger of imperialism is not forgotten:

Let's now go back to cultivate our fields
While seeking ways of getting back
Lands stolen from us by the whites
Yes we join our two hands
To see if we can defeat the enemy
Of this, our land
Our beautiful land of Mt.Kenya.

(Ngugi, *I Will* 66)

Again to uphold unity, a reference to the legendary Gikuyu is made, who says:

Two hands can carry a beehive
One man's ability is not enough
One finger can't kill a louse,
Many hands make work light.

(Ngugi, *I Will*)

It is further analyzed why Gikuyu said all those things. The interpretation anticipates a day (which is sure to come) when a bean fallen to the ground will be split equally among all, i.e. the day of unconditional unity among the people of Kenya. Finally, through a song, the trumpet of "have-nots" is blown, the trumpet,

Of the workers has been blown
To wake all the slaves
To wake all the peasants
To wake all the poor
To wake the masses…
The trumpet -
Of the poor has been blown.

(Ngugi, *I Will* 115)

The songs are also used to forge a contrast between the western culture and the African culture. With the help of songs, prayers, hymns, etc. the latter shows more of a community feeling, whereas the former is more individualistic and oriented towards acquisition. This contrast is sharpened in a scene where an African marriage ceremony is depicted. The marriage in African society is an event associated with the clans of the bride and groom, with the entire community, unlike the West. The ceremony is a celebration of harmony with all: nature, land, fellow human beings, etc. So is seen in the case of prayers and hymns.

Social problems, too, are raised in the form of narration that appeals to the people. Sometimes it is done in direct didactic tone, and at other times it is so subtle in the form of sarcasm, ridicule, taboo, etc. that it has to be disguised as riddles, proverbs, and many such devices. E.g., Wangeci scolds her husband Kiguunda in a sarcastic tone while raising the social problem of drinking. She asks Kiguunda, "So Chibuku has married you?" (Ngugi, *I will* 108) In an answer to this, the protagonist starts singing, which is his last act of resistance:

I shall marry when I want
While all padres are still alive
And I shall get married when I want
While all nuns are still alive.

(Ngugi, *I Will* 108)

Another acclaimed play by Ngugi, written in collaboration with Mugo, *The Trial of Dedan Kimathi* (1976) follows the norms of oral tradition, which is evident from the preliminary note itself (it is a note before the play begins and gives certain directions for the interpretation of the play), where all the three movements (substitutes for "scenes", a concept coming from Western proscenium theatre and hence consciously resisted by Ngugi) are to be seen as one. It is also asserted that the various scenes (street, cell, courtroom, etc.) should flow into one, the action on the whole should also not conform to the process of dividing and conforming it into formal and finite time Another technique that the authors adopt directly from oral culture is to assign different roles to the same character, therefore the one who plays judge in one scene may act convict in the other. This was done primarily to present the "duality and interrelationship of people and events". (Ngugi, *The Trial* 2)

The legend of Kimathi, a charismatic warrior and a patriotic hero, was known all over the country. However the writers went to people, even Kimathi's companions who accompanied him in his rebellious struggle, to gather information about him. Thus, the making of the character of Kimathi, directly or indirectly, relies on memory. For Ngugi, the historical revival of heroes and heroines of Kenyan masses should not be neglected by the writers and a continuous attempt should be made to restore this past glory. It is the duty of the Kenyan writers to tell, through their writings, the grandeur of the heroic resistance of the masses led by the heroes like Kimathi. In order to bring these "historical markers" to light, what

else could be more authentic and powerful than the language of the masses, the culture of the masses, the accumulated wisdom of the masses that is passed on from generation to generation, the aspirations, expectations and celebrations of the masses, and the collective struggle of the masses against oppression. And where does one expect to find all these expressions? Where could one find the richness and vividness of all these variations? What else could be the answer other than the rich heritage of oral culture? These are attained through the elements of oral tradition, like myths, legends, mimes, songs, drums, etc. in the present play. These elements, along with restoring the cultural heritage of Kenya, present a powerful medium to counter imperialism and encourage nationalist and patriotic feelings in people.

The Trial of Dedan Kimathi is written and structured is such a way that its progression is not possible without cooperative effort. Even a small scene relies heavily on this interdependence. Even the actions of the central character Kimathi can not be performed without the cooperation of the most minor of the characters. As MicereGithae Mugo herself says:

> Some of the scenes, the movements, would make absolutely no meaning without the presence of people who actually say nothing but occupy the stage, sometimes as mimers, other times as singers and dancers and other times as mere members of the crowds. You know, the sheer people volume of the cast really creates a spirit of collective involvement and participation. (Wilkinson 112)

Therefore, this play adopts the norms of oral culture not only in its text but also in the manner of its making. This "collectiveness" recalls the oral culture where every person involved in the play, both the performers and the audience, is a participant: there is no limitation on the person watching a play to encourage the performers or even to stand up and start dancing with them. Such an element makes any performance 'a real drama', a drama closer to life. Such a performance can go as far as presenting a mock fight where everyone participates. In this way everyone become a participant. Hence, historical and cultural experiences become communal. This is how drama becomes "a vehicle of communication and 'conscientization' in social development, whether through body language or mime brought from an orature set-up. And when we speak of orature we do not speak of it in the past tense, for this is the art that people are still consuming in the rural areas, in the villages and in the working-class environment of the cities. Again, the definition of African orature theatre has always defied boundaries that would make it to be contained within a given house or room; it defies the idea of the bourgeoisie being the exclusive audience because they can come and buy expensive tickets that reserve them front seats. Orature theatre is very community-conscious: it depends on that to excel and to continue." (Wilkinson 116) These explanations from Mugo, theco-author of this play, declare what aspirations it holds and what it aims at. This is explained by the frequent use of orality in it. This communal act is presented explicitly in the play, which qualifies Kimathi to be endowed with such attributes as of considering community above the individual, whenKimenia, one of the Mau Mau generals, referring to Kimathi says, "His motto has always been talk, talk till agreement is reached." (Ngugi, *The Trial* 71) Thus a legend carved out of the oral legacy is chiselled into an epitome of the custodian of the same legacy. Even the myths and legends associated with Kimathi uphold this virtue. In the words of a woman character in the play, "Kimathi was never alone… will never be alone. No bullet can kill him for as long as women continue to bear children." (Ngugi, *The Trial* 21) Kimathi is believed not only to have "oneness" with his fellows, but also with other living creatures, like birds, animals etc. "He could also act and mimic any character in the world: a storyteller too, and many were the nights he could calm his men, make their hearts light and gay with humorous anecdotes. But above all, he loved people, and he loved his country." (Ngugi, *The Trial* 62)

Similar to *I will Marry when I Want,* orality in *The Trial* is incorporated through the constant use of proverbs, mimes, music (including drums), songs and dance. The proverbs depict the ancient wisdom and passion of the community, e.g. when Kimathi says, "My heart is full like the GuraRiver in flood" (Ngugi, *The Trial* 45), the witness of long stood struggle acquires the form of the river. The site of civilization also becomes the carrier of struggle. Similarly, songs and dance carry forward the cultural heritage of the struggling people. One important thing to note is that the songs written here are in original Gikuyu language and not in translation, e.g. 'Kupigwa na kufungwa jela' (Ngugi, *The Trial* 6), which is followed

by few voices shouting: Uhuruuuuuuuu-uu! Here both struggle and freedom are voiced in the native language so as to impart authenticity and credibility to the people involved. This is given support by the use of drums that respond to the machine gunfire. The mingling of these two voices is typical of the oral tradition. In the words of Hans Zell, "One must listen to the tune of the drums. If a singer is out of tune with the drums, he is a poor singer. He is a sweet singer when everybody joins in. The sweet songs last longer, too. They have more meaning and more emotions." (Zell 431)

Another important element that is drawn from oral tradition into this play and plays a relevant role in narrating the African history is mime. Through mimes, along with the dance and songs of revolution, both the cultural heritage of Africa as well as its history is painted elaborately. E.g. in the "Second Movement" of the play, when Kimathi is whipped in the prison, the semi-dark ambience is merged with the noise of the clamour and the miming of the black history. There is a similarity between the actions of the torture and the miming of history. By incorporating such scenes with oral elements, which provide structural strength of orality to the play, and enhancing it with the use of other oral techniques, like the use of drums etc., along with the songs and dance, the writers narrate the entire nation itself. It is the narration of the very identity of the Kenyan people. Even the conclusion of the play is marked by people's song and dance, which again is in Gikuyu. This is an open conclusion as far as language and cultural legacy is concerned. There is no finality to this conclusion since there is no finality in the tradition that it is based on: like the oral tradition, the play sustains the continuity of the struggle until the real freedom is attained. The trial of the white masters' court may claim to have attained the conclusion, but Kimathi's court is still open to all the voices, it is open till the agreement is reached among all the people of the community.

The Trial prominently brings out the anti-imperialist sentiments of the people of Kenya right from the beginning of the play. In the preface itself it is said, "America's immense wealth was gained through the impoverishment and misery of millions."(Ngugi, *The Trial,* i) This impoverishment is the cause of people's misery and, hence, is also responsible for their struggle. E.g. the inspiration for the Mau Mau struggle comes from the Vietnamese peoples' struggle against America. This is evident in teachings of the woman character in the play who asserts that in our land, where the whole share belongs to us, the leftovers are thrown to us. She reminds the boy of Kimathi's teachings: "unite, drive out the enemy and control your own riches and enjoy the fruit of your sweat". (Ngugi, *The Trial* 18) This is further asserted by Kimathi when he says,

> I recognize only one law, one court:
> The court and law of those who
> Fight against exploitation,
> The toilers armed to say
> We demand our freedom…
> Fight
> Struggle
> Change. (Ngugi, *The Trial* 27)

Kimathi further warns against the entire imperialist endeavour:

> Creating a new colony
> Where we shall be mere pawns.
> We must denounce them!
> We must fight them out and root out the
> Trend
> In our midst. (Ngugi, *The Trial* 70)

The oppressive colonial project is laid bare in terms of the religious impositions attempted by the whites. For Kimathi, there is no difference between padre and settler. Addressing an African priest, he asks, "when will you throw off your ill-fitting gown and create something you can truly call your own?" (Ngugi, *The Trial* 49) This is the reason that once baptized as Dedan, he now calls himself as "Kimathi waWachiuri… of Iregi generation". When asked by the priest to speak to Jesus, he says that he has spoken to the God of his ancestors in his dreams and "on the mountain and not once did he counsel me to barter for my soul" (Ngugi, *The Trial* 49). There are various occasions in the play where Kimathi has dreams and visions, which are the combination of the past and present respectively. This element of visitations and dreams is deeply rooted in the oral culture where these are the powerful link between the present generation and the ancestors. It is an old African belief that as long as ancestors are remembered and are seen in dreams they are kept alive. Hence for Kimathi, the future has to draw

its essential living force from the past legacy. And for this dreams become the connecting link.

सत्त पर्यटन की अवधारणा के दृष्टिगत समुदाय आधारित पर्यटन विकास नियोजन एवं संवर्धन हेतु मेजबान-समुदाय की भागीदारी आवश्यक है (हॉल, 1996)। समुदाय-आधारित पर्यटन विकास में उद्यमिता, आर्थिक सुदृढ़ीकरण, जीवन प्रबन्धन गुणांक के साथ ही सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं सतत् पर्यावरण संवर्धन आवश्यक है (बीटन, 2006; रत्नापिपट एवं अन्य, 2021)। समुदाय आधारित पर्यटन स्थानीय निवासियों की भागीदारी एवं स्थानीय उद्यमियों के रूप में पर्यटकों के प्रति सद्भावना को केन्द्र में रखता है (कोल, 1997; लॉज, 1995; टेलर एवं डेविस, 1997)। ब्लैंक (1989) के अनुसार पर्यटन उद्योग में समुदायों की भूमिका एवं स्थानीय नियंत्रण सकारात्मक दृष्टिकोण का द्योतक है। समुदाय-आधारित पर्यटन वैकल्पिक पर्यटन का एक रूप है जिसका विकास और प्रबंधन स्थानीय समुदाय द्वारा किया जाता है (एर्नावती एवं अन्य, 2019)।

शोध अध्ययन के उद्देश्य और लक्ष्य

शोध का उद्देश्य समुदाय-आधारित पर्यटन विकास में उद्यमशीलता को चिन्हित कर उत्तराखण्ड राज्य में समुदाय आधारित पर्यटन के माध्यम से पर्यटन उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

चिन्हित शोध क्षेत्र में शोध कार्य के वृहद आयामों और समुदाय-आधारित पर्यटक स्थलों की महत्ता को केन्द्र में रखते हुए वर्तमान अध्ययन के लिए निम्नलिखित उद्देश्य और लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं:

- अध्ययन क्षेत्र में उपलब्ध समुदाय-आधारित पर्यटन की संभावनाओं का परीक्षण और आंकलन करना।
- स्थानीय समुदायों और संबंधित हितधारकों के लिए समुदाय-आधारित पर्यटन से उपलब्ध लाभों का परीक्षण और आंकलन करना।
- स्थानीय अर्थव्यवस्था और समुदाय हितैषी समुदाय-आधारित पर्यटन के आर्थिक प्रभाव और हितों की समीक्षा और आंकलन करना।
- अध्ययन क्षेत्र में उद्यमशीलता के अवसरों की पहचान करने में समुदाय-आधारित पर्यटन की भूमिका को ज्ञात करना।

अध्ययन परिक्षेत्र

समुदाय-आधारित पर्यटन के माध्यम से उद्यमिता विकास

एवं सशक्तीकरण के प्रभाव आंकलन एवं सम्भावनाओं हेतु निम्न 16 पर्यटक गंतव्यों को चिन्हित किया गया है:

धनोल्टी, काणाताल, मुक्तेश्वर, पंगोट, कोसानी, बिनसर, धारचूला, चोपता, चिरबिटिया, भीमताल, कसार, मुनस्यारी, हर्षिल, चकराता, चौकोड़ी और खिर्सू।

• प्रस्तुत शोध अध्ययन परिक्षेत्र में प्रभाव आंकलन और संभावनाओं के दृष्टिगत समुदाय-आधारित पर्यटन में सामुदायिक सहभागिता, सतत् पर्यावरणीय स्थिरता, सशक्तीकरण एवं टिकाऊ विकास, उद्यमिता विकास और आर्थिक लाभ पर मूल रूप से फोकस किया गया है (चित्र-2)।

शोध प्रविधि

उत्तराखण्ड राज्य में समुदाय-आधारित पर्यटन के माध्यम से उद्यमिता विकास एवं सशक्तीकरण के प्रभाव आंकलन एवं सम्भावनाओं के अध्ययन केन्द्र में विभिन्न स्वरूपों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है जिसके माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में सेवा-प्रदाताओं की भूमिका को चिन्हित किया जा सके।

शोध रूप-रेखा में गुणात्मक एवं मात्रात्मक आंकड़ों को सम्मिलित कर प्रमुख 16 पर्यटन स्थलों पर समुदाय-आधारित पर्यटन के 80 हितधारियों (प्रत्येक पर्यटक स्थल से 5) को सम्मिलित किया गया है जिसमें प्रमुख रूप से होम स्टे एवं इको लॉज संचालक, स्थानीय समुदाय, संस्थायें एवं पर्यटन संचालन में भागीदारी रखने वाले हितधारक सम्मिलित हैं। शोध पत्र वैचारिक प्रकृति की अवधारणा को समाहित करते हुए समुदाय-आधारित द्वितीयक स्रोतों का उपयोग करके प्रस्तुत किया गया है। आर्थिक प्रभाव के दृष्टिगत आंकड़ों का संकलन प्राथमिक स्रोतों के माध्यम से किया गया है। प्रश्नावली का उपयोग करके डेटा संग्रहण किया गया।

परिणाम एवं परिचर्चा

उत्तराखंड में सामुदायिक-पर्यटन के आर्थिक योगदान के अध्ययन में स्थानीय अर्थव्यवस्था की जीवंतता और रोजगार सृजन के साथ ही बेरोजगारी उन्मूलन की प्रभावशीलता दृष्टिगोचर है। समुदाय-आधारित पर्यटन में स्थानीय लोग पर्यटकों की मेजबानी कर आजीविका एवं आर्थिकी तंत्र को मजबूत करते हैं। गुणक प्रभाव से पर्यटन आगम समुदाय को विभिन्न स्वरूपों में लाभान्वित करता है। इस तरह के पर्यटन का संकुचित दृष्टिकोण से व्यक्तिगत हितों की प्राप्ति न होकर व्यापक स्तर पर सामुदायिक हित दृष्टिगोचर होते हैं। यह दृष्टिकोण स्थानीय सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक जीवन शैली और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देकर टिकाऊ पर्यटन का समर्थन करता है, साथ ही स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाता है। उत्तराखण्ड ने महिला उद्यमियों को होमस्टे और शिल्प व्यवसायों के प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान करके सशक्तीकरण की दिशा में पहल की है। रुद्रप्रयाग में सारी गाँव एवं कुमाऊं में बिनसर क्षेत्र के कई गाँवों में महिला उद्यमिता को सामुदायिक पर्यटन से जोड़ा गया है, जिससे सांस्कृतिक गौरव और पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा देते हुए आय उत्पन्न होती है।

शोध अध्ययन में उन हितधारकों की भूमिका को चिन्हित किया गया जो समुदाय-आधारित पर्यटन गतिविधियों में प्रत्यक्ष तौर पर शामिल हैं। प्रमुख रूप से इसमें व्यवसाय संचालक, होमस्टे ऑपरेटर्स, गाइड्स, महिला उद्यमी एवं स्थानीय व्यंजन एवं पाक कला सेवा-प्रदाता शामिल हैं। परोक्ष रूप से एन0जी0ओ0 भी सामुदायिक पर्यटन में अपनी भूमिका निभा रही हैं। शोध सर्वेक्षण दर्शाता है कि 35 प्रतिशत पर्यटकों ने भविष्य में समुदाय-आधारित होमस्टे में रहने की इच्छा व्यक्त की।

समुदाय-आधारित पर्यटन : प्रभाव आंकलन अध्ययन

सामाजिक-आर्थिक प्रभाव के रूप में होमस्टे पर्यटन ग्रामीण क्षेत्रों में आय सृजन और रोजगार के अवसरों में योगदान देता है। साथ ही ग्रामीण आजीविका में स्थानीय परिवारों की वित्तीय स्थिति को बेहतर बनाने में मदद होती है। होमस्टे जैसे स्वरूप तो सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और स्थायी पर्यटन प्रथाओं को बढ़ावा देने में भूमिका निभा रहे हैं। शोध क्षेत्र में सामुदायिक-पर्यटन के अन्तर्गत चिन्हित पर्यटक गन्तव्यों पर होम-स्टे पर्यटन इकाइयों का प्रभाव आंकलन, विशेषतायें, सुविधायें एवं पर्यटक आकर्षणों से सम्बन्धित निम्न तालिका-3 में प्रदर्शित किये गये हैं।

तालिका 3: सामुदायिक पर्यटन के अन्तर्गत चिन्हित पर्यटक गन्तव्यों पर होम-स्टे पर्यटन इकाइयों का प्रभाव आंकलन, विशेषतायें, सुविधायें एवं पर्यटक आकर्षण

क्र0 सं0	जिलेवार होमस्टे इकाई परिक्षेत्र		स्थिति एवं ऊंचाई	मुख्य सुविधायें एवं पर्यटन अनुभव	खान–पान एवं व्यंजन	विशेष पर्यटक आकर्षण
	जिला	इकाई का नाम				
1.	**अल्मोड़ा**	कसार	ग्रामीण (2116 मी0)	कुमाऊँ हिमालय दर्शन, ध्यान, योग, हिमाच्छादित पर्वत श्रृंखला, कसार मंदिर, बर्ड वाचिंग, नेचर वाक, बाल्टा वाटरफॉल, इकोपार्क, विलेज वाक। स्वामी विवेकानन्द ध्यान केन्द्र।	कुमाऊँनी भट्ट की दाल, आलू के गुटके, भांग की चटनी, बाल मिठाई, चोकरी और भट्ट की चुरकानी, डोल्मा हाउस तिब्बती व्यंजन	सूर्योदय, सूर्यास्त, क्रैक रिज, सांस्कृतिक विरासत, अद्वितीय हस्तशिल्प और स्वादिष्ट व्यंजन। अद्वितीय भू–चुंबकीय क्षेत्र। आध्यात्मिक अनुभव और ध्यान।
		बिनसर	ग्रामीण (2420 मी0)	हिमालयी चोटियों– चौखम्बा, त्रिशूल, नंदा देवी, शिवलिंग और पंचाचूली। पहाड़ी जीवन शैली, वन्यजीव अभयारण्य, बांज बुरांश के पेड़। जीरो पॉइंट	भांग की खटाई, आलू के गुटके, कप्पा (हरी सब्जी), सिसुनक साग, सिंगोरी, सना हुआ नींबू।	चंद राजवंश की ग्रीष्मकालीन राजधानी, सुंदर सूर्यास्त और सूर्योदय के दृश्य।
2.	**बागेश्वर**	कौसानी	ग्रामीण (1890 मी0)	मंदिरों का शहर, समृद्ध प्राकृतिक दृश्य, हरे–भरे घास के मैदान, काफनी ग्लेशियर ट्रेक बेस प्वाइन्ट, नंदा देवी और त्रिशूली चोटियों का मनोरम दृश्य, चाय बागान। रुद्रधारी झरना। अनासक्ति आश्रम। ऑबसर्वेट्री।	भट्ट की चुरकानी, गहत सूप, आलू गुटके, डुबके।	भारत के स्विट्जरलैंड के रूप में प्रख्यात गंतव्य। सुप्रसिद्ध प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रा नंदन पंत का जन्म स्थान। सुमित्रा नंदन पंत साहित्यिक वीथिका' संग्रहालय।
3.	**नैनीताल**	पंगोट	ग्रामीण (1980 मी0)	पक्षी प्रेमियों का स्वर्ग, बांज और देवदार के जंगल। हिमाच्छादित पर्वत। बर्ड वाचिंग, कैम्पिंग, हाइकिंग, लेक व्यू, एडवेंचर, जिप लाइनिंग, ट्रैकिंग, बर्मा ब्रिज गतिविधि, नेचर वॉक, ट्रेल वाक।	कुमाऊँनी व्यंजन, आलू के गुटके, भट्ट की चुरकानी (*काली सोयाबीन दाल*), कापली का साग, थेच्वाणी, सिंगल (डोनट), घुघुते कुमाऊँनी रेसिपी, बाड़ी, भांग की चटनी।	नैनीताल, किलबरी पक्षी अभयारण्य, घीना पीक
		मुक्तेश्वर	ग्रामीण (2171 मी0)	चौली की जाली, देवदार जंगल, बर्ड वाचिंग, योग, ध्यान, शांति और समाधि केन्द्र। भालू गाड़ वाटरफॉल। ढोकनी झरना। 'दि टेंपल टाइगर' के नाम से विख्यात।	कुमाऊंनी पारंपरिक व्यंजन। झोई, भट्ट की दाल या चुड़कानी), कुल्थ का सूप, राजमा की सब्जी, आलू के गुटके पारंपरिक पहाड़ी मसालों के साथ।	नेचर वाक, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, पैराग्लाइडिंग, जिप–लाइन, सतोली गॉव के दर्शन। सेब, आड़ू, पुलम, खुमानी के बगीचे। चाय बागान, शीतलाखेत पर्यटन स्थल। आउटडोर एक्टिविटीज सेन्टर, माउण्टेन बाइक ट्रैक। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आई0वी0आर0आई0)
		भीमताल	ग्रामीण (1370 मी0)	बांज और चीड़ के घने जंगल, तितलियों का संसार, लेक सिटी, भीमताल द्वीप एक्वेरियम, पैराग्लाइडिंग, सॉफ्ट ट्रेक्स का अनुभव, प्रवासी पक्षी संसार, बर्ड वाचिंग हब। भीमेश्वर महादेव मंदिर, हनुमान गढ़ी, विक्टोरिया डैम, और, खूबसूरत पदमापुरी एवं मेहरागांव की सुरम्य वादियां, पैराग्लाइडिंग, कैम्पिंग, लोक संस्कृति संग्रहालय, बटरफ्लाई शोध संस्थान, हिडिम्बा पर्वत, नल दमयंती ताल।	स्थानीय कुमाऊँनी व्यंजन, आलू के गुटके, भट्ट की चुरकानी, गहत (कुलथी) सूप, भांग की चटनी, बाल मिठाई, कुमाऊँनी पारंपरिक थाली, जैविक उत्पाद, हस्तशिल्प आइटम्स, पारंपरिक व्यंजन, एक्वेरियम आइलैण्ड कैफे।	मान्यतानुसार भीमताल भारत से नेपाल और तिब्बत जाते समय रास्ते में पड़ाव स्थल और संभवतः प्राचीन सिल्क रूट का हिस्सा। चित्रकारी और हस्तनिर्मित गोमबत्तियाँ, शिल्प, कालीन हेतु प्रसिद्ध।
4.	**पौड़ी**	खिर्सू	ग्रामीण (1700 मी0)	प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर, गौरी देवी मंदिर और राजेश्वरी मंदिर पंचाचूली, नंदा देवी, नंदा कोट और त्रिशूली की हिमाच्छादित चोटियाँ। चीड़ और बुरांश के घने जंगल	स्थानीय होमस्टे में गढ़वाली व्यंजन, सिसुनक कंडाली का साग, गहत दाल, पिरयूं लीण, चैन्सू, कापली, झंगोरे की खीर, छंछेड़ा, रोब, ककड़ी, काफल और ताजी लोकल सब्जियां, बुरांश, माल्टा, नीबूं जूस, पहाड़ी घी।	ऑफबीट और शांत हिल–स्टेशन, टेरेस फार्म, कैम्पिंग और खिर्सू–पौड़ी माउण्टेन बाइक ट्रैक, ट्रैकिंग, बर्डवॉचिंग और फोटोग्राफी। अल्टरनेटिव स्टे हेतु उपयुक्त पर्यटक स्थल।
5.	**पिथौरागढ़**	धारचूला	ग्रामीण (940 मी0)	समृद्ध संस्कृति, जीवंत परंपराएँ, हरा–भरा जंगल, कुमाऊँ क्षेत्र को नेपाल से जोड़ने वाला प्राचीन व्यापारिक मार्ग। कांगडाली और जौलजीबी उत्सव, दारमा घाटी, छोटा कैलाश ट्रैकिंग रूट, नारायण आश्रम, ओम पर्वत, थिरकिला बांध, काली नदी का विहंगम दृश्य।	भांग की चटनी, आलू गुटके, मंडुआ रोटी, झंगोरा की खीर, कापली, चैन्सू, कापा, फाणू, बाल मिठाई, भट्ट की चुरकानी, आलू गट्टे, ज्वार की रोटी।	रीति–रिवाज, परंपरा, लोक भाषा, कला और मान्यताओं का केन्द्र। पंचाचूली शिखर, कैलाश मानसरोवर का प्रवेश द्वार, बर्ड वाचिंग हेतु उपयुक्त पर्यटक आकर्षण।
		मुनस्यारी	ग्रामीण (2200 मी0)	बुग्याल, अदकोट गांव, बलान्ती आलू फार्म, माहेश्वरी कुंड, थामरी कुंड, बेदुलीधार, दारकोट गांव, मदकोट गर्म कुण्ड, खलिया टॉप, नन्दादेवी मंदिर।	स्थानीय साग का व्यंजन, भांग की चटनी, डुबका, मंडुआ की रोटी, थथ्वाणी, पहाड़ी खीरे का रायता, चैस, भट्ट का जौला, डुबके।	गिलम,नामिक, रालाम ग्लेशियर का मुख्य आधार, बिर्थी जल–प्रपात, जन–जातीय विरासत संग्रहालय, जोहार घाटी का गेट–वे, उत्कृष्ट ट्रैकिंग डेस्टिनेशन।
		चौकोड़ी	हिल स्टेशन (2010 मी0)	नंदा देवी, नंदा कोट और पंचाचूली हिमालय का विहंगम दृश्य। चाय बागान, फलों के बगीचे और घने चीड़, बांज, बुरांश के जंगल। बर्ड वाचिंग, नेचर वाक, साइक्लिंग, हाईकिंग, योगा एवं ध्यान केन्द्र।	सिंगौड़ी, बाल मिठाई, राई का साग, गहत की दाल, कुमाऊंनी थाली, मंडुआ की रोटी, भट्ट की चुरकानी, आलू के गुटके, पहाड़ी स्वादिष्ट रायता।	पाताल भुवनेश्वर गुफा। सूर्योदय एवं सूर्यास्त दर्शन हेतु विहंगम पर्यटक स्थल। बेरीनाग मंदिर, कस्तूरी मृग फार्म।

6.	टिहरी गढ़वाल	धनोल्टी	ग्रामीण (2286 मी0)	बुराश, चीड देवदार के घने जगल, हिमालय व्यू, इको–पार्क, आलू फार्म, रॉक क्लाइम्बिंग, ट्रैकिंग, रैपलिंग, जबरखेत नेचर रिजर्व, माउण्टेन बाइकिंग, साइक्लिंग।	गढ़वाली थाली, कापली, कोदे की रोटी, बुराश जूस, काफल, आलू गुटके, दाल के पकोड़े, भाग की खटाई, गढ़वाली पुलाव, राजमा, बेसन का पीला, अचार, आयुर्वेदिक जड़ी–बूटियां	सुरकण्डा मंदिर, रोप–वे, हिमालय दर्शन, ठाणधार पर्यटक स्थल, देवगढ़ किला।
		काणाताल	ग्रामीण (2590 मी0)	खूबसूरत पहाड़ियों, सेब के बगीचे, फल पट्टी, फोरेस्ट ट्रैक, कौड़िया वन सफारी, ग्रामीण जीवन, कैम्पिंग, प्राकृतिक पगडंडियों, नेचर वाक, बागवानी अनुसंधान एवं विस्तार केंद्र	गढ़वाली थाली, शहद–अदरक–नीबू चाय, बुराश, नीबू का रस, मडुआ की रोटी, पहाड़ी घी, कापली, थिच्वानी, राई की सब्जी, काफल	बर्ड–वाचिंग, सुरकण्डा मंदिर।
7.	रूद्रप्रयाग	चोपता	ग्रामीण (2608 मी0)	तुगनाथ मंदिर ट्रैक, बर्ड–वाचिंग, कैम्पिंग, बुग्याल, हिमाच्छादित चोटियाँ, दुगलबिट्टा, मंडल गाँव, मक्कूमठ और तुगनाथ, सारी गाँव ट्रैक रूट	कापली, चैन्सू, भट्ट की दाल, फाणू, आलू गुटके, लिंगडे की सब्जी, झंगोरे की खीर	भारत का मिनी स्विट्जरलैंड, चन्द्रशिला पीक।
		चिरबिटिया	ग्रामीण (2170 मी0)	रै का पड़ाव, चौण्ड, खल्वा ट्रैक राजबगा, पटांगणिया, हिमाच्छादित पर्वत श्रंखला, मृगथुनी, त्रिशूली, नंदा देवी, चग–बग, द्रोणगिरि, नीलकंठ, चौखम्बा, केदारनाथ देवदार, बांज बुरांश के पेड़, हरीतिमा लिए बुग्याल, बर्ड वॉचिंग, हिमालयन मोनाल अवलोकन, फल बागीचा, शीतोष्ण फलदार पौधों की नर्सरी, औषधीय एवं सुगंध पादप केन्द्र, कृषि फार्म भ्रमण। विविध पारिस्थितिकी तंत्र।	गहत का पराठा, कापली, लिंगुडे की सब्जी, भट्ट का साग, थिच्वानी, छछेडू, पल्यो, भांग की चटनी, बुराश, माल्टा, गुलाब का जूस, निम्बू खटाई, जख्या तड़का, मडुआ के बिस्किट, हिमालयन तौर, पहाड़ी राजमा, आलू का झोल, तौंसू, च्यूड़ा, बेसन का पीला ।	पर्वतीय कृषि महाविद्यालय, खूबसूरत माउण्टेन बाइक ट्रेल, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आउटडोर गतिविधियाँ, चिरबिटिया मैराथन, कैम्पिंग, ट्रैकिंग, विलेज वॉक, पांडवखाल ट्रैक।
8.	उत्तरकाशी	हर्षिल	ग्रामीण (2745 मी0)	विल्सन कॉटेज, सेब के बगीचे, नेलोंग घाटी। मुखबा गाव, धराली, बगोरी गाव, हिमाच्छादित पर्वत श्रंखलायें, देवदार के जगल, विल्सन सेब, सातताल, भागीरथी नदी का का शांत प्रवाह परिदृश्य, झरने, शीतल जलधारायें, साहसिक गतिविधिया, कैम्पिंग।	हर्षिल राजमा, चैन्सू, कापली, गहत की दाल, आलू के गुटके, झंगोरा की खीर, भांग की चटनी, मंडुआ की रोटी, भट्ट की दाल, अचार, सैब की चटनी।	शांत वादियां, फिल्म राम तेरी गंगा मैली फिल्म का यादगार शूटिंग स्पॉट, सेब महोत्सव, जीवंत गाँव जादुग, जनक ताल,
9.	देहरादून	चकराता	ग्रामीण (2118 मी0)	हिमालय दर्शन, पहाड़ी शैली एवं वास्तुकला से समृद्ध, टाइगर फॉल्स, मनोरम चिलमिरी नेक, शांत देवबन वन, प्राचीन बुढ़ेर गुफाएँ और मनमोहक राम ताल बागवानी उद्यान। खूबसूरत चकराता बाजार, इको पार्क, विविध वन्यजीव संसार, जौनसार–बावर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, कालसी स्थित अशोक के शिलालेख।	कण्डाली का साग, दाल, मोठ, और पहाड़ी उत्पादों की दुकानें। चिल्लड़े, मशरूम, राजमा और अन्य दालें।	स्कीइंग, पर्वतारोहण और ट्रैकिंग, ब्रिटिश काल का ग्रीष्मकालीन आश्रय, नेचर कैम्प्स, बर्ड एवं बटरफ्लाई वाचिंग, कोटि–कनासर पर्यटक स्थल।

स्रोत– पर्यटन विभाग, उत्तराखण्ड, अन्य द्वितीयक वेबसाइट स्रोतों एवं प्राथमिक आधार पर संकलित आंकड़े।

उद्यमिता विकास एवं सशक्तीकरण हेतु समुदाय-आधारित पर्यटन गतिविधियों में स्थानीय समुदाय की भागीदारी काफी ज्यादा है। होम-स्टे आवासों के अध्ययन में पाया गया कि औसतन 4-5 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है। नेचर, हेरिटेज गाइड एवं बर्ड-वाचिंग एक्सपर्ट, नेचर इंटरप्रेटर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त स्थानीय युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। कौड़िया फॉरेस्ट रेंज, कौसानी, मुक्तेश्वर, चिरबिटिया, कसार चकराता जैसे प्रकृति-पर्यटन गंतव्यों में महिला सशक्तीकरण से रोजगार क्षमता में वृद्धि हो रही है। पर्यटन उद्यमिता हेतु महिलायें प्रशिक्षित होकर जैम, जैली, अचार, स्क्वैश, पापड़, पहाड़ी नमक, हस्तशिल्प एवं लोकल क्राफ्ट्स को बाजार उपलब्ध कराकर आर्थिक संबल हेतु नई मिसाल पेश कर रही हैं। समुदाय-आधारित पर्यटन में बर्ड-वाचिंग की संभावनायें विद्यमान हैं जिनमें चोपता, बिनसर, काणाताल, कोटी-कनासर, हर्षिल प्रमुख हैं।

समुदाय-आधारित पर्यटन के माध्यम से उद्यमिता विकास एवं सशक्तीकरण : सम्भावनायें

समुदाय-आधारित पर्यटन के अन्तर्गत सम्मिलित पर्यटन के विभिन्न स्वरूपों के सतत् अनुप्रयोग से उद्यमिता विकास एवं सशक्तीकरण में कई सम्भावनाओं का समावेश किया जा सकता है।

1. गृह आवास या होमस्टे कार्यक्रम

- **रूरज होमस्टे या ग्रामीण गृह प्रवास :** स्थानीय परिवार आगंतुकों के लिए अपने घरों में आवास एवं भोजन व्यवस्था

के साथ ही सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करते हैं। इससे पर्यटकों को प्रामाणिक ग्रामीण जीवन और पारंपरिक आतिथ्य का अनुभव मिलता है।

- **विरासत संरक्षण :** पारंपरिक पहाड़ी घरों के जीर्णोद्धार के साथ ही स्थापत्य विरासत को संरक्षित करते हुए उन्हें आरामदायक आवासों में परिवर्तित किया जाता है।

2. सांस्कृतिक एवं विरासत पर्यटन

- **सांस्कृतिक धरोहर प्रदर्शन :** स्थानीय समुदाय पारंपरिक लोकनृत्य, संगीत और पांडव नृत्य, छोलिया और जागरों सहित नाट्य प्रदर्शन प्रस्तुत करते हैं। इसमें त्यौहार एवं अनुष्ठान जागर भी शामिल हैं।
- **शिल्प कला प्रदर्शन :** आगंतुक रिंगाल (बांस) शिल्प, ऊन बुनाई और तांबे के काम जैसी पारंपरिक शिल्प निर्माण प्रक्रियाओं का अवलोकन कर उनमें भाग ले सकते हैं।

3. प्रकृति-प्रदत्त पर्यटन आधारित अनुभव

- **गाँव की सैर और ट्रेक:** स्थानीय गाइड आगंतुकों को गाँव की पगडंडियों, जंगलों और पहाड़ी रास्तों से होते हुए वनस्पतियों, जीवों और स्थानीय इतिहास के बारे में स्वदेशी ज्ञान साझा करते हैं।
- **बर्ड-वाचिंग पर्यटन :** प्रकृति से जुड़ाव हेतु स्थानीय पक्षी-जीवन के ज्ञान वाले सामुदायिक गाइड जैव विविधता से समृद्ध क्षेत्रों में विशेष पर्यटन का नेतृत्व करते हैं।
- **नेचर फोटोग्राफी अभियान :** फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए दर्शनीय स्थलों और वन्य जीव आवासों के निर्देशित पर्यटन।

4. कृषि-हार्टि टूरिज़्म और खान-पान अनुभव

- **फार्म स्टे :** पर्यटक ग्रामीण जीवन, खेती-बाड़ी, धान रोपाई, कटाई और प्रसंस्करण जैसी कृषि गतिविधियों में भाग लेकर प्राकृतिक परिवेश का अनुभव लेते हैं। साथ ही उद्यान एवं प्रसंस्करण क्षेत्र में आय वृद्वि और रोजगार हेतु टी टूरिज़्म, स्पाइस टूरिज़्म हब विकसित करने की योजना से सामुदाय-आधारित पर्यटन में बढ़ावा।
- **पारंपरिक पाक-कला एवं हुनर प्रशिक्षण :** स्थानीय महिलाएं आगंतुकों को स्थानीय सामग्री और पारंपरिक पाक कला विधियों का उपयोग करके क्षेत्रीय व्यंजन बनाना सिखाती हैं।
- **जैविक खेती प्रदर्शन :** समुदाय जल संचयन और प्राकृतिक कीट प्रबंधन सहित स्थायी कृषि पद्धतियों का प्रदर्शन करते हैं।

5. साहसिक पर्यटन

- **समुदाय-प्रबंधित कैंपिंग स्थल :** स्थानीय समूह दर्शनीय स्थानों पर कैंपिंग सुविधाओं का प्रबंधन करते हैं, सेवाएँ और सुरक्षा प्रदान करते हैं।
- **स्थानीय गाइड सेवाएँ :** समुदाय के सदस्यों को रॉक क्लाइम्बिंग, रिवर राफ्टिंग और पैरा ग्लाइडिंग जैसी गतिविधियों के लिए गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया जाता है।
- **माउंटेन बाइकिंग ट्रेल्स :** स्थानीय गाइड और सहायता सेवाओं के साथ समुदाय द्वारा अनुरक्षित ट्रेल्स।

6. स्वास्थ्य या वेलनेस पर्यटन

- **पारंपरिक उपचार पद्धतियाँ :** समुदाय स्थानीय उपचार परंपराओं और हर्बल औषधि ज्ञान पर केंद्रित अनुभव प्रदान करते हैं।
- **योग और ध्यान रिट्रीट :** शांत प्राकृतिक वातावरण में गाँव-आधारित स्वास्थ्य कार्यक्रम।

7. शैक्षिक पर्यटन

- **पारंपरिक ज्ञान कार्यशालाएँ :** जल प्रबंधन, टिकाऊ वास्तुकला और वन संरक्षण जैसे पारंपरिक कौशल सिखाने वाले कार्यक्रम।
- **भाषा और सांस्कृतिक विसर्जन :** आगंतुक संरचित कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय बोलियों और सांस्कृतिक प्रथाओं को सीखते हैं।
- **शैक्षिक भ्रमण अनुसंधान सुविधा :** समुदाय स्थानीय ज्ञान परम्परा के माध्यम से शैक्षणिक और वैज्ञानिक अनुसंधान का समर्थन करते हैं।

सहभागिता बढ़ाने और समुदाय आधारित पर्यटन संभावनाओं के दृष्टिगत कुमाऊं मण्डल में होमस्टे सामुदायिक सहभागिता मॉडल हेतु निम्न सर्किट चिन्हित कर रोजगार सृजन के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा पहल की गई है:

पिथौरागढ़ -चौकोड़ी
चौकोड़ी-बागेश्वर-कौसानी-रैतोली
बागेश्वर-कपकोट-मुनस्यारी में बिर्थी
बिर्थी-सरमोली-मुनस्यारी
मुनस्यारी-दरकोट-मदकोट

वहीं, श्यामला ताल स्थित हिल टॉप होमस्टे सामुदायिक पर्यटन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

गढ़वाल क्षेत्र में सामुदायिक लाभ साझाकरण अवसरों की उपलब्धता

समृद्ध पर्यटन विरासत एवं संस्कृति को अंगीकृत ग्रामीण

क्षेत्र पर्यटन प्रसार एवं आजीविका हेतु प्रतिबद्ध हैं। गाँवों को एक आदर्श पर्यटन गाँव के रूप में विकसित करने के लिए ग्रामीण सहकारी समितियों और स्वयं सहायता समूहों जैसे मॉडल स्थापित करने के लिए तैयार है। उत्तराखंड में 3 क्लस्टरों के ग्रामीण क्षेत्र में पर्यटन के लिए एक अनुकरणीय और मापनीय मॉडल तैयार करना है। यह मॉडल स्थानीय समुदायों की देखरेख में काम करता है, और संवेदनशील यात्राओं को प्रामाणिक अनुभव प्रदान करने का प्रयास करता है जो स्थानीय एवं पर्यटक समुदायों लोगों के अनुकूल हो। पुरोला, हर्षिल मुखवा और भटवाड़ी ब्लॉक में सेब के बागों वाले होमस्टे को फल पर्यटन के एक गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए समुदाय आधारित पर्यटन। समुदायों की सक्रिय भागीदारी के साथ समुदाय आधारित पर्यटन, जिसमें युवा समूह, महिला समूह, कृषक, बुजुर्ग आदि शामिल होंगे। टिहरी को उत्तराखंड राज्य के एक ब्रांड पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित किया गया है, जिसमें स्थानीय समुदाय विकास भागीदार है। पौड़ी जिला पहले से ही बड़ी पलायन समस्या से जूझ रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान (एनआईआरडी) के पलायन सर्वेक्षण के अनुसार, पौड़ी और अल्मोड़ा उत्तराखंड राज्य के एकमात्र ऐसे जिले हैं जहाँ जनसंख्या वृद्धि नकारात्मक है। पौड़ी के खेरासैण में स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए समुदाय आधारित पर्यटन को बढ़ावा दिया गया, जिससे रोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे। विभिन्न संस्थाओं जैसे हिम्मोत्थान द्वारा स्थानीय समुदायों का पर्यटन में भूमिका विषय पर शोध को क्रियान्वित किया जा रहा है। जड़ीपानी (धनोल्टी), चोपता (उखीमठ क्षेत्र), चकराता, चिरबिटिया परिक्षेत्र में स्थानीय समुदाय आधारित पर्यटन महत्वपूर्ण है।

निष्कर्ष

समुदाय-आधारित पर्यटन आर्थिक सशक्तिकरण, आजीविका, जीवन गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के साथ ही सांस्कृतिक संरक्षण हेतु अनुकूल माहौल प्रदान करता है। उत्तराखण्ड जैसे हिमालयी राज्य में समुदाय-आधारित पर्यटन पर्यटक गंतव्यों के संरक्षण हेतु अति आवश्यक है। पलायन को रोकने एवं स्थानीय हितों के संरक्षण को सुनिश्चित करने हेतु उत्तराखण्ड में सामुदायिक सहभागिता से पर्यटक स्थलों को सतत् पर्यटन विकास के केन्द्र में रखना आवश्यक है जिससे कि स्थानीय हितधारकों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित किया जा सके।

शोध अध्ययन में प्रमुख निष्कर्षों से ज्ञात है कि समुदाय आधारित पर्यटन का पालन करने वाले पर्यटन उद्यमिता के विकास में एक दृष्टिकोण को 5 समूहों के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिसमें समुदाय-आधारित पर्यटन प्रबंधन, आर्थिक समाज और जीवन की गुणवत्ता प्रबंधन, सामुदायिक सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और संवर्धन, प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण का एक स्थायी प्रणाली प्रबंधन और समुदाय आधारित पर्यटन सेवाएं प्रमुख हैं।

समुदाय-आधारित पर्यटन को अक्सर स्थानीय संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले पर्यटन के रूप में देखा जाता है। शोध पत्र में समुदाय-आधारित पर्यटन को लागू करने की मूल अवधारणा को प्रस्तुत किया गया है, जिसमें मौजूद अवसर और प्रभाव आंकलन का अध्ययन कर निष्कर्ष निकाला गया है कि भविष्य में उत्तराखण्ड की पारिस्थितिकीय संवेदनशीलता एवं धारणीय क्षमता को देखते हुए वैकल्पिक पर्यटन के रूप में विशेष रूप से स्थानीय समुदायों के हितों की रक्षा करने वाले समुदाय-आधारित पर्यटन पर विचार किया जाना आवश्यक है।

संदर्भ सूची

एन्यू, सी. (2003). अंडरस्टेंडिंग दि इकोनोमिक इम्पैक्ट ऑफ टूरिज्म. डिस्कशन पेपर 2003/5. नॉटिंघम, यूकेः टूरिज्म एंड ट्रैवल रिसर्च इंस्टीट्यूट, यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम।

फ्लेमिंग, डब्ल्यू. आर. एंडटोएपर, एल. (1990).इकोनोमिक इम्पैक्ट स्टडीजः रिलेटिंग दि पोजिटिव एंड नेगेटिव इम्पैक्ट्स टू टूरिज्म डेवलपमेंट. *जर्नल ऑफ ट्रैवल रिसर्च,* 29(1): 35-42.

इन्स्कीप, ई., (1991). टूरिज्म प्लानिंगः एन इंटीग्रेटेड एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट एप्रोच, वान नॉस्ट्रैंड रेनहोल्ड, न्यूयॉर्क।

इन्स्कीप, ई., (1994). नेशनल एंड रिजनल टूरिज्म प्लानिंगः मेथडॉलॉजीज एंड केस स्टडीज, लंडनः रूटलेज।

बट्टा, आर.एन. (2000). टूरिज्म एंड दि एन्वायर्नमेंटः ए क्वेस्ट फोर सस्टेनेबिलिटी, न्यू देल्हीः इंडस पब्लिशिंग सीओ.; पेज 1-248.

बहाइरे और इलियट-व्हाइट, एम. (1999). कम्यूनिटी पार्टिसिपेशन इन टूरिज्म प्लानिंग एंड डेवलपमेंट इन दि हिस्टोरिक सिटी ऑफ यॉर्क, इंगलैंड, करेंट इश्यूज इन टूरिज्म, वोल. 2(2 -3)., यूनिवर्सिटी ऑफ लिंकनशायर एंड हंबरसाइड, ब्रेफोर्ड पूल, लिंकन यूके., पेज 243-276.

बीटन, एस. (2006). कम्यूनिटी डेवलपमेंट थ्रू टूरिज्म. कॉलिंगवुड, आस्ट्रेलियाः लैंडलिंक्स प्रेस।

बागड़ी एस.सी. (2003). ट्रेंड्स इन टूरिज्म प्रोमोशन, बिशन सिंह एंड महेन्द्र पाल पब्लिकेशन, देहरादून.

बुजोल्ड, पी., (1995). कम्यूनिटी डेवलपमेंट-मेकिंग ए बेटरहोम. वॉलंटरी एक्शन न्यूज., पेज 5-8.

बैकमैन, के. एफ. एवं बैकमैन, एस.जे. (1997). एन एक्जामिनेशन ऑफ दि इम्पैक्ट्स ऑफ टूरिज्म इन अ गेटवे कम्यूनिटी इन एच.एल. मीडो (ईडी.) डेवलपमेंट इन क्वॉलिटी ऑफ लाइफ

स्टडीज, संस्करण 1 (पेज 6). ब्लैक्सबर्ग, वर्जिनियाः इंटरनेशनल सोसायटी फोर क्वॉलिटी ऑफ लाइफ स्टडीज।

बैमवेल, बी. एंडलेन, बी., (1993), रूरल टूरिज्म एंड सस्टेनेबल रूरल डेवलपमेंट, (eds.)., क्लीवडनः चैनल व्यू पब्लिकेशंस।

ब्लैंक, यू. (1989). दि कम्युनिटी टूरिज्म इंडस्ट्री इम्पेरटिव, वेंचर पब्लिशिंग, न्यू यॉर्क, यू.एस.ए.।

कोल, एस. (1997). अन्थ्रोपोलॉजिस्ट्स, लोकल कम्युनिटीज एंड सस्टेनेबल टूरिज्म डेवलपमेंट, इन, एम.जे. स्टेब्लर, एड., टूरिज्म एंड सस्टेनेबिलिटीः प्रिंसिपल्स टू प्रैक्टिस. कैब इंटरनेशनल, वॉलिंगफोड, यूके, पृष्ठ 219-229

कुक, पी. (1989), लोकेलिटीज, (ed.)., लंदनः मैकमिलन।

मर्फी, पी. (1983). टूरिज्म एज़ अ कम्यूनिटी इंडस्ट्रीः एन इकोलॉजिकल मॉडल ऑफ टूरिज्म डेवलपमेंट, टूरिज्म मैनेजमेंट, वोल. 4 (3)., पेज. 180-193

मर्फी, पी. (1985). टूरिज्मः ए कम्यूनिटी एप्रोच , लंदनः रूटलेज।

मर्फी, पी., प्रिचार्ड, एम.पी. एण्ड स्मिथ, बी. (2000). दि डेस्टिनेशन प्रोडक्ट एंड इट्स इम्पैक्ट ओन ट्रेवेलर परसेप्शंस,. टूरिज्म मैनेजमेंट 21. पेज. 43-52

मर्फी, पी.ई. (1988). कम्यूनिटी ड्रिवन टूरिज्म प्लानिंग. टूरिज्म मैनेजमेंट, 9(2), 96-104. https://doi.org/10.1016/0261-5177(88)90019-2

मैकिन्टोश, आर. डब्ल्यू एण्ड गोएल्डनर, सी.आर. (1990). टूरिज्मः प्रिंसिपल्स, प्रैक्टिसेज़, फिलोसोफीज, (छठवां संस्करण); न्यूयॉर्कः जे. वाइली।

पिग्रम, जे. (1993). प्लानिंग फॉर टूरिज्मइन रूरल एरियाज़ः ब्रिजिंग दि पॉलिसी इम्प्लीमेंटेशन गैप, इनडी. पीयर्स एंड आ. बटलर (eds). टूरिज्म रिसर्चः क्रिटिक्स एंड चैलेंजैज", लंदनः रूटलेज. पेज. 156-74

स्मिथ, आर. ए. (2000). टूरिज्म प्लानिंग एंड डेवलपमेंट इन साउथ ईस्ट एंड साउथ एशिया. इन हॉल, एम.सी. एण्ड पेज, एस. (eds). टूरिज्म इन साउथ एंड साउथ ईस्ट एशिया- इश्यूज एंड केस, बटरवर्थ-हेनीमैन, ओक्सफोर्ड।

सिमन्स, डी.जी. (1994). कम्यूनिटी पार्टिसिपेशन इन टूरिज्म प्लानिंग, टूरिज्म मैनेजमेंट; 15 (2), पेज. 98-107

क्रिपेंडोर्फ, जे. (1982). टुवर्डस न्यू टूरिज्म पॉलिसिज़, टूरिज्म मैनेजमेंट; 3, पेज. 135-148

टिमोथी, डी.जे. (1999). पार्टिसिपेटरी प्लानिंग ए व्यू ऑफ टूरिज्म इन इंडोनेशिया. एनुअल्स रिव्यू ऑफ टूरिज्म रिसर्च. XXVI(2)

हॉल, सी.एम. (1996). इंट्रोडक्शन टू टूरिज्म इन ऑस्ट्रेलियाः इम्पैक्ट्स, प्लानिंग एण्ड डेवलेपमेन्ट एडिसन, वेस्ले एण्ड लॉन्गमैन, मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया।

हॉल, सी.एम. एंडल्यू, ए., (1998), सस्टेनेबल टूरिज्मः ए जियोग्राफिकल परस्पेक्टिव, न्यूयॉर्कः लांगमैन।

हॉल, सी.एम. (1999). टूरिज्म प्लानिंगः पॉलिसीज़, प्रोसेसेस एंड रिलेशनशिप. हार्लोः एडिसन वेस्ले लान्गमैन।

हॉल, सी.एम. (1996). इंट्रोडक्शन टू टूरिज्म इन आस्ट्रेलियाः इम्पैक्ट्स, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट; एडिसन वेस्ले लान्गमैनः मेलबोर्न, आस्ट्रेलिया।

हॉलैंड, एस. क्रॉट्स, जे. (1992). ए स्ट्रेटेजिक प्लानिंग एप्रोच टू टूरिज्म डेवलपमेंट इन रूरल कम्यूनिटीज, विजन्स इन लीज़र एंड बिजनेस. वोल्यूम 11 (1): पेज. 14-23

हेवुड, के.एम., (1988), रिस्पॉन्सिबल एंड रिस्पॉन्सिव टूरिज्म प्लानिंग इन दि कम्यूनिटी, टूरिज्म मैनेजमेंट. वोल्यूम 9: पेज 105-118

हेटन, के. (1995), "कम्यूनिटी इनवॉल्वमेंट इन इकोनोमिकरी जनरेशन-लेसन्स फ्रॉम नॉर्थ ईस्ट इंगलैंड", कम्यूनिटी डेवलपमेंट जर्नल., वोल. 30(2)., पेज. 169-179

https://uttarastays.com/property-list/ Accessed on 12th September, 2025.

पार्कर, एस. (2001). "दि प्लेस ऑफ इको टूरिज्म इन पब्लिक पॉलिसी एंड प्लानिंग", इन वीभर, डी.बी (ed.). दि एनसाइकोल्पीडिया ऑफ इको टूरिज्म, काबी पब्लिशिंग., ओक्सफोर्ड, यूके।

श्रीधर, आर. (2005). माउण्टेन टूरिज्म फोर लोकल कम्यूनिटी डेवलपमेंट, इन एम.एल. देवान एंड जगदीश बहादुर (eds), "उत्तरांचल विजन एंड एक्शन प्रोग्राम", कन्सेप्ट पब्लिशिंग, न्यू दिल्ली, 285-296

रोसोन्ॉ, जे.ई. एंड पल्सीफर, जी.एल. (1979), टूरिज्मः दि गुड, दि बैड एण्ड दि अग्ली. लिन्कनः नेब्रसकान सेंचरी थ्री प्रेस।

रत्नापिपट, एस., कचोर्न्किट्टिया, एन. एवं अन्य. (2021). दि डेवलपमेंट ऑफ टूरिज्म एंटरप्रेन्योरशिप फोर कम्यूनिटी बेस्ड टूरिज्म इन थाईलैंड. साइकोलॉजी एंड एजुकेशन. 58(1): 3870-3874. ISSN: 00333077

शार्पले, आर. एण्ड शार्पले, जे. (1997). "रूरल टूरिज्मः एन इंट्रोडक्शन", इंटरनेशनल थॉम्पसन बिजनेस प्रेस, लंदन।

स्टाइनस, डी., (1999), "इकोनोमिक इम्पैक्ट्स ऑफ टूरिज्म", ईस्ट लैंसिंग, एम.आई.: डिपार्टमेंट ऑफ पार्क, रिक्रिएशन-टूरिज्म रिसोर्सेज, मिचिगन स्टेट यूनिवर्सिटी।

डेविडसन, एम. (1995). "कम्यूनिटी डेवलपमेंट", रिक्रिएशन सास्काटचेवान., 22: पेज. 5-6

डेविडसन, एल. एवं साहली, एम. (2014). फोरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट इन टूरिज्म, पॉवर्टी एलीविएशन, एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंटः ए रिव्यू ऑफ दि गैम्बियन होटल सेक्टर. जर्नल ऑफ सस्टेनेबल टूरिज्म, 23(2), 167-187

डेनमैन, आर. (2001). गाइडलाइन्स फोर कम्यूनिटी-बेस्ड इको टूरिज्म डेवलपमेंट (डबल्यू. इंटरनेशनल {ed.})।

उत्तराखंड की समग्र विकास पर्यटन योजना। फाइनल मास्टर प्लान रिपोर्ट दिसंबर, 2021। उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड।

क्रॉम्पटन, जे. एल. (1999). मेजरिंग दि इकोनोमिक इम्पैक्ट ऑफ विजिटर्स टू स्पोर्ट्स टूर्नामेंट्स एंड स्पेशियल इवेंट्स. एशबर्न, नेशनल रिक्रिएशन एंड पार्क एसोसिएशन।

जमाल, टी.बी., एंड गेट्ज, डी. (1997). "विजनिंग फोर सस्टेनेबल टूरिज्म डेवलपमेंटः कम्यूनिटी बेस्ड कोलाबोरेशन", इन पी. ई. मर्फी (ed.), 'क्वॉलिटी मैनेजमेंट इन अर्बन टूरिज्म', चिचेस्टरः वाइली., पेज. 199-220

जाफरी, जे. (1987). ऑन डोमेस्टिक टूरिज्म. एनल्स ऑफ टूरिज्म रिसर्च, 13,3, 491-496

टेलर, जी. एण्ड डेविस, डी. (1997). दि कम्युनिटी शोः अ माइथोलॉजी ऑफ़ रेसिडेण्ट रेस्पोंसिव टूरिज्म, इन, एम. जे. स्टेब्लर, एड. टूरिज्म एंड सस्टेनेबिलिटीः प्रिंसिपल्स टू प्रैक्टिस. कैब इंटरनेशनल वॉलिंगफोर्ड, यूके, पृ. 323-224.

गेट्ज, डी. एंड जमाल, टी., (1994), दि एन्वायर्नमेंट-कम्यूनिटी सिंबायोसिसः ए केस फोर कोलेबोरेटिव टूरिज्म प्लानिंग, जर्नल ऑफ सस्टेनेबल टूरिज्म. वोल. 2 (3): पेज 152-173

गन, सी., एंड वार, टी., (2002), "टूरिज्म प्लानिंग-बेसिक्स, कॉन्सेप्ट्स, केस, चतुर्थ संस्करण, रूटलेज; न्यूयॉर्क।

लॉज़, ई. (1995). टूरिस्ट डेस्टिनेशन मैनेजमेंटः इश्यूज एनालिसिस एंड पॉलिसीस, रूटलेज टॉपिक्स फॉर टूरिज़्म, न्यूयॉर्क।

लोवेल, एच. एण्ड यूरस्टीन, एम. (1992). आफ्टर दि कार्निवल-टूरिज्म एंड कम्यूनिटी डेवलपमेंट, कम्यूनिटी डेवलपमेंट जर्नलः एन इंटरनेशनल फोरम., वोल. 27(4), पेज. 335-353

गुडविन, एच. एण्ड सैन्टिली, आर. (2009). कम्यूनिटी-बेस्ड टूरिज्मः ए सक्सेस. आईसीआरटी ओकास. पेपर 11(1), 1-37

पासंचय, के. एण्ड शॉट, सी. (2021). कम्यूनिटी-बेस्ड टूरिज्म होमस्टेज' कैपेसिटी टू एडवांस दि सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्सः ए होलिस्टिक सस्टेनेबल लाइवलीहुड परस्पेक्टिव. टूरिज्म मैनेजमेंट पर्सपेक्टिव्स. वॉल्यूम 37, जनवरी 2021, 100784

आनंद, ए., चंदन, पी एण्ड सिंह, आर.बी. (2012). होमस्टेज कोरजोकः सप्लीमेंटिंग रूरल लाइवलिहुड्स एंड सपोर्टिंग ग्रीन टूरिज्म इन दि इंडियन हिमालयाज. माउंटेन रिसर्च एंड डेवलपमेंट, 32, 126-136

https://en.wikipedia.org/wiki/Mukteshwar accessed on 19th September, 2025.

कम्यूनिटी बेस्ड टूरिज्म प्रोजेक्ट उत्तराखंड क्वार्टरली प्रोग्रेस रिपोर्ट (जनवरी-मार्च, 2023-24), टाटा ट्रस्ट एंड मेक माई ट्रिप फाउण्डेशन।

https://uttarakhandtourism.gov.in/page/market-research-and-statistics.

नेशनल स्ट्रेटेजी फोर प्रोमोशन ऑफ रूरल होमस्टेज- एन इनिशिएटिव टुवर्ड्स आत्मनिर्भर भारत. पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, मई 2022

•

रस सूत्र का तुलनात्मक विश्लेषण

*डॉ. गुंजन

सारांश

रस सिद्धांत का सार यह है कि काव्य या नाटक पढ़ने या देखने से हृदय में जो आनन्द की अनुभूति होती है, उसे 'रस' कहते हैं। यह पाठक या दर्शक के मन में दबे स्थायी भाव को जागृत कर लोकोत्तर आनन्द प्रदान करता है। मन में स्थायी रूप से स्थित भाव (जैसे प्रेम, शोक इत्यादि) को जागृत करने वाले कारण तथा भाव जागृत होने पर होने वाली शारीरिक और मानसिक चेष्टाएं, मन में उठने वाले क्षणिक भाव के साथ मिलकर सहृदय या पाठक को मनोरंजन से आगे बढ़कर एक आनन्दमयी और आध्यत्मिक अवस्था तक पहुँचाता है। यही रस सिद्धांत का मूल भाव है।

शोध अध्ययन यह साबित करता है कि आज के सिनेमा, नाटक और मीडिया में दर्शक की भावनात्मक तादात्म्यता रस सिद्धांत पर आधारित है। यह सिद्धांत, कला में अलौकिक आनन्द और भावनात्मक संचार को वैज्ञानिक रूप से समझाता है। भारतीय काव्य शास्त्र का मूल आधार विभाव, अनुभाव और संचारी भावों के संयोग से स्थायी भाव का रस रूप में परिणत होना है। चार प्रमुख व्याख्याकारों (भट्टलोल्लट, शंकुक, भट्टनायक, अभिनव गुप्त) ने इस पर 'उत्पत्तिवाद', 'अनुमितिवाद', 'भुक्तिवाद' और 'अभिव्यक्तिवाद' के माध्यम से रस की उत्पत्ति और आस्वाद की प्रक्रिया को स्पष्ट किया है। अतः यह अध्ययन दर्शाता है कि काव्य या नाटक के माध्यम से पाठक/दर्शक लौकिक सीमाओं से उठकर अलौकिक आनन्द का आस्वाद लेता है, वही रस है।

प्रस्तावना

काव्य या नाटक को पढ़ने या सुनने से पाठक या दर्शक के हृदय में जो अलौकिक आनन्द की अनुभूति होती है, उसे रस कहते हैं, 'वाक्यं रसात्मकं काव्यं' अर्थात् रसात्मक वाक्य ही काव्य है, यही रस काव्य की आत्मा कहा गया है। रस सिद्धांत भारतीय काव्य शास्त्र का आधारभूत सिद्धांत है। सर्वप्रथम भरत मुनि ने द्वितीय शताब्दी ईसा पूर्व अपने ग्रन्थ 'नाट्य शास्त्र' के छठे अध्याय में रस सिद्धांत को प्रतिपादित किया, तत्पश्चात् रस सिद्धांत की अन्य ग्रन्थकारों ने अपने-अपने दृष्टिकोण से व्याख्या की जिससे यह सिद्धांत और पुष्ट हुआ। यह, काव्य या नाटक को देखने/सुनने से पाठक/दर्शक को मिलने वाले अलौकिक आनन्द की व्याख्या करता है। रस का मूलभाव, स्थायी भाव होता है, जो पाठक या दर्शक के हृदय में सुप्तावस्था में पहले से ही विद्यमान रहता है। वही स्थायी भाव विभावादि के संयोग से रस रूप में परिणत हो जाता है। इस रस को ब्रह्म के आनन्द के समान माना गया है, जो अलौकिक अखण्ड और चिन्मय होता है। यह सिद्धांत काव्य में भावों की प्रधानता और पाठक के भावनात्मक जुड़ाव को सर्वोच्च मानता है। यही रस सिद्धांत भारतीय काव्य शास्त्र का आधार है, जो काव्य या नाटक के आस्वाद से मिलने वाले अलौकिक आनन्द को परिभाषित करता है। रस सिद्धांत आचार्य भरत मुनि रचित नाट्यशास्त्र के छठे अध्याय मेंवर्णित रस सूत्र 'विभावानुभावव्याभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्ति' पर आधारित है। इसी मूल सूत्र पर रस सिद्धांत आधारित है। आचार्य भरत मुनि के अनुसार- विभाव, अनुभाव और संचारी भावों के संयोग से हृदय में स्थित स्थायी भाव जब भावनात्मक रस के रूप में परिणत होते हैं, तो पाठक या दर्शक को सुखद अनुभूति यानि रस का आस्वाद होता है। यह एक सत्वगुणी अखण्ड और ब्रह्मानन्द सहोदर अर्थात् ब्रह्म के आनन्द के समान अनुभूति है। यह दर्शकों या पाठकों को सांसारिक दुखों से मुक्त कर, ऐसी मानसिक अवस्था में ले जाता है, जहाँ वे विशुद्ध आनन्द और सौन्दर्य का अनुभव करते हैं। यह अनुभूति भावनाओं को परिष्कृत करती है, और हृदय को संवेदनशीलता से भर देती है। अतः आचार्य भरत काव्य या नाटक से मिलने वाले आनन्द को रस कहते हैं। यह रस सिद्धांत 'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्ति' अर्थात् विभाव, अनुभाव और संचारी भावों के संयोग से रस की निष्पत्ति सूत्र पर आधारित है, जो सहृदय/पाठक/दर्शक को भाव-विभोर कर अलौकिक आनन्द से भर देता है।

उद्देश्य

विभिन्न आचार्यों (भट्टलोल्लट, शंकुक, भट्टनायक, अभिनव गुप्त) द्वारा प्रस्तुत सिद्धांतों 'उत्पत्तिवाद', 'अनुमितिवाद', 'भुक्तिवाद' और 'अभिव्यक्तिवाद' के माध्यम से रस की गहराई को समझाते हुए विभाव, अनुभाव और व्याभिचारी भावों के परस्पर संयोग से

* 15, कल्याणपुरी, रवीन्द्रपल्ली, अयोध्या रोड, लखनऊ-226016

रस के उत्पन्न होने की प्रक्रिया को वैज्ञानिक रूप से समझाना तथा पाठक और दर्शक को अवगत कराना कि कला का मूल लक्ष्य मनोरंजन मात्र न होकर उनको भाव-विभोर कर रस या आनन्द की अनुभूति कराना है, और यह बताना कि उनके हृदय में पूर्व से सुप्तावस्था में विद्यमान रति आदि स्थायी भाव का काव्य या नाटक के द्वारा कैसे रस रूप में परिपाक होता है। इसके अतिरिक्त संबंधित आलेख का मुख्य उद्देश्य काव्य या नाटक में सौन्दर्य बोध और भावनात्मक जुड़ाव की प्रक्रिया को गहराई से समझाना है।

शोध का प्रकार- यह शोध विवेचनात्मक है।

शोध विधि- यह तुलनात्मक शोध है।

रस सिद्धांत

स्थायी भाव दर्शक या पाठक के हृदय में सुप्तावस्था में पहले से ही विद्यमान रहता है जैसे- रति, हास, वीर इत्यादि। अर्थात् मन में स्थायी रूप से रहने वाले भाव जैसे- रति, शोक, क्रोध आदि ही स्थायी रूप से विद्यमान रहने के कारण ही स्थायी भाव होते हैं, जो रस रूप में परिणत होते हैं। यह स्थायी भाव विभाव, अनुभाव और संचारी/व्यभिचारी भावों के संयोग से रस रूप में परिणत होते हैं।

विभाव : विभाव का अर्थ है- रस का कारण। यह विभाव या निरस का कारण दो हैं- अतः हम कह सकते हैं कि विभाव विशेष रूप से रस का जागृत करने वाला कारण है और रस को जागृत करने वाले कारण भी दो हैं- आलम्बन विभाव, जिसके कारण स्थायी भाव जागृत होता है- जैसे नायक नायिका। उद्दीपन विभाव, जो जागृत भाव को और तीव्र करते हैं- जैसे- फुलवारी, चांदनी रात, वन दृश्य, झरने, नदी इत्यादि।

अनुभाव : अनुभाव का तात्पर्य है- शारीरिक व मानसिक चेष्टायें,जो आंगिक, वाचिक, आहार्य और सात्विक चार प्रकार की होती हैं, यथा- रोमांच, कंपन, आंसू आदि। नायक-नायिका में जागृत होने वाले रति आदि स्थायी भाव का बोध कराने के लिये शारीरिक चेष्टाओं या बाहरी प्रतिक्रियाओं को अनुभाव कहते हैं। जैसे प्रेम में मुस्कुराना, विरह में सिसकियां भरना, क्रोध में आंखें लाल होना इत्यादि। अतः अनुभाव कार्य रूप है।

संचारी भाव : संचारी भाव क्षणिक भाव है, जो स्थायी भाव को पुष्ट करते हैं- ये वे अस्थायी भाव हैं, जो स्थायी भाव के साथ-साथ चलते हैं और उसे पुष्ट करते रहते हैं। ये स्थिर नहीं होते बल्कि आते जाते रहते हैं, जैसे पानी के बुलबुले। हर्ष, लज्जा, चिंता, शंका, मोह, आवेग, उत्सुकता, स्मृति आदि 33 व्याभिचारी भाव हैं। अतः यह कह सकते हैं कि विभाव, स्थायी भाव को जागृत करता है, जो नायक-नायिका के मन में होता है। अनुभाव उसे शारीरिक या मानसिक चेष्टाओं से कार्य रूप में दिखाता है, तथा व्याभिचारी भाव उसे और अधिक प्रगाढ़ करता है। अर्थात् विभाव अनुभाव और व्याभिचारी भाव के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है। जैसाकि नाट्यशास्त्र के छठे अध्याय में आचार्य भरत ने कहा है- 'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्ति' मुनिवर का यही रस सूत्र सम्पूर्ण रस सिद्धांत की आधारशिला है। इसी रस सूत्र की व्याख्या में उत्तरवर्ती आचार्यों ने अपनी सम्पूर्ण शक्ति लगायी है जिसके परिणामस्वरूप- 1. उत्पत्तिवाद 2. अनुमितिवाद 3. भुक्तिवाद तथा 4. अभिव्यक्तिवाद का विकास हुआ।

तुलनात्मक विश्लेषण

1. उत्पत्तिवाद : यह मीमांसक मत है। इसके मानने वाले भट्टलोल्लट आदि हैं। आचार्य भट्टलोल्लट, भरत मुनि के रस सूत्र- 'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्ति' के प्रथम व्याख्याकार हैं। इनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत उत्पत्तिवाद या आरोपवाद कहलाया। उत्पत्तिवाद या आरोपवाद रस सिद्धांत की पहली व्याख्या है, जो भरत मुनि के रस सूत्र पर आधारित है। इनका मानना है कि 'विभाव, अनुभाव आदि के संयोग से अनुकार्य राम आदि में रस की उत्पत्ति होती है'[1] उसमें भी विभाव सीतादि मुख्य रूप से रस के उत्पादक होते हैं, अनुभाव उस उत्पन्न हुए रस को बोधित करने वाले होते हैं तथा व्याभिचारी भाव उस उत्पन्न हुए रस के परिपोषक होते हैं। अतः स्थायी भावों के साथ विभावों का उत्पाद्य-उत्पादक भाव, अनुभावों का गम्य गमक भाव और व्याभिचारी भावों का पोष्य-पोषक भाव होता है। भट्टलोल्लट के इसी भाव की समीक्षा आचार्य मम्मट ने अपने ग्रन्थ काव्य प्रकाश में की है। इनका भाव यह है कि विभावों अर्थात् रस के आलम्बन तथा उद्दीपन के कारणभूत ललना या नायिका (आलम्बन विभाव) और उद्यान आदि (उद्दीपन विभावों) से रति आदि स्थायी भाव उत्पन्न हुए। इनके कार्यभूत कटाक्ष, भुजाक्षेप आदि अनुभावों से प्रतीति योग्य किया गया तथा निर्वेद आदि सहकारी रूप जो व्याभिचारि भाव है, से पुष्ट किया गया मुख्य रूप से अनुकार्य रामादि में तथा उनके स्वरूप का अनुकरण करने से नट में प्रतीयमान रति आदि स्थायी भाव ही रस कहलाता है। अर्थात् विभाव, अनुभाव और व्याभिवारि भावों (कारण आदि) के संयोग से मूल पात्र जैसे राम आदि के स्थायी भाव का परिपाक या उत्पत्ति ही रस है। यह दर्शक द्वारा पात्र पर भाव के आरोप और लौकिक या ऐतिहासिक आनन्द का सिद्धांत है। भट्टलोल्लट का यह सिद्धांत उत्पत्तिवाद कहलाया। इस सिद्धांत के अनुसार निष्पत्ति का अर्थ उत्पत्ति है। अर्थात् रस की उत्पत्ति रसानुभूति के समय स्थायी भाव के परिपक्व होने से होती है। जो विभाव अनुभाव सहकारी भाव यानि कारण, कार्य और सहकारी के संयोग से परिपुष्ट होता है। उत्पत्तिवाद के इस सिद्धांत को

1. का.प्र., चतुर्थ उ.

आरोपवाद भी कहते हैं, क्योंकि दर्शक या नट मूल ऐतिहासिक पात्रों जैसे राम के स्थायी भाव रति, उत्साह आदि को नट यानि अभिनेता में आरोपित मानकर रस का अनुभव करते हैं। इसी कारण इसे आरोपवाद भी कहते हैं। भट्टलोल्लट के अनुसार रस मुख्य रूप से मूल पात्र राम आदि और राम आदि के अनुकरण करने वाले नट में उत्पन्न होता है, न किस हृदय या दर्शक के चित्त में। अतः विभावादि के द्वारा उपचित या विकसित स्थायी भाव ही रस रूप में उत्पन्न होता है। मीमांसक आचार्य भट्टलोल्लट ने उत्पत्ति को ही निष्पत्ति स्वीकार किया है।

इनके इस मत में कतिपय दोष है- सर्वप्रथम इस मत में सामाजिक रसानुभूति का अभाव है, दूसरा इस मत में मुख्य रूप से अनुकार्य तथा गौण रूप से नट में तो रस की उत्पत्ति होती है, यही उत्पत्ति अभिव्यक्ति एवं पुष्टि आदि मानी गयी है, परन्तु रसानुभूति तो सामाजिक को होती है इसका क्या कारण है, इस पर कोई विचार नहीं किया गया है। तीसरा अनुकार्य सीता रामादि तो इस जगत में हैं नहीं, तो इस समय किये जाने वाले अभिनय से, उनमें रस की उत्पत्ति नहीं होगी। इनके मत में यही दोष है। इसी कारण यह व्याख्या अन्य आचार्यों को रुचिकर प्रतीत नहीं हुई। अतः उत्पत्तिवाद का यह मानना है कि काव्य या नाटक में वर्णित विभाव आदि के संयोग से रति, शोक आदि स्थायी भाव अपने पूर्ण रूप में प्रकट होकर रस बन जाते हैं। यह तो ठीक है किन्तु उस रस की उत्पत्ति अनुकार्य राम सीता आदि में होना उचित नहीं प्रतीत होता है क्योंकि राम सीता आदि तो इस जगत में है नहीं, तो उनमें रस की उत्पत्ति कैसे हो सकती है। इसलिये भट्टलोल्लट के उत्पत्तिवाद की व्याख्या उत्तरवर्ती आचार्यों को रुचिकर नहीं है। इनके मत में यही दोष है।

2. अनुमितिवाद : भरत मुनि के रस सूत्र की दूसरी प्रमुख व्याख्या आचार्य शंकुक ने की है। इनका मत अनुमितिवाद कहलाया, जो नैयायिक दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें इन्होंने निष्पत्ति का अर्थ अनुमिति माना है। इनका यह सिद्धांत इसी अनुमिति पर ही आधारित है। अपने इस मत में शंकुक ने सामाजिकों के साथ रस का संबंध दिखाने का प्रयास किया है। इसमें नट कृत्रिम रूप से अनुभावादि का प्रकाशन करता है, परन्तु उसके सौन्दर्य के बल से उसमें वास्तविकता सी प्रतीत होती है। इन कृत्रिम अनुभावादि को देखकर सामाजिक नट में वस्तुतः विद्यमान न होने पर भी उसमें रस का अनुमान कर लेता है तथा अपनी वासना के वशीभूत होकर उस अनुमीय मान रस का आस्वादन करता है। यह सिद्धांत बताता है कि दर्शक, नट (अभिनेता) के अभिनय को देखकर राम, सीता जैसे मूल पात्रों के स्थायी भाव का अनुमान लगाते हैं। इस रसानुभाव को अनुमिति कहा गया है। इस मत में रसानुभूति या अनुमिति का कोई प्रत्यक्ष अनुभव नहीं है, बल्कि तर्क या अनुमान पर आधारित एक मानसिक प्रक्रिया है। शंकुक के इसी मत को काव्य प्रकाशकार मम्मट ने इस प्रकार व्याख्या की है जैसे 'राम एवायम्, अयमेव राम इति- इस प्रकार की सम्यक प्रतीति, न रामोऽयमिति उत्तरकालिके बाधे रामोऽयमिति- इस प्रकार की मिथ्या प्रतीति, रामः स्यात न वाऽयमिति- इस प्रकार की संशयरूप प्रतीति, रामसदृशोऽयमिति- इस प्रकार की सादृश्य प्रतीति। इन सम्यक प्रतीति, मिथ्या प्रतीति, संशय प्रतीति तथा सादृश्य प्रतीतियों से भिन्न प्रकार की चित्र-तुरंग न्याय से होने वाली प्रतीति से ग्राह्य नट में दर्शक राम सीता को भावों को अनुमानित करते हैं। अर्थात् शंकुक ने चित्र तुरग न्याय का उदाहरण दिया है। जैसे चित्र में घोड़े को देखकर हम समझ जाते हैं कि यह घोड़ा है, यद्यपि वह वास्तविक नहीं है। वैसे ही अभिनय करते नट में दर्शक राम सीता के भावों की अनुमिति करता है। नट वास्तव में राम नहीं है, किन्तु वह निपुणता से राम सीता के भावों का अनुकरण करता है, दर्शक इसी कुशल अनुकरण को देखकर नट के रस का अनुमान करते हैं। इन सब काव्यों में अनुशीलन से तथा शिक्षा के अभ्यास से सिद्ध किये गये अनुभावादि कार्य से ही नट के द्वारा प्रकाशित किये जाने वाले कृत्रिम होने पर भी, कृत्रिम न समझे जाने वाले विभावादि शब्दों से व्यवहृत होने वाले कारण, कार्य तथा सहकारियों के साथ संयोग अर्थात् गम्य गमक रूप संबंध से अनुमीय मान होने पर भी वस्तु के सौन्दर्य के कारण तथा आस्वाद का विषय होने से अन्य अनुमीय मान अर्थों से विलक्षण स्थायी रूप से सम्भाव्यमान रति आदि भाव वहाँ न रहते हुए भी सामाजिक के संस्कार से आस्वाद किया जाता हुआ रस कहलाता है। यही श्री शंकुक का मत है। वस्तुतः रस का आस्वाद दर्शक या सहृदय के मन में होता है, जो विभाव अनुभाव और व्यभिचारि भावों को देखकर रसानुभूति करता है। अतः यह कहा जा सकता है कि जब हम नाटक देखते हैं, तो अभिनेता या नट वास्तविक चरित्र जैसे राम नहीं होता है, लेकिन उसका अभिनय इतना कुशल होता है कि हम उसमें राम के भावों का अनुमान लगा लेते हैं और वही अनुमानित भाव हमारे लिए रस बन जाता है।

श्री शंकुक के मत का विश्लेषण करने पर कुछ तथ्य सम्मुख उपस्थित होते हैं, जिसके कारण इनका मत भी दोषयुक्त है, ऐसा उत्तरवर्ती आचार्यों ने माना है। जैसे- 1. इसमें सामाजिक की रसानुभूति की समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। 2. अनुमान के बल पर प्रत्यक्ष रसानुभूति सम्भव नहीं है, फिर कृत्रिम अनुमिति को भी स्वीकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि अनुमान का आधार प्रत्यक्ष होता है। जैसे- शंकुक ने चित्रतुरंग न्याय से अनुमान की सामग्री से नट में सम बुद्धि का प्रतिपादन किया है जैसे- चित्रस्थ तुरंग को देखकर 1. सम्यक 2. मिथ्या 3. संशय 4. सादृश्य नहीं कहा जा सकता है अर्थात् इनसे भिन्न विलक्षण प्रतीति होती है। इसी प्रकार नट में भी सम बुद्धि होती है वह सम्यक, मिथ्या, सशय सादृश्य चारों प्रकार की प्रतीतियों

से भिन्न होती है। चित्रतुरंग न्याय से ही रस की अनुमिति में नट में राम सीतादि विभावों की प्रतीति होती है। भरत के रस सूत्र में प्रयुक्त संयोगात का अर्थगम्य गमक संबंध ही होता है। अनुमानित रस की प्रतीति का आधार भी सामाजिक नहीं होता है बल्कि कृत्रिम राम एवं सीता में रहने वाली रति अथवा रस का सामाजिक को केवल अनुमान होता है।

भुक्तिवाद : भरत मुनि के रस सूत्र के तीसरे व्याख्याकार श्री भट्टनायक हैं। इनकी व्याख्या का मुख्य आधार सामाजिक को होने वाली साक्षात्कारात्मक रसानुभूति ही है। इसे ही साहित्य शास्त्र में 'भुक्तिवाद' कहा जाता है। उन्होंने रस की उत्पति या अभिव्यक्ति के बजाय उसके भोग (आस्वाद) पर जोर दिया है, जिसमें साधारणीकरण और भावकत्व व भोजकत्व के माध्यम से सहृदय या दर्शक आनन्द का अनुभव करता है। भट्टनायक ने रससूत्र की व्याख्या भुक्तिवाद या भोगवाद के रूप में की है। यह मत सांख्य सिद्धांत पर आधारित हैं। इनके अनुसार रस की निष्पत्ति न अनुकार्य रामादि में होती है, न अनुकर्ता नट आदि में। अनुकार्य एवं अनुकर्ता दोनों तटस्थ हैं, उदासीन हैं। वास्तविक रसानुभूति तो केवल सामाजिक को ही होती है। उन्होंने न उत्पद्यते, न प्रतीयते कहकर उत्पत्तिवाद और अनुमितिवाद दोनों का ही खण्डन किया है। उन्होंने रस की स्थिति तटस्थ रामादि में न स्वीकार करके इसे सामाजिकगत स्वीकार किया है तथा सामाजिक में भी रस की उत्पत्ति अथवा अनुमिति न मानकर केवल भुक्ति ही मानते हैं। इसके साथ ही साथ भावकत्व एवं भोजकत्व नामक दो नवीन व्यापारों की भी कल्पना की है। आचार्य मम्मट ने इनके सिद्धांत को इस प्रकार प्रस्तुत किया है अर्थात् न तटस्थ रूप से रस की प्रतीति होती है, न ही उत्पत्ति होती है और न ही सामाजिकगत रूप से अभिव्यक्ति होती है बल्कि काव्य अथवा नाटक में शब्द के अभिधा लक्षणा से भिन्न भावकत्व नामक व्यापार से साधारणीकृत स्थायी भाव सत्वगुण के उद्रेक से प्रकाश एवं आनन्दमय अनुभूति की स्थिति के सदृश, भोग से आस्वाद किया जाता है। यह भट्टनायक का मत है, इसमें निष्पत्ति शब्द का अर्थभुक्ति है तथा संयोग का अर्थभोज्य भोजक भाव है। इसके अनुसार काव्य या नाटक के माध्यम से विभाव अनुभाव और स्थायी भाव अपने विशेष रूप (नायक-नायिका) को छोड़कर सामान्य रूप में आ जाते हैं। इससे दर्शक या सहृदय स्वयं को पात्रों के साथ एकाकार कर लेता है। यही साधारणीकरण है। अर्थात् दर्शक और पात्रों का एकाकार हो जाता है। इसके अतिरिक्त आचार्य ने भावकत्व और भोजकत्व व्यापार की भी कल्पना की है। भावकत्व व्यापार वह है जिसमें साधारणीकरण के माध्यम से स्थायी भाव रस रूप में परिणत किया जाता है, जिसमें रजोगुण, तमोगुण को दबाकर सत्वगुण का उदय होता है। भोजकत्व व्यापार में रस का आनन्द लेना या उपभोग करना होता है। इस अवस्था में दर्शक सात्विक आनन्द का भोग करते हैं। यहाँ निष्पत्ति का अर्थ उत्पत्ति या अनुमिति न मानकर भुक्ति या भोग या आस्वाद माना गया है। इसी कारण यह मत भुक्तिवाद कहा गया है। अतः यह कहा जा सकता है कि इनके अनुसार रसानुभूति ब्रह्मानन्द के समान एक स्वप्रकाशित, निर्विकल्प और सात्विक आनन्द है। काव्य जगत में भट्टनायक का यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण स्थान रखता है क्योंकि उन्होंने रस को एक सैद्धान्तिक आधार देते हुए अनुभव और साधारणीकरण से जोडा है। इसी आधार पर उत्तरोत्तर आचार्य अभिनव गुप्त ने अभिव्यक्तिवाद को विकसित किया।

इनके मत में भी कतिपय दोष थे- 1. इन्होंने अपनी इस प्रक्रिया द्वारा सामाजिकगत रसानुभूति के उपपादन का अच्छा प्रयास किया, पर उसमें उन्होंने शब्द में भावकत्व एवं भोजकत्व नामक जिन दो नवीन व्यापारों की कल्पना की है, वे अनुभवसिद्ध नहीं हैं। 2. जिसका स्थायी भाव भोग बतलाया गया है वह राम सीतागत स्थायी भाव है, या नटगत या सामाजिकगत स्थायी भाव है, इसका भी निराकरण नहीं हो पाया है। इसी कारण ही अप्रमाणिक भोजकत्व सिद्धांत पर आश्रित होने के कारण भट्टनायक का भुक्तिवाद आदर प्राप्त न कर सका।

अभिव्यक्तिवाद : आचार्य भरत मुनि के रस सूत्र के चतुर्थ एवं प्रमुख व्याख्याकार अभिनव गुप्त हैं। इनके द्वारा की गयी रस सूत्र की व्याख्या अभिव्यक्तिवाद कहलाती है जो उनके प्रसिद्ध ग्रन्थ 'अभिनव भारती' में वर्णित है। इन्होंने ध्वनिवादी आचार्य आनन्दवर्धन के 'काव्यस्यात्मा ध्वनिः'[1] के आधार पर अपने मत का प्रतिपादन किया है। इसी कारण इनके मत को आलंकारिक मत कहा जाता है। इनका कथन है कि सामाजिकगत स्थायी भाव ही रसानुभूति का निमित्त होता है। इन्होंने भट्टनायक के भावकत्व व्यापार के स्थान पर साधारणीकरण व्यापार तथा अभिधा एवं लक्षणा के साथ शब्द की तृतीया शक्ति अर्थात् व्यंजना को स्वीकार किया है। इनका अभिप्राय यह है कि रस की न तो उत्पत्ति होती है, न अनुमिति और न भुक्ति ही वरन केवल अभिव्यक्ति होती है। रस का संबंध आत्मा से होता है। वह विषयगत न होकर विषयीगत होता है। इन्होंने भट्टनायक के साधारणीकरण सिद्धांत को अक्षरशः स्वीकार किया है। अतः अभिनव गुप्त रस को निर्मित या अनुमित नहीं बल्कि सहृदय पाठक या दर्शक के अंतःकरण में पूर्व स्थित स्थायी भावों की अभिव्यक्ति या प्रकटीकरण मानते हैं जो विभावादि के संयोग से आनन्दमयी चेतना के रूप में प्रकट होता है। प्रत्येक व्यक्ति के अन्तःकरण में रति आदि स्थायी भाव बीज रूप में विद्यमान रहते हैं, वे व्यंजना के अलौकिक विभावना व्यापार द्वारा जागृत होते हैं, तब जो सुख दुख की अनुभूति होती है वही रसाभिव्यक्ति या रस

1. ध्व./प्र.उ.

निष्पत्ति है। इसी को भट्टनायक ने भोग्य का साधारणीकरण कहा है, परन्तु भावना का साधारणीकरण न होकर व्यंजना का साधारणीकरण होता है। इनके इसी मत को काव्यप्रकाशकार आचार्य मम्मट ने इस प्रकार प्रस्तुत किया है- अर्थात् लोक में प्रमदा आदि से ही स्थायी भावों को अनुभव करने में निपुण सहृदयों के ये मेरे हैं, शत्रु के ही हैं, तटस्थ के ही हैं अथवा ये न मेरे हैं, न शत्रु के हैं, न तटस्थ के ही हैं, इस प्रकार के नियम के स्वीकार अथवा परिहार होने से नियम का निश्चय न हो पाने के कारण विशिष्ट सामाजिक आदि में रहने पर भी साधारणोपाय के बल से अपरिमित प्रमातृभाव वाले सामाजिक के द्वारा समस्त हृदयों के साथ समान रूप से आस्वाद मात्र स्वरूप वाले, अलौकिक आनन्द को प्रदान करने वाला श्रृंगारादि रस कहलाता है। अतः शाश्वत सत्ताधारी आत्मा में सांसारिक अनुभव विद्यमान रहते हैं तथा विभाव, अनुभाव और संचारी भावों के कुशल प्रदर्शन से आत्मस्थ भावनाएं रस रूप में परिणत हो जाती है।

आचार्य मम्मट ने भरत सूत्र की व्याख्या में आचार्य अभिनव गुप्त की ही व्याख्या को स्वीकार करते हुए कहा है कि 'लोक व्यवहार में जिन कारण कार्य और सहकारी कार्यों का हम दैनिक जीवन में उपयोग करते हैं, काव्य की दृष्टि से जब उनका अध्ययन व विवेचन करते हैं, तो ठीक वे ही कारणादि क्रमशः विभाव, अनुभाव और व्यभिचारी भावों की संज्ञा प्राप्त करते हैं तथा उन भावों द्वारा जो स्थायी भाव व्यक्त होता है वही काव्यात्मक स्वरूप रस है। अतः सामाजिकगत स्थायी भाव ही रसानुभूति का निमित्त होता है तथा तन्मयी भाव के कारण वेद्यान्त सम्पर्क शून्य, ब्रह्मस्वाद सदृश परमानन्द रूप में रस अनुभूत होता है। इसमें रस की अलौकिकता को सिद्ध किया गया है।

उपसंहार

भारतीय ज्ञान परंपरा (Indian Knowledge System-IKS) भारत की प्राचीन, समृद्ध एवं सतत विकसित ज्ञान-संपदा है, जिसका आधार वेद, उपनिषद, दर्शन, योग, आयुर्वेद, गणित, ज्योतिष, व्याकरण, साहित्य, कला, लोक ज्ञान तथा गुरु-शिष्य परंपरा है। इसका उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन या आजीविका नहीं, बल्कि मनुष्य के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास के माध्यम से समग्र व्यक्तित्व का निर्माण करना है। वर्तमान शैक्षिक संदर्भ में, जब शिक्षा वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति, मूल्य-संकट तथा मानसिक तनाव जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है, तब भारतीय ज्ञान परंपरा शिक्षा को मानवीय, मूल्यपरक, अनुभवाधारित और जीवनोपयोगी बनाने की सशक्त आधारशिला प्रदान करती है। इसी दृष्टि से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाते हुए भारतीय भाषाओं, संस्कृति, नैतिक मूल्यों, पर्यावरणीय चेतना, अनुसंधान तथा नवाचार को प्रोत्साहित किया गया है। वस्तुतः IKS अतीत का गौरव मात्र नहीं, बल्कि वर्तमान की आवश्यकता और भविष्य की दिशा है, जो आत्मविश्वासी, संस्कारित, वैज्ञानिक दृष्टि-संपन्न तथा राष्ट्रनिष्ठ नागरिकों के निर्माण का सुदृढ़ आधार प्रस्तुत करती है।

प्रस्तावना

सम्पूर्ण सृष्टि में ब्रह्मा की नाभि (मध्य में स्थित पृथ्वी का भूभाग) अजनाभ वर्ष के नाम से प्रतिष्ठित हुआ जो अब भारतवर्ष के नाम से जाना जाता है । अनन्त काल से प्रवहमान वैदिक शिक्षा—ज्ञान जिसे ईश्वर ने अग्नि, वायु, सूर्य और अंगिरा को दिया था, उस ईश्वरीय ज्ञान का ऋषियों ने अपनी तपश्चर्या से दर्शन किया जो श्रुति परंपरा से हमें प्राप्त हुआ है। यही ज्ञान की परम्परा जो नित्य नूतन गतिशील सुदृढ़ शान्तिमय, शिव तथा सौन्दर्य से युक्त है, ईश्वरीय ज्ञान है। नित्य और अपौरुषेय हैं इसमें आध्यात्मिक, दैविक और आधिभौतिक मन्त्र तथा अर्थ है। वैदिक साहित्य का आरम्भ ऋग्वेद से हआ। बाद में यजुः साम और अथर्व वेद रचे गये। इन वेदों की रचना होने के अनन्तर व्याख्या करने के लिए बाद में जो साहित्य लिखा गया वह वैदिक साहित्य ही है। चारों वेदों के अतिरिक्त चार उप वेद—आयुर्वेद, धनुर्वेद, गन्धर्ववेद, अथर्ववेद, ब्राह्मण ग्रन्थ, आरण्यक, उपनिषद्, ज्योतिष, छः वेदांग—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द, ज्योतिष, बृहद्देवता, अनुक्रमणिका आदि भी वैदिक साहित्य के अन्तर्गत आते हैं, प्रत्येक वेद की अनेक शाखायें और प्रत्येक शाखा के अपने ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद, कल्प आदि वैदिक ज्ञान ही हैं। भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, अपितु सहस्राब्दियों से विकसित एक सजीव ज्ञान-सभ्यता है। यहाँ ज्ञान को केवल सूचना या कौशल तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उसे जीवन के समग्र विकास—शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक और आध्यात्मिक उन्नयन—का साधन माना गया। आज के वैश्वीकरण एवं तकनीक-प्रधान शैक्षिक वातावरण में भारतीय ज्ञान परंपरा (Indian Knowledge System) का पुनर्स्मरण और पुनर्पाठ अत्यंत प्रासंगिक हो गया है।

1. भारतीय ज्ञान परंपरा की अवधारणा

भारतीय ज्ञान परंपरा जिसे आज Indian Knowledge System (IKS) कहा जाता है, यह भारत में विकसित शास्त्रीय, वैज्ञानिक, दार्शनिक एवं लोक ज्ञान पर आधारित वह समग्र बौद्धिक धरोहर है जो वेद, उपनिषद्, दर्शन, योग, आयुर्वेद, गणित, खगोल, व्याकरण, नाट्यशास्त्र, अर्थशास्त्र, स्थापत्य, पर्यावरण-चिंतन और लोक ज्ञान-इन सभी का समन्वित स्वरूप है। यह ज्ञान केवल ग्रंथों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जीवन में उतारा गया। गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से ज्ञान का संस्कारात्मक हस्तांतरण हुआ। यहाँ शिक्षा नौकरी का साधन कभी नहीं रही। "नहि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते" यहाँ ज्ञान जीवन को संतुलित, संस्कारित और सार्थक बनाने का माध्यम माना गया। इसकी मूल विशेषता है- "सा विद्या या विमुक्तये" अर्थात् वही विद्या है जो अज्ञान भय, और बंधनों से मुक्त करे। यह परंपरा गुरु-शिष्य परंपरा, श्रुति-स्मृति, अनुभव और तर्क के संतुलन पर आधारित रही है, जहाँ ज्ञान का उद्देश्य केवल जीविका नहीं, बल्कि जीवन-बोध था।

* भारतीय शिक्षा शोध संस्थान, लखनऊ

2. वर्तमान शैक्षिक संदर्भ में आवश्यकता

आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में कई सकारात्मक उपलब्धियों के बावजूद कुछ गंभीर चुनौतियाँ स्पष्ट दिखाई देती हैं–शिक्षा का अत्यधिक व्यवसायीकरण और यांत्रिक होना, मूल्यबोध और नैतिकता का क्षरण, स्थानीय संदर्भ, ज्ञान और सांस्कृतिक जड़ों से दूरी, मानसिक तनाव, प्रतिस्पर्धा और अवसाद, असंतुलन की स्थिति, ज्ञान का जीवन से कट जाना आदि इन चुनौतियों के समाधान के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह भारतीय-ज्ञान, शिक्षा को मूल्यनिष्ठ बनाती है, व्यक्ति को कर्तव्य, करुणा और संयम से जोड़ती है, ज्ञान को समाज और प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व से जोड़ती है।

3. भारतीय ज्ञान परंपरा की उपयोगिता

वर्तमान समय में परम्परागत ज्ञान की उपयोगिता बहुआयामी है–

(क) शिक्षा में : शिक्षक सूचना प्रदाता नहीं, मार्गदर्शक की भूमिका में होता है। गुरु शिष्य परम्परा द्वारा विद्यार्थियों में नैतिक विवेक और आत्मबोध विकसित करने के लिए, भारतीय संदर्भ में वैश्विक ज्ञान को समझने हेतु पाठ्यक्रम में भारतीय दृष्टिकोण का समावेश कर पाठ्यक्रम को भारतीय संदर्भ और दृष्टि प्रदान करना। चिंतन, संवाद और आत्ममंथन की प्रवृत्ति विकसित करना। प्रश्नोपनिषद् शिक्षक को केवल प्रशिक्षक नहीं, मार्गदर्शक बनाना। भौतिक और आध्यात्मिक विकास का समन्वय। प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का भाव विकसित करना रहा है।

(ख) जीवन कौशल में : योग और ध्यान द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता और आत्म नियंत्रण । "ब्रह्मचर्येण तपसा देवा मृत्युमुपाघ्नत" आयुर्वेद द्वारा रोग-निवारण से अधिक स्वास्थ्य संरक्षण, समग्र स्वास्थ्य दृष्टि। "धर्मार्थकाममोक्षाणां आरोग्यं मूलमुत्तमम्" अर्थात् मनुष्य को आयुर्वेद विहित कर्मों का अनुष्ठान करने से इस लोक में आयु-आरोग्य आदि की प्राप्ति होती है और स्वस्थ रहते हुए वह धर्मादि का अनुष्ठान कर स्वर्ग की भी प्राप्ति कर सकता है। नीति, धर्म और कर्तव्य पर बल, नैतिकता द्वारा चरित्र निर्माण। "ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः" शिक्षक को सूचना प्रदाता नहीं, मार्गदर्शक बनाने हेतु। पत्र-पत्रिकाओं, आकाशवाणी, दूरदर्शन, कंप्यूटर इत्यादि यंत्रों से भी शिक्षाएं प्राप्त होती हैं परंतु यंत्र प्रसूत शिक्षाएं उतनी सफल नहीं हो सकती जितनी गुरु के सानिध्य, गुरु के समीप बैठकर गुरु की सेवापूर्वक ज्ञान प्राप्त हो सकता है इसीलिए वेद अध्ययन में गुरु परंपरा प्राप्त विधि ही सर्वमान्य रही है।

"वेदस्याध्ययनं सर्वं गुरोरध्ययन पूर्वकम्।
वेदाध्ययन वाच्यत्वात् अधुनाध्ययनं यथा।"

(ग) समाज और राष्ट्र निर्माण में : "माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः" के द्वारा पृथ्वी के प्रति माता का भाव-भावना से पृथ्वी पर स्थित समस्त मानव तथा मानवेतर प्राणियों के प्रति प्रेम और सहअस्तित्व का भाव विकसित कर "वसुधैव कुटुम्बकम्" की भावना संतुलित और संवेदनशील नागरिक निर्माण सामाजिक समरसता और सह-अस्तित्व स्थापित करने के लिए "सं गच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।" ऋगवेद- ईशावास्योपनिषद में- "अग्नेनय सुपथा राये", "भद्रं कर्णेभिः" आदि मंत्रों में समष्टि भावना की अभिव्यक्ति हुई है जो सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोगी है।

4. भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्व

भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्व केवल अतीत की विरासत होने में नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा देने में है। यह आत्मनिर्भर भारत की बौद्धिक नींव रखती है। वैश्विक समस्याओं के लिए समाधान प्रस्तुत करती है। शिक्षा को संस्कृति-विहीन न होकर संस्कारयुक्त बनाती है।

वएतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः। स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः"।। अर्थात् पृथ्वी पर रहने वाले सभी मनुष्यों को अपने-अपने चरित्र और आचरण की शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। यह मंत्र पूरी मानवता को संदर्भित करता है। यही नहीं ऋग्वेद का यह मंत्र- "आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः" अर्थात् हमारे पास चारों ओर से कल्याणकारी विचार आते रहें, द्वारा भारतीय संस्कृति की उदारता और खुलेपन की अभिव्यक्ति हो रही है।

नई शिक्षा नीति (NEP 2020) में भारतीय ज्ञान परंपरा पर दिया गया विशेष बल इस बात का प्रमाण है कि अब शिक्षा का उद्देश्य केवल स्किल नहीं, बल्कि संस्कार और संवेदना भी है।

निष्कर्ष

अतः यह स्पष्ट है कि भारतीय ज्ञान परंपरा कोई अतीतगामी विषय नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए अत्यंत प्रासंगिक ज्ञान-दृष्टि है। यदि आधुनिक शिक्षा में इसे समुचित स्थान दिया जाए, तो हम ऐसी पीढ़ी का निर्माण कर सकते हैं जो वैज्ञानिक सोच, नैतिक दृढ़ता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास से युक्त हो। अर्थात् यदि आधुनिक शिक्षा को भारतीय ज्ञान की गहराई मिल जाए, तो हम ऐसी पीढ़ी तैयार कर सकते हैं जो वैज्ञानिक हो, पर संवेदनहीन नहीं। आधुनिक हो, पर जड़ों से कटी नहीं। सफल हो, पर मूल्यहीन नहीं। अस्तु इस बात को एक वाक्य में इस प्रकार कहा जा सकता है कि "शिक्षा जब भारतीय ज्ञान से जुड़ती है, तब वह केवल करियर नहीं, चरित्र और राष्ट्र निर्माण का आधार बनती है।"

•

उच्च शिक्षा में पहुँच, समता या गुणवत्ता? भारतीय राजनीति के संदर्भ में डिजिटल प्रौद्योगिकी के विस्तार में अवसर

*डॉ. मुकुल बिहारी वर्मा, **कुन्दन कुमार कात्यायन

सारांश

भारत में उच्च शिक्षा का इतिहास अत्यंत गहन व विविधतापूर्ण रहा है। गहन इस अर्थ में कि आज भी अनेक रचनाओं/साहित्यों के अर्थ की समझ विद्यार्थियों के लिए रहस्यमयी और जटिल है। विविधतापूर्ण इस अर्थ में कि विभिन्न भाषाओं और विषयों में वे साहित्य अंकित हैं। शिक्षा या ज्ञान साझा करने के उद्देश्य से चित्रबद्ध, अंकबद्ध या लिपिबद्ध की गई जानकारी की भाषा एवं विषय के संबंध में रचनाकार एवं अर्थकर्ता के मध्य साम्य होना ज्ञान के सम्प्रेषण को पूर्ण बनाने का सशक्त माध्यम है।

डिजिटल प्रौद्योगिकी में हो रहे निरंतर विकास के फलस्वरूप ज्ञान के सृजक और उस ज्ञान का सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से लाभार्थी हेतु एक साम्य का निर्माण हो रहा है। उच्च शिक्षा में समता, पहुँच एवं गुणवत्ता शब्दावली का इस शोध में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग के संबंध में सीमांकन किया गया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से उच्च शिक्षा में समता की स्थापना, प्रत्येक नागरिक को पहुँच के अवसर प्रदान करने हेतु अनेक नीतिगत निर्णय लिए गए। समाज में उच्च शिक्षा को व्यापक प्रसार प्रदान करने के लिए पत्राचार, रेडियो ,टेलीविजन, कम्प्यूटर एवं इंटरनेट का उपयोग किया जा रहा है। कम्प्यूटर एवं इंटरनेट के प्रसार से उच्च शिक्षा में एक नवीन अवसर का जन्म हुआ है। विद्वानों, संस्थानों, प्रकाशकों एवं उच्च शिक्षा से सम्बद्ध संगठनों से संपर्क कर लाभ प्राप्त करना सरल हो गया है। डिजिटल प्रौद्योगिकी के प्रसार से **टेक्नोलॉजी एन्हांस्ड अधिगम-शिक्षण, ऑनलाइन/हाइब्रिड शिक्षण, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, ओपन एजुकेशनल संसाधनों, डिजिटल लाइब्रेरी तथा बहुभाषी शैक्षिक सामग्री के निर्माण** से शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में पूर्व की अपेक्षा अधिक व्यापक, लचीला और मितव्ययी बनाने की क्षमता का विकास हुआ है। इसने भौगोलिक दूरी, समय-बाधा और संसाधन-सीमाओं को कम कर ग्रामीण/दूरस्थ क्षेत्रों, आर्थिक रूप से वंचित समूहों, दिव्यांग शिक्षार्थियों के लिए सामग्री, परामर्श और मूल्यांकन तक पहुँच को सुदृढ़ बनाने में नवीन मार्ग प्रशस्त किया है। डेटा-आधारित अकादमिक सहायता, कौशल-उन्मुख प्रमाणन और करियर-मार्गदर्शन हेतु संभावनाएँ बढ़ी हैं।

उच्च शिक्षा में नामांकन एवं सफलतापूर्वक कार्यक्रम को पूरा करने वाले छात्रों के बढ़ते आँकड़ों के आलोक में गुणवत्ता संबंधी प्रश्न अधिक प्रखरता से सामने आए हैं। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता का संबंध आजीविका प्राप्त करने के साथ ही सामाजिक-सांस्कृतिक एवं राजनीतिक सहभागिता से भी जुड़ा हुआ है। डिजिटल विस्तार के इस क्रम में **'डिजिटल विभाजन'** की समस्या भी उत्पन्न हुई है। उपकरणों की उपलब्धता, कनेक्टिविटी, विद्युत-आपूर्ति, डिजिटल साक्षरता तथा भाषा/सांस्कृतिक दृष्टि से अधिगम-शिक्षण सामग्रियों को उपयुक्त बनाने में असमानताएँ परिलक्षित होती हैं। अतः न्यायपूर्ण डिजिटल परिवर्तन हेतु सस्ती एवं विश्वसनीय इंटरनेट-सुविधा, संस्थागत/ सामुदायिक डिजिटल अवसंरचना, सुलभता आधारित समावेशी डिजाइन, स्थानीय भाषाओं में उच्च-गुणवत्ता सामग्री, शिक्षक-प्रशिक्षण तथा छात्र-सहायता तंत्र का सुदृढ़ीकरण भारत में उच्च शिक्षा को समता आधारित, समावेशी एवं पहुँच योग्य बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण अवसर के पूर्ण उपयोग के लिए अपरिहार्य है। यह शोध-पत्र उन चुनौतियों एवं संभावनाओं की खोज पर आधारित है जिनका भारतीय राजनीति के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा में समता, पहुँच एवं गुणवत्ता को सकारात्मक दिशा प्रदान करने के लिए गवेषणा अपरिहार्य है।

उच्च शिक्षा एवं राज्य

भारतीय समाज में उच्च शिक्षा के प्रति सदैव ही विशिष्ट उन्मुखता रही है। तक्षशिला, काशी, वल्लभी, सलोतगी, इन्नइयारम, तिरुमुक्कुदल, नालंदा, विक्रमशिला, जगद्दला आदि उच्च शिक्षा केंद्र इसके प्रमाण हैं। ये उच्च शिक्षण संस्थान न केवल आध्यात्मिक वरन भौतिक जगत के विषयों में भी अध्ययन-अध्यापन व गवेषणा के लिए प्रसिद्ध थे।[1]

मध्यकाल में भारत भूमि पर पश्चिम एशिया के आक्रमणों एवं भारत की राजसत्ता इस्लामी मान्यता के हाथों जाने के उपरांत प्राचीन काल में प्रसिद्ध उच्चतर शिक्षण संस्थानों को

* एसोसिएट प्रोफेसर, विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा

** वरीय शोध प्रज्ञ (SRF), विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा

गहरी चोट पहुंची। एक ओर प्राचीन शिक्षण संस्थानों का विध्वंस किया गया तो दूसरी ओर इस देश की पारंपरिक शिक्षा पद्धति को किसी प्रकार का राजकीय संरक्षण प्राप्त नहीं हुआ और अरबी-फारसी भाषाओं व इस्लामी मान्यताओं के आधार पर शिक्षा प्रणाली का निर्माण व प्रवर्तन किया गया।[2]

आधुनिक काल में जर्जर होते मुगल राज को 1757 के प्लासी के युद्ध और फिर 1764 के बक्सर के युद्ध में ब्रिटिश कंपनी ने राजनीतिक-आर्थिक नियंत्रण की आकांक्षा से विजय प्राप्त कर और कमजोर कर दिया। 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पश्चात देश पूरी तरह अंग्रेजों के अधीन हो गया। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के समय तक एक नवीन और दृढ़ ब्रिटिश शिक्षा पद्धति पर आधारित उच्च शिक्षा व्यवस्था की स्थापना की जा चुकी थी।[3]

स्वतंत्र भारत में शिक्षा व्यवस्था के सबसे ऊपरी स्तर उच्च शिक्षा के विषय में विविध बिंदुओं पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की अध्यक्षता में 1948 में एक आयोग का गठन किया गया। इस आयोग की संस्तुतियों के आधार पर अनेकानेक परिवर्तन किए गए। उच्च शिक्षा में अधिगम-शिक्षण के नियमन, प्रशासन एवं वित्त को नवीन संरचना प्रदान की गई। उच्च शिक्षा में स्वदेशीपन का समावेश किया गया।[4] स्वतंत्र भारत में सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक स्तर पर अनेक चुनौतियाँ विद्यमान थीं। जिन समस्याओं का निराकरण संविधान के माध्यम से संभव था उनके समाधान का मार्ग तलाशा गया और उसका उल्लेख संविधान में किया गया।[5]

कंपनी शासन (1757-1857) और ब्रिटिश शासन (1857-1947) के कुल औपनिवेशिक काल में जहाँ एक ओर, भारत में ब्रिटिश शिक्षा पद्धति से भौतिक जगत के प्रति ज्ञानार्जन हेतु तार्किक व तथ्य आधारित सीखने की प्रणाली का विकास हुआ; औपचारिक संस्थागत शिक्षा का उत्थान हुआ; वैज्ञानिक शिक्षा में प्रगति हुई; औद्योगिक क्रांति के परिणामस्वरूप यांत्रिक मुद्रण प्रणाली के विकास से क्षेत्रीय भाषाओं में साहित्य सृजन, प्रकाशन व शिक्षा को विस्तार मिला; परिवहन व्यवस्था में विकास से दूर-दराज तक यात्रा सुलभ हुई; डाक-तार, रेडियो, टेलीफोन एवं टेलीविजन से संचार व्यवस्था की उन्नत अवस्था का निर्माण हुआ; अंधविश्वासों का निरंतर पतन हुआ; वहीं दूसरी ओर, दक्षिण एशिया के उपमहाद्वीप भारतवर्ष में अपने शासन को दृढ़ व स्थायी बनाने के लिए विभाजन की राजनीति का भी विकास हुआ।[6]

स्वतंत्र भारत में भिन्न रूप में परंतु, **विभाजन को बढ़ावा देती राजनीति** और **एकता को स्थिर रखने वाली सरकार** (मतदाताओं की बहुसंख्या को अपने पक्ष में करने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा आकर्षक मुद्दे का प्रचार-प्रसार करना) को संवैधानिक मान्यता मिली जिसे "प्रतिनिध्यात्मक चुनावी राजनीति" या "फर्स्ट पास्ट दी पोस्ट सिस्टम" भी कहा जाता है। प्रतिनिध्यात्मक लोकतान्त्रिक व्यवस्था की स्थापना के लिए यह आवश्यक भी था और है। मत-विभाजन की इस चुनावी राजनीति में देश की एकता और विकास के सुनिश्चयन हेतु समाधान के रूप में शिक्षा के अतिरिक्त कोई अन्य साधन न तब था और न आज है।[7] विद्वानों के मत में शिक्षा मात्र अर्थोपार्जन के लिए ही योग्य नहीं बनाती है बल्कि, भौगोलिक अवस्थिति, सामाजिक व राजनीतिक स्थिति-परिस्थिति की समझ भी विकसित करने में सहायक होती है और इन सब के परे सुधार, विकास व नवीन व्यवस्था के सृजन के लिए भी सक्षम बनाती है। जबकि, तत्कालीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था के समक्षपहुँच (Access) एवंसमता (Equity) की चुनौती थी।[8]

1947 से 2026 के मध्य अनेक आयोग एवं समितियाँ बनीं जिन्होंने अपने प्रतिवेदन सरकार के समक्ष प्रस्तुत किए। 1968, 1986/1992 एवं 2020 में राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा नीतियाँ भी बनाई गईं।[9] वर्तमान में भारत की विशाल उच्च शिक्षा व्यवस्था में विश्वविद्यालयों की संख्या 1290 है[10], महाविद्यालयों की संख्या 45473 है एवं कुल छात्र-नामांकन 4.33 करोड़ है। वहीं 18-23 आयु वर्ग में उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण प्रतिवेदन (All India Survey on Higher Education-AISHE) 2021-22 के अनुसार भारत का सकल नामांकन अनुपात 28.4% है। प्रश्न यह कि आज भी भारत की उच्च शिक्षा तक नागरिकों की पहुँच 30% भी नहीं है, क्यों? और राज्यवार देखें तो बिहार जैसे राज्य में यह 20% (देश के सभी राज्यों में सबसे कम) भी नहीं है (17.1%)।[11]

भारत कौशल प्रतिवेदन (India Skills Report) 2026 के अनुसार पॉलिटेक्निक वाले वर्ग में सर्वाधिक 67% की बेरोजगारी है। बी टेक में 30%, एमबीए में 28%, एमसीए में 32%, कॉमर्स में 37%, साइंस में 39%, आइटीआई में 54%, आर्ट्स में 44% एवं फार्मेसी में 42% की बेरोजगारी है।[12]

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के इण्डिया इम्प्लॉयमेन्ट प्रतिवेदन 2024 के अनुसार *"टेक्निकल डिग्री या डिप्लोमा वाले युवाओं में बेरोजगारी की दर बहुत ज्यादा है, जो कि सामान्य ग्रेजुएट डिग्री वाले युवाओं में बेरोजगारी की दर से भी ज्यादा हो गई है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि ये दरें लगातार बढ़ रही हैं। .....युवाओं के बीच बेरोजगारी की दरों में एक चिंताजनक रुझान देखा गया; जैसे-जैसे शिक्षा का स्तर बढ़ता है, बेरोजगारी की दर भी बढ़ती जाती है, और स्नातक या तकनीकी प्रशिक्षण की डिग्री रखने वाले युवाओं में यह दर सबसे अधिक पाई गई। खास तौर पर, चिंता की बात यह है कि कम आय वाले परिवारों के ज्यादा पढ़े-लिखे युवाओं में बेरोजगारी की दर खास चिंता का विषय है, क्योंकि उन्हें ज्यादा आय वाले परिवारों के अपने*

साथियों की तुलना में उतनी ही या उससे भी ज्यादा बेरोजगारी का सामना करना पड़ता है।"[13]

भारत में उच्च शिक्षण संस्थानों का राज्यों में वितरण बहुत असंतुलित है। असंतुलन का आधार राज्य की युवा आबादी (18-23 आयु वर्ग) को मानकर देखें तो उत्तर प्रदेश में देश की सर्वाधिक 28.9 लाख युवा हैं; बिहार 15.3 लाख के साथ द्वितीय स्थान पर है। इसके बाद क्रमशः (लाख में) महाराष्ट्र (12.9), पश्चिम बंगाल (10.3), मध्य प्रदेश (9.6), राजस्थान (9.4), गुजरात (7.4), तमिलनाडु (7.0), कर्नाटक (6.7), आंध्र प्रदेश (5.2) आते हैं।[14] युवा आबादी में इन 10 शीर्ष राज्यों में प्रति लाख युवा आबादी पर शिक्षण संस्थानों की संख्या उत्तर प्रदेश में 29, बिहार में 7, महाराष्ट्र में 36, पश्चिम बंगाल में 15, मध्य प्रदेश में 28, राजस्थान में 42, गुजरात में 32, तमिलनाडु में 40, कर्नाटक में 66, आंध्र प्रदेश में 49 है।[15] इन्हीं 10 राज्यों से संबंधित 2021-22 वर्ष में प्रति व्यक्ति आय वर्तमान मूल्य पर क्रमशः (रुपये हजार में) 76.0, 47.2, 219.6, 122.8, 117.4, 134.1, 241.5, 242.3, 268.9 एवं 193.7 हजार रुपये है।[16]

उपर्युक्त आँकड़े एवं तथ्य भारत में उच्च शिक्षा में समता, पहुँच एवं गुणवत्ता संबंधी प्रश्नों को जन्म देते हैं। समता, पहुँच एवं गुणवत्ता को किसी एक आयाम से अध्ययन करने व उसकी स्थापना किए जाने के कारण यह असंतुलन और समस्याएं उपस्थित हैं। समता की स्थापना ऐतिहासिक-सामाजिक-सांस्कृतिक रूप से पिछड़े समुदायों के लिए की जाए परंतु, इस आधार पर आर्थिक, शैक्षिक, लैंगिक, भौगोलिक, शारीरिक एवं विषय आधारित समता, पहुँच एवं गुणवत्ता के विमर्श को कमतर माना जाना किसी दृष्टिकोण से न्यायोचित सिद्ध नहीं किया जा सकता। अतः उच्च शिक्षा में इन तीनों ही विषयों के विस्तार का पुनर्परिभाषीकरण, पुनर्विश्लेषण एवं पुनर्सीमांकन आवश्यक है।

समता, पहुँच और गुणवत्ता

कैम्ब्रिज विश्वकोश के अनुसार *"समता सामाजिक विज्ञान में एक ऐसी अवधारणा है जिसे एक न्याय प्रणाली के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जो एक विषय का निष्पक्ष निर्णय करने की अनुमति केवल इसलिए देती है क्योंकि पहले से मौजूद कानून संतोषजनक नहीं हैं।"*[17]

यूनेस्को के अनुसार *"शिक्षा तक पहुँच से अभिप्राय उस सिद्धांत और व्यवहार से है, जिसके अंतर्गत सभी व्यक्तियों को सीखने और विकास के समान अवसर प्रदान किए जाते हैं। जहाँ उन बाधाओं को दूर करने के उपाय किए जाते हैं जो शैक्षिक गतिविधियों में भागीदारी को कम करते हैं। जैसे- आर्थिक मजबूरियाँ, भेदभाव, भौगोलिक अलगाव या शारीरिक अक्षमताएँ।"* [18]

"शिक्षा की गुणवत्ता से अभिप्राय शिक्षार्थियों को प्रदान किए जाने वाले शैक्षिक अनुभवों की प्रभावशीलता और मूल्य से है। पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता, शिक्षण विधियाँ, मूल्यांकन पद्धतियाँ, संसाधनों की उपलब्धता और छात्रों की सहभागिता जैसे कारक इसमें सम्मिलित हैं।.....गुणवत्तापूर्ण सीखना ही सार्थक शिक्षा का आधार है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि विद्यार्थी अपने सीखे हुए ज्ञान के साथ किस तरह जुड़ते हैं और उसे किस तरह समझते हैं। यह केवल ज्ञान को याद रखने से ही संबंधित नहीं है, बल्कि उन संज्ञानात्मक, भावनात्मक और सामाजिक कौशलों के विकास से भी जुड़ा हुआ है, जिनकी आवश्यकता जीवन-पर्यंत चलने वाली शैक्षिक यात्रा में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने हेतु पड़ती है।"[19]

उपर्युक्त परिभाषाओं से स्पष्ट होता है कि समता और पहुँच की अवधारणा एक दूसरे के बहुत निकट है क्योंकि, जहाँ समता एक न्यायपूर्ण स्थिति में पहुँचने के लिए एक विशेष कानूनी प्रावधान करता है ताकि ऊँच-नीच की अवस्था को समाप्त किया जा सके, वहीं पहुँच समान अवसर प्रदान किए जाने की एक दशा है। समता की स्थापना हेतु सरकार का प्रयास व्यक्ति या विशेष समूह को ध्यान में रखकर किया जाता है जिसमें व्यवस्था लक्षित व्यक्ति या समूह को आरंभ से अंत तक विशेष संरक्षण प्रदान करती है, वहीं पहुँच हेतु केवल संसाधनों (शिक्षा) के आकांक्षी और संसाधन की उपलब्धता के मध्य की बाधाओं को समाप्त करने का प्रयास किया जाता है। इस प्रकार पहुँच की व्यवस्था प्राथमिक है जबकि, समता की व्यवस्था द्वितीयक क्योंकि यह संभव है कि संसाधनों (शिक्षा) के आकांक्षी और संसाधन की उपलब्धता के मध्य सभी आकांक्षियों के लिए दूरी की भिन्नता हो या, प्रतिभागियों की दूरी तय कर सकने की क्षमता व साधनों में बड़ी भिन्नता हो। यह भी संभव है कि पहुँच हेतु बाधाओं को समाप्त करने के लिए की गई व्यवस्था के बाद भी सभी हेतु समान रूप से बाधायें समाप्त न हो पाई हों। इसलिए उपलब्ध संसाधन गंतव्य पर यह व्यवस्था की जाती है ताकि वितरण में समानता लाई जा सके और इसे ही समता की स्थापना के माध्यम से पूरा किया जाता है। इस अर्थ में जब समता और पहुँच की बात एक साथ हो तब अवधारणात्मक व व्यवहारात्मक दृष्टिकोण से ये दोनों एक दूसरे के विरोधी भी प्रतीत होते हैं। तत्पश्चात जब समता, पहुँच और गुणवत्ता की बात अवधारणात्मक व व्यवहारात्मक दृष्टिकोण से एक साथ की जाए तो गुणवत्ता अन्य दोनों से बहुत दूर स्थित हो जाती है क्योंकि, यहाँ ज्ञान, अनुभव, मूल्य एवं व्यवहार को सर्वोपरि माना गया है और उत्कृष्टता निश्चय ही दयालुता या प्रलोभन का फल नहीं है बल्कि, निरंतर कठिन श्रम व संघर्ष का परिणाम है। अब यहाँ ऐसा प्रतीत होने लगता है कि इन तीनों ही अवधारणाओं के मध्य व्यावहारिक धरातल पर पारस्परिक विरोध है। तथैव, इन्हें विरोधात्मक अवस्था से सहयोगात्मक अवस्था में

परिणत करने के लिए बुद्धिजीवियों की आवश्यकता होती है। और इन बुद्धिजीवियों का सबसे बड़ा समूह राज-कार्य में लगा होता है अतः समता, पहुँच एवं गुणवत्ता के बीच इस विरोधात्मक अवस्था से सहयोगात्मक अवस्था में परिणत करने के लिए सर्वाधिक साधन होते हैं। अतः इन्हें अधिकतम जनहित योग्य बनाने मेंर ाज्य का प्रमुख योगदान अपेक्षित है, विशेषकर भारत जैसे कल्याणकारी राज्य के लिए।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत की उच्च शिक्षा में समता की स्थापना हेतु संवैधानिक रूप से शिक्षण संस्थानों एवं सरकारी सेवाओं में **सामाजिक एवं शैक्षिक दृष्टिकोण से** पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया। वर्तमान में इसके लिए मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति (Scheduled Tribes-ST), अनुसूचित जाति (Scheduled Castes-SC), अन्य पिछड़ा वर्ग (Other Backward Classes-OBC) एवं सामान्य (General-GEN) वर्गों में पदों/स्थानों का वर्गीकरण किया जाता है। 124वें संविधान संशोधन विधेयक के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर (EconomicallyWeaker Section-EWS) वर्ग जो कि ST, SC या OBC में नहीं हैं, के लिए भारतीय संसद ने 2019 में 103वां संविधान संशोधन अधिनियम बनाकर शिक्षण संस्थानों एवं सरकारी सेवाओं में आरक्षण की व्यवस्था की। राष्ट्र-सेवा में महत्तम योगदान देने वाले परिवार की संतानों को भी आरक्षण दिए जाने का प्रावधान है।[20]

समता, पहुँच एवं गुणवत्ता को मात्र सामाजिक आधार पर अध्ययन करना स्वतंत्र भारत के तीन चौथाई शताब्दी (लगभग 79 वर्ष) बीत जाने के बाद एवं 21वीं शताब्दी के विश्व में कुछ कमजोर प्रतीत होता है। इसलिए, अध्ययन के आयाम को विस्तार दिया जाना आवश्यक है।

उच्च शिक्षा के कुल नामांकन में ST की भागीदारी 6.3%, SC की 15.3%, OBC की 37.8% और GEN की भागीदारी 40.6% है।[21] भारतीय उच्चतर शिक्षा में कुल शिक्षकों की संख्या (1597688) का 2.6% ST, 9.3% SC, 32.3% OBC और 55.8% GEN की भागीदारी है।[22] शिक्षकेतर कर्मियों में ST की भागीदारी 6.3%, SC की 15.3%, OBC की 37.8% और GEN की भागीदारी 40.6% है।[23]

शारीरिक आधार पर दिव्याङ्ग जनों के लिए भागीदारी हेतु शिक्षण संस्थानों एवं सरकारी सेवाओं में आरक्षण की व्यवस्था की गई है। लैंगिक आधार पर महिलाओं के लिए भी सार्वजनिक सेवाओं में पद आरक्षित किए गए हैं। अन्य प्रकार के लैंगिक व्यक्ति के लिए कोई आरक्षण नहीं है। आर्थिक आधार पर GEN वर्ग में आने वाली जातियों के लिए सरकार ने आरक्षण की व्यवस्था की है और OBC के वे परिवार जिनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो गई है (Creamy Layer) उनसे इतर, जिनकी आर्थिक स्थिति अभी भी दयनीय है उन्हें (NLC-Non Creamy Layer) प्रमाण-पत्र प्रदान कर आरक्षण का लाभ दिया जाता है। **शैक्षिक आधार को सामाजिक आधार के साथ ही समूहबद्ध किया गया है और इस आधार पर नागरिकों के लिए अलग से कोई प्रावधान नहीं किया गया है।**[24] यह एक खाली स्थान है।

भौगोलिक आधार परसमता की स्थापना हेतु मुख्य रूप से पर्वतीय या वनीय क्षेत्र के नागरिकों के लिए जिन्हें अधिकांशतः ST वर्ग में अधिसूचित किया गया है, उनके लिए भी आरक्षण का प्रावधान है। इस वर्ग में आने वाले राज्यों एवं केंद्र शासित कुछ प्रदेशों को संविधान द्वारा शासन का विशेषाधिकार भी प्राप्त है। मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा एवं असम में स्वायत्त जिला परिषद (District or Regional Autonomous Councils) का प्रावधान किया गया है। भारतीय संविधान के भाग 10 के अनुच्छेद 244 एवं 244-A तथा भाग 21, अनुच्छेद 369, 370, 371 एवं 371-A से 371-J तक, आदि में ऐसे क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।[25]

विषय (Subject/Discipline) के आधार पर समता एवं पहुँच की व्यवस्था का स्वरूप विविध कारणों से अत्यंत जटिल अवस्था में है। इस कारण सर्वाधिक समस्याओं का सामना मानविकी (भाषा एवं दर्शन) एवं सामाजिक विज्ञान (इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान एवं गृह विज्ञान) के विद्यार्थियों को करना पड़ता है। सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी के छात्र प्राकृतिक विज्ञान (भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान एवं गणित) के विषयों से संबंधित विशिष्ट व्यावसाय/उत्पादन क्षेत्र में प्रवेश प्राप्त नहीं कर पाते क्योंकि, प्राकृतिक विज्ञान के तकनीकी पक्ष एवं शब्दावली का व्यवहार समाज में प्रचलित नहीं होता। जबकि, प्राकृतिक विज्ञान के विद्यार्थी सहजता से सामाजिक विज्ञान या मानविकी के क्षेत्र में प्रवेश कर पाते हैं क्योंकि, सामाजिक विज्ञान या मानविकी से जुड़े विषयों से निरंतर व्यवहृत रहते हैं। सूचना के विविध साधनों में जितनी सूचनाएं सामाजिक विज्ञान या मानविकी विषयों के परिप्रेक्ष्य में प्रसारित की जाती हैं, तुलनात्मक रूप से प्राकृतिक विज्ञान से संबंधित उतनी सूचनाएं समाचार पत्र, टेलीविजन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, आदि पर प्रसारित नहीं होतीं। फलतः अकादमिक रूप से प्राकृतिक विज्ञान का अध्ययन करने वाला सामाजिक विज्ञान या मानविकी का अध्ययन तो स्वाभाविक रूप से कर पाता है परंतु, यह अवसर सामाजिक विज्ञान या मानविकी के विद्यार्थियों के लिए सरलता से उपलब्ध नहीं होता है। हालाँकि, वाणिज्य के विद्यार्थी गणित से निरंतर जुड़े होते हैं फिर भी इनके लिए सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी से संबंधित व्यवसायों में प्रवेश जितना सरल होता है परंतु, प्राकृतिक विज्ञान के विषयों से जुड़े व्यवसायों में नहीं।[26] राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू किए

जाने के बाद अब कोई भी किसी भी विषय का अध्ययन आसानी से कर सकता है। इससे संस्थानों में किसी विशेष विषय के अंदर बंद रहकर अध्ययन की बाध्यता के स्थान पर खुलापन को प्रोत्साहित किए जाने की योजना है और एक नवीन बहु-अनुशासनात्मक अध्ययन प्रणाली का विकास किए जाने की दिशा में प्रयास हो रहे हैं।[27]

यहाँ यह बात तो ठीक है कि अध्येता विविध विषयों से लाभान्वित होंगे परंतु, शिक्षण संस्थानों की अवसंरचना का क्या? बहु-अनुशासनात्मक शिक्षण संस्थान के निर्माण की दिशा में पाठ्यक्रम को (केन्द्रीय उच्च शिक्षण संस्थान व जिन राज्यों में भाजपा नेतृत्व या समर्थित सरकार है) तृतीयक शिक्षण संस्थानों में लागू किया जा रहा है। बिहार के कुछ ग्रामीण व कुछ जिला मुख्यालय में स्थित शिक्षण संस्थानों के पायलट सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त तथ्य से यह ज्ञात होता है कि पूर्व से नामांकित विद्यार्थियों के लिए आनुपातिक दृष्टिकोण से (मानक शिक्षक छात्र अनुपात 1:30) आवश्यक शिक्षकों की संख्या की उपलब्धता नहीं है। किसी विभाग में 8 शिक्षक हैं तो किसी विभाग में मात्र 1 या 2, ऐसे में चॉइस बेस क्रेडिट सिस्टम (CBCS), सेमेस्टर सिस्टम और मल्टीपल एंट्री मल्टीपल एक्सिट (MEME) जैसी व्यवस्था को लागू किए जाने की बाध्यता तृतीयक शिक्षण संस्थानों को सकारात्मक दिशा में बल प्रदान करने वाले नहीं हैं। पायलट अवलोकन के क्रम में ज्ञात हुआ कि बिहार के शिक्षण संस्थानों में न केवल शिक्षक बल्कि शिक्षकेतर कर्मियों एवं तकनीशियनों की भी भारी कमी है। शिक्षण हेतु आवश्यकतानुसार वर्ग कक्ष का अभाव है। स्वच्छता व स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से शौचालय और पानी जैसी मूलभूत चीजें संस्थानों में उपलब्ध नहीं हैं। डिजिटल क्लास रूम की व्यवस्था नहीं है। डिजिटल या ऑनलाइन कक्षा के संचालन हेतु पुराने शिक्षक ठीक तरह से प्रशिक्षित नहीं हैं। नवनियुक्त शिक्षक जिन्हें डिजिटल कक्षा के प्रति उत्साह है, वे डिजिटल प्रौद्योगिकी के संचालन हेतु अपरिहार्य भौतिक व मानवीय अवसंरचना की अनुपलब्धता की विवशता व्यक्त करते हैं। CBCS, सेमेस्टर सिस्टम और MEME जैसी व्यवस्था के कारण निरंतर मूल्यांकन परीक्षाओं के बोझ तले शिक्षण-अधिगम का वातावरण नकारात्मक ढंग से प्रभावित हुआ है। CBCS पद्धति के कारण अनेक नवीन विषय जैसे पर्यावरण विज्ञान, योग विज्ञान आदि जोड़े गए हैं परंतु, इन विषयों के विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई है। इन विषयों के शिक्षण हेतु नवीन पदों का सृजन नहीं हुआ है। रेशनलाइजेशन के नाम पर पूर्व से सृजित शिक्षकों के पद की संख्या कम कर दी गई लेकिन, जब विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई तो उस अनुपात में तृतीयक शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु नवीन नियमित पद सृजित नहीं किए गए।

इन सब मुद्दों के परिप्रेक्ष्य में ऐसा प्रतीत होता है कि अवसंरचना की उपलब्धता सुनिश्चित किए बिना ही तृतीयक शिक्षण संस्थानों को NEP 2020 के क्रियान्वयन का दायित्व सौंप दिया गया है परंतु, इससे राजनीतिक सत्ता का संचालन कर रहे उत्तरदायी जनों के दायित्व कम नहीं हो जाते और यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि अवसंरचना (भौतिक व मानवीय) की उपलब्धता सुनिश्चित किए बिना नीति का कार्यान्वयन कितना सफल होगा? अवसंरचना के अभाव में बहु-अनुशासनिकता की स्थापना किए जाने में विषय विशेषज्ञता के साथ क्या कोई अनुचित व्यवहार तो नहीं हो रहा? क्योंकि, विशेषज्ञता प्राप्त विद्वान विषयों में सुधार और नवीन रचनाओं को भी आकार देते हैं; क्या इस प्रकार सभी विषयों का अध्ययन करने वाले अध्येता उस विषय के उत्कर्ष हेतु विशेषज्ञता के अभाव में साहित्यिक/अन्य प्रकार का योगदान करने में सक्षम होंगे? इन सब में पहुँच, समता एवं गुणवत्ता जैसे मुख्य विषयों पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ रहा है? ये ज्वलंत प्रश्न हैं, जिससे मुख मोड़ना व्यवस्था के लिए हितकारी नहीं लगता।

उच्च शिक्षण संस्थानों के ग्रामीण एवं शहरी आधार पर वितरण के दृष्टिकोण से तथ्य संग्रह के उपरांत दोनों प्रकार के क्षेत्रों में स्थापित उच्च/तृतीयक शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता में बड़ा अंतर सामने आता है। अधिकतर गुणवत्ता युक्त अवसंरचना वाले उच्च शिक्षण संस्थान शहरी क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र से दूर शहरी क्षेत्रों में अस्थायी रूप से निवास की आवश्यक व्यवस्था करना गरीब परिवारों के लिए आसान नहीं होता। परिणामतः ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले छात्र तृतीयक शिक्षा से वंचित हो जाते हैं।[28] दूसरी ओर, आवासीय उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के लिए शहरी पृष्ठभूमि के छात्रों के साथ प्रतियोगिता करना कठिन होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में अधिगम-शिक्षण को अधिक महत्व दिया जाता है और अध्ययन के क्रम में अखिल भारतीय परीक्षाओं के उद्देश्य को ध्यान में नहीं रखा जाता और ग्रामीण क्षेत्र के सार्वजनिक शिक्षण संस्थानों के साथ ही निजी संस्थानों में भी उन्नत भौतिक अवसंरचना एवं सूचना प्रौद्योगिकी के अद्यतन साधनों की उपलब्धता नहीं होती। शहरी क्षेत्रों में प्रारम्भिक शिक्षा से ही अंग्रेजी भाषा, अखिल भारतीय प्रवेश एवं सेवा परीक्षा, शिक्षण संस्थान में अवसंरचना एवं सूचना प्रौद्योगिकी के महत्व से परिचित अभिभावक अपने बच्चों के लिए बेहतर अंग्रेजी माध्यम के शिक्षण संस्थान द्वारा शिक्षा की व्यवस्था करते हैं।[29]

उपर्युक्त तथ्यों से यह प्रतीत होता है कि उच्च शिक्षा में समता एवं पहुँच के लिए भारत सरकार ने वित्तीय सुलभता को

सुनिश्चित करने हेतु सार्वजनिक शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की लागत को वंचित पृष्ठभूमि के व्यक्तियों के लिए कम से कम करने व अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। इसके तहत शिक्षा शुल्क में कमी, छात्रावास एवं अनुदान की सुविधा, निःशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी, प्रतियोगिता परीक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं सम्मान की राशि प्रदान करना, आदि पहल किए गए हैं। भौतिक सुलभता के सुनिश्चयन हेतु परिवहन की व्यवस्था में भी उल्लेखनीय विकास किए गए हैं। सड़क, रेल, जल मार्ग, वायुमार्ग से परिवहन के क्षेत्र में निरंतर विकास हो रहे हैं। इससे दूर-दराज के क्षेत्र में रहने वाले छात्रों को लाभ मिल रहा है। विविध सांस्कृतिक और भाषाई पृष्ठभूमियों की पहचान कर उन्हें उच्च शिक्षा व्यवस्था में समायोजित किए जाने के भी प्रयास हुए हैं। जाति, लिंग, धर्म या सामाजिक-आर्थिक स्थिति को दृष्टिगत रखकर शैक्षिक अवसरों, संसाधनों और सहायता प्रणालियों तक समान पहुँच प्रदान करने के लिए विविध प्रयास किए गए हैं। परंतु, आलोचक अनेक आधारों पर सरकार द्वारा किए जाने वाले इन लोक कल्याणकारी संवैधानिक एवं नीतिगत उपायों को योग्य नागरिकों के साथ भेदभाव के रूप में अभिव्यक्त करते हैं।[30]

1990 के दशक से पूर्व भारत में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (GER) 4.0% से कम था तब गुणवत्ता से संबंधित समस्याएं नहीं थीं। परंतु 1990-2026 के मध्य दूरस्थ शिक्षा, निजी तृतीयक संस्थाओं की स्थापना के उपरांत बढ़ते GER के साथ उच्च शिक्षा में गुणवत्ता की कमी से संबंधित समस्याएं भी प्रत्यक्ष हो रही हैं।[31] अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और मानव विकास संस्थान, नई दिल्ली के द्वारा संयुक्त रूप से 2024 के रोजगार प्रतिवेदन में कहा गया है कि (15-29 आयु वर्ग एवं 2022 तक के आँकड़े) युवा वर्ग में पुरुषों में मात्र 14.7% स्नातक या उससे उच्च शिक्षा प्राप्त हैं और महिलाओं में 14.8%। इनमें ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों में 10.8% युवा और शहरी पृष्ठभूमि से आने वाले 24.3% युवा स्नातक या उससे उच्च शिक्षा प्राप्त हैं। स्नातक या उससे उच्च शिक्षा प्राप्त समूह मेंकुल ST वर्ग के युवा में से मात्र 6.0%, SC वर्ग से 10.5%, OBC वर्ग से 14.9% और GEN वर्ग से 21.4% ही हैं। जिन युवाओं ने प्राथमिक शिक्षा भी प्राप्त नहीं की उनमें बेरोजगारी की दर 3.2% है जबकि जिन्होंने स्नातक या उससे उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त की, उनमें यह दर 28.7% है। इसका कारण इन स्नातकों में रोजगार फर्म की आवश्यकता के अनुरूप कौशल का न होना बताया गया है।[32]

आजमी प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा जारी मार्च 2026 के द स्टेट ऑफ वर्किंग इण्डिया-2026 प्रतिवेदन के अनुसार भारत में (2023 में) 25 वर्ष से कम आयु वाले स्नातक या उससे उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं में बेरोजगारी 40% है; हालाँकि, 40 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले में यह घटकर 1.09% रह जाता है।[33] इण्डिया स्किल रिपोर्ट-2025 तो भारत के मात्र 50% स्नातक या उससे उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं को रोजगार प्राप्त करने योग्य बताता है।[34]

ये आँकड़े कहीं से भी भारत में गुणवत्ता शिक्षा की पर्याप्त उपलब्धता की ओर संकेत नहीं करते। उच्च शिक्षित युवाओं के विषय में ये आँकड़े देश की राजनीति को नवीन दिशा में ले जाने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। परंतु, चुनावी राजनीति की भेंट चढ़ती युवा पीढ़ी के समक्ष राजनीतिक दलों द्वारा आज भी विभाजनकारी विभिन्न मुद्दे जैसे- संप्रदाय, भाषा, जाति, क्षेत्र, लिंग आदि आधारों पर जनमत को अपने पक्ष में करने हेतु प्रचार-प्रसार किया जाता है।

वर्ष 2014 एवं 2019 के बाद के वर्षों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन (राजग) की केंद्र सरकार और विभिन्न राज्यों में होते भाजपा नेतृत्व वाली सरकारों के विस्तार को रोकने के लिए या राजग के इतर पार्टियों की सरकार को सत्ता में लाने के लिए विपक्षी दलों का नेतृत्व कर रही कांग्रेस एवं अन्य पार्टियों की ओर से "जिसकी (जाति की) जितनी संख्या उसका उतना (देश के संसाधन पर) हक" नारे का जोर-शोर से प्रचार किया गया है।[35] यह बुद्धिजीवी भारतीय नागरिकों को विमर्श करना है कि विविध आधारों पर वंचितों का इससे कितना लाभ होगा और वर्तमान एवं भविष्य की बाजार अपेक्षाओं के अनुरूप मानव संसाधन के निर्माण हेतु इस प्रकार के विमर्श से कितनी सहायता मिलेगी?

कुछ राजनीतिक दलों की ओर से भारत की निजी इकाइयों में भी भाषा/निवास/क्षेत्र/जाति आधारित आरक्षण की व्यवस्था किए जाने की माँग की गई। इस प्रकार के विचार को क्षेत्र/निवास/भाषा के आधार पर व्यवहार में लाने का प्रयास सर्वप्रथम आंध्र प्रदेश राज्य की तेलंगाना राष्ट्र समिति पार्टी नेतृत्व वाली जगन मोहन रेड्डी सरकार ने 2019 में एक विधेयक को विधान सभा से पारित कर किया। इस विधेयक में इस बात का प्रावधान किया गया कि निजी उद्योगों के लिए अपने 75% रोजगार जिनका मासिक वेतन 30,000 थी, वे केवल आंध्र प्रदेश के निवासियों को देना बाध्यकारी होगा। इसे आंध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय ने असंवैधानिक करार दिया और यह लागू न हो सका। 2020 में इसी प्रकार का प्रयोग हरियाणा में भाजपा की नेतृत्व वाली मनोहर लाल खट्टर सरकार ने किया। हरियाणा सरकार के द्वारा राज्य के उद्योगों पर विधेयक के अनुसार वही बाध्यता थी जो कि आंध्र सरकार ने की थी। हरियाणा सरकार के इस निर्णय को पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने असंवैधानिक घोषित कर दिया। 2023 में झारखंड की झारखंड मुक्ति मोर्चा दल के नेतृत्व

वाली हेमंत सोरेन सरकार ने सरकारी सेवाओं में तृतीय व चतुर्थ स्तर की नौकरियों में 100% स्थानीय निवासियों को नौकरी दिए जाने की व्यवस्था निर्माण हेतु विधेयक पारित किया परंतु लोकभवन (राज्यपाल का कार्यालय) ने इस विधेयक को अपनी सहमति नहीं दी। अतः यह विधेयक भी लागू नहीं हो सका। ऐसा ही एक प्रयोग कांग्रेस पार्टी की सिद्धारमैया सरकार की मंत्रिपरिषद ने 15 जुलाई 2024 को उस विधेयक को अपनी सहमति देकर की, जिसमें इस बात का प्रावधान था कि कर्नाटक के निजी उद्योगों को अपने 50% प्रबंधकीय, 75% अनप्रबंधकीय एवं तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों पर 100% कर्नाटक के निवासियों को रोजगार देना होगा। उद्योग जगत के संघ द्वारा व्यापक प्रतिक्रिया के दृष्टिगत यह विधेयक विधान सभा में प्रस्तुत ही नहीं किया गया।[36]

राज्य सरकारों की शीर्ष सत्ता के नेतृत्वकर्ता द्वारा लिए गए उपर्युक्त निर्णय स्थानीय नागरिकों हेतु क्या अधिकार का संरक्षण है? क्या यह भारतीय संविधान की अनदेखी है? क्या यह देश में नागरिकों के मध्य क्षेत्र के आधार पर दरार डालने और बढ़ाने का प्रयास है और सत्ता को बचाए रखने हेतु चुनावी राजनीति है? या बाजार की माँग के अनुरूप शिक्षा की गुणवत्ता की व्यवस्था न कर पाने के उत्तरदायित्व (Accountability) से पलायन है? या फिर गुणवत्ता शिक्षा व रोजगार के अवसरों का निर्माण करने में सक्षम मानव संसाधन के निर्माण न कर पाने के दायित्व (Responsibility) से पलायन है?

प्रश्नों पर क्रमशः विचार करें तो, प्रथम-राज्य सरकारों द्वारा लिए गए इस प्रकार के निर्णय निश्चय ही स्थानीय नागरिकों के रोजगार हेतु अधिकारों के संरक्षण से संबंधित है। परंतु, द्वितीय- इस प्रकार के निर्णय भारतीय संविधान की अनदेखी भी है क्योंकि देश के संघात्मक संविधान का भाग 3 अपने प्रत्येक नागरिकों को इस देश की सीमा के अंदर कहीं भी स्वतंत्र रूप से रोजगार पाने का अधिकार देता है और क्षेत्रीयता के आधार पर भेदभाव का भी निषेध करता है।[37] तृतीय- यह भी सत्य है कि इस प्रकार के निर्णय देश में नागरिकों के मध्य क्षेत्र के आधार पर दरार डालने और बढ़ाने वाले हैं, यह भारतीय संघवाद के लिए भी हितकर नहीं है।[38] ऐसा इसलिए क्योंकि, किसी एक राज्य/क्षेत्र में केवल वहाँ के लोगों द्वारा ही रोजगार के अवसर को जन्म नहीं दिया जाता बल्कि, दूसरे राज्य/क्षेत्र के निवासी भी अपनी उद्यमिता के आधार पर उस राज्य/क्षेत्र में रोजगार को जन्म देते हैं।[39] ये निर्णय अपनी सत्ता को बचाए रखने हेतु राजनीतिक दलों का एक प्रयोग भी है ताकि, चुनावी राजनीति में उन नवीन मुद्दों को उभार मिले जो कि उन पार्टियों के पक्ष में मतदाताओं को गोलबंद कर सकें जिन्होंने ऐसे निर्णय लिए हैं।[40] यह बाजार की माँग के अनुरूप शिक्षा की गुणवत्ता की व्यवस्था न कर पाने के उत्तरदायित्व से राजनीतिक दलों और सरकार का पलायन भी है और पूर्व में वर्णित विभिन्न प्रतिवेदनों से प्राप्त तथ्य इसे प्रमाणित करते हैं। राजनीतिक दलों और सत्ता का संचालन करने वालों के समक्ष इस आशय का प्रश्न कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा या उच्च शिक्षा की व्यवस्था करने में वे असफल क्यों रहे, न पूछे जाए, अतः नवीन मुद्दों को उभारकर अपने उत्तरदायित्व से बचने का यह प्रयास है और निःसंदेह गुणवत्ता शिक्षा व रोजगार के अवसरों का निर्माण करने में सक्षम मानव संसाधन के निर्माण न कर पाने के दायित्व से पलायन भी।[41] जबकि, सत्य तो यह है कि इस दायित्व से राज्य पलायन नहीं कर सकता क्योंकि, कल्याणकारी राज्य के रूप में यह राज-सत्ता का कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों को वर्तमान वैश्विक परिदृश्य के अनुसार मानव से मानव संसाधन के रूप में परिणत करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विशेषकर उच्च शिक्षा व कौशल के विकास हेतु सुविधाओं का निर्माण करे।[42]

यह सत्य है कि उच्च शिक्षा में जैसे-जैसे मात्रात्मक वृद्धि हुई गुणवत्ता की समस्या भी सामने आने लगी। परंतु, इसका यह अर्थ नहीं कि उच्च शिक्षा तक पहुँच को कम कर दिया जाए बल्कि, गुणवत्ता संबंधी मानकों को प्राप्त किए जाने हेतु बेहतर उपाय करने होंगे।[43] विश्व में गुणवत्ता के परीक्षण के संबंध में अनेक मानक प्रचलित हैं।

यूनेस्को (UNESCO-United Nations Educational Scientific and Cultural Organisation) सीखने की उन्नत गुणवत्ता का जीवन और रोजगार दोनों के परिणामों पर गहन व दीर्घकालिक प्रभाव के रूप में देखता है। गुणवत्ता शिक्षा को न केवल साक्षरता या अंक ज्ञान की प्राप्ति तक सीमित करता है बल्कि, सामाजिक-भावनात्मक और आलोचनात्मक सोच जैसे कौशल प्राप्त करने का भी साधन बताता है। गुणवत्ता शिक्षा को तीव्र गति से परिवर्तित होते एवं ज्ञान-आधारित होते श्रम बाजारों में एक अच्छा रोजगार पाने के साथ-साथ समाज में सार्थक भागीदारी हेतु भी महत्वपूर्ण बताता है।[44]

मिलवॉकी, विस्कॉन्सिन स्थित अल्वरनो महिला महाविद्यालय (The Alverno College for Women of Milwaukee Wisconsin) ने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता निर्धारण हेतु नौ आवश्यक गुणधर्मों की पहचान की हैः संचार कौशल (communication skills), विश्लेषण (analysis), समस्या समाधान (problem solving), मूल्य निर्धारण (valuing), निर्णय लेना (decision-making), संवाद करना (interacting), वैश्विक परिप्रेक्ष्य (global perspective), प्रभावी नागरिकता (effective citizenship) और सौंदर्यबोध (aesthetic responsiveness)।[45]

विश्व स्तर पर तृतीयक शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग जारी करने वाले QS (Quacquarelli Symonds) एवं THE (Times Higher Education) जैसे संगठन उच्च शिक्षा में गुणवत्ता हेतु मानकों का उपयोग करते हैं। जहाँ QS किसी संस्थान से सफल

होकर निकलने वाले स्नातक की गुणवत्ता को अधिक अंक प्रदान करता है वहीं THE शोध की महत्ता एवं शोध वातावरण की ओर ध्यान देता है।[46]

नैक (NAAC- National Assessment and Accreditation Council) द्वारा किसी संस्थान की गुणवत्ता के निर्धारण में पाठ्यचर्या संबंधी पहलू (Curricular aspects), शिक्षण-अधिगम और मूल्यांकन (Teaching-learning and evaluation), अनुसंधान, परामर्श और विस्तार (Research, consultancy and extension), बुनियादी ढाँचा और सीखने के संसाधन (Infrastructure and learning resources), छात्र समर्थन और प्रगति (Student support and progression), शासन, नेतृत्व और प्रबंधन (Governance, leadership and management) तथा नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाएँ (Innovations and best practices) संबंधी पहलुओं पर ध्यान दिया जाता है। इन मानकों के आधार पर संस्थान को A, B एवं C ग्रेड प्रदान किया जाता है।[47]

उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार द्वारा NIRF (National Institutional Ranking Framework) के माध्यम से वार्षिक स्तर पर देश के तृतीयक शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग (2015 से) जारी की जाती है। इस रैंकिंग में कुल अंक (1.00) के लिए पाँच चर (Teaching, Learning & Resources- 0.30 + Research and Professional Practice- 0.30 + Graduation Outcome- 0.20 + Outreach and Inclusivity- 0.10 + Perception- 0.10) निर्धारित किए गए हैं। इन पाँचों चरों के कुल 19 उप-चर हैं। इनमें स्नातक परिणाम हेतु (0.20) 100% का 40% अंक स्नातकों में रोजगार प्राप्ति (Placement & Higher Studies) के लिए निर्धारित की गई है।[48]

गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की जाँच हेतु उपर्युक्त संगठनों द्वारा अनेक मानक बिंदुओं का ध्यान रखा जाता है। उनमें से रोजगार प्राप्त करने की योग्यता एक प्रमुख बिन्दु है। उच्च शिक्षा से लाभान्वित व्यक्तियों में रोजगारशीलता का अभाव निश्चय ही उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के समक्ष एक चुनौतीपूर्ण समस्या है। पूर्व में उल्लेखित रोजगार के संबंध में प्रतिवेदन से प्राप्त तथ्य भारतीय स्नातकों एवं उससे भी ऊपर की शिक्षा प्राप्त किए युवाओं के विषय में सकारात्मक आँकड़े भले प्रस्तुत करते हैं परंतु चुनौतियाँ भी छोटी नहीं हैं। अतः चुनौतियों से लड़ने व समस्याओं के समाधान हेतु अवसरों की खोज किया जानासमय की माँग है।

पूर्व में उल्लेख किया जा चुका है कि राजनीतिक गलियारों में वंचना को किसी एक आयाम या मानक के अनुरूप देखना किसी अन्य आयाम को अनदेखा किया जाना है। अतः न्यायपूर्ण भारतीय लोक-व्यवस्था के निर्माण हेतु विविध आयामों व मानकों की समग्रता में सुविधा निर्माण के प्रयास की आवश्यकता है। 21वीं शताब्दी में डिजिटल क्रांति के होते विस्तार और वैश्वीकरण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए गुणवत्तापूर्ण, समतापूर्ण और सरलता से पहुँच योग्य उच्च शिक्षा की व्यवस्था करना अपरिहार्य है क्योंकि, विविध आयामों से वंचित वर्ग के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विशेषकर व्यवसायिक एवं उच्च शिक्षा का प्रबंध कर युवा पीढ़ी, देश और अंततः मानवता को नवीन दिशा दिए जाने की संभावना की प्रबलता सर्वाधिक प्रतीत होती है।

उच्च शिक्षा में मात्रात्मक एवं गुणात्मक विकास हेतु डिजिटल उपकरणों का आगमन, इंटरनेट के होते विस्तार और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं निजी एप के माध्यम से उच्च शिक्षा के उद्देश्य से सूचनाओं का निर्माण कर प्रेषित करने वाले व्यक्ति, समूह, संगठन, संस्थान, उद्योग, पेशेवर आदि का महत्वपूर्ण योगदान है। इसके परिणामस्वरूप यह संभावना निकल कर सामने आई है कि उच्च शिक्षा में डिजिटल प्रौद्योगिकी का प्रयोग/उपयोग किस प्रकार किया जाए कि भारत में विभिन्न आयामों के आधार पर उच्च शिक्षा से वंचित युवतियों व युवाओं को लाभान्वित कर समाज व बाजार की माँग एवं भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप कौशल तैयार किया जा सके। जो विविधता से भरे भारत की सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक व्यवस्था के विषय में युवा पीढ़ी को एकात्म का ज्ञान करा समग्र राष्ट्र को दृढ़ता प्रदान करने में सहायक हो।

डिजिटल प्रौद्योगिकी और डिजिटल विभाजन

डिजिटल प्रौद्योगिकी शब्दावली 21वीं शताब्दी में मानव जीवन के प्रत्येक पहलू से जुड़ती जा रही है। इसकी अनुपस्थिति या अनुपलब्धता विकास या अविकास का एक मानक बनता जा रहा है। डिजिटल प्रौद्योगिकी या सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (Information and Communication Technology-ICT) की उपस्थिति से तात्पर्य ICT साधनों की पूर्व से उपलब्धता है। जहाँ लोगों द्वारा डिजिटल साधनों जैसे- मोबाइल, कंप्यूटर, इंटरनेट आदि हार्डवेयर एवं विभिन्न चैनलों, एप आदि सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है और यदि किन्हीं अकस्मात प्राकृतिक या मानव जनित बाधाओं के कारण उपयोगिता अस्थायी रूप से बंद हो जाए तो सामान्य जीवन गति में रुकावट आ जाती है। परंतु, जिन क्षेत्रों में डिजिटल साधनों की अनुपलब्धता है उन क्षेत्रों को डिजिटल विभाजन का शिकार माना जाता है क्योंकि, वहाँ ICT अवसंरचना (Infrastructure) का निर्माण विविध भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक एवं राजनीतिक कारणों से नहीं हो सका है। यहाँ दो बातें स्पष्ट हो जाती हैं प्रथम- कि यह विषय ICT अवसंरचना की उपलब्धता के संबंध में है और द्वितीय ICT अवसंरचना की अनुपलब्धता के संबंध में है।[49]

डिजिटल प्रौद्योगिकी की उपलब्धता या डिजिटल विभाजन

के विभिन्न कारण हैं। क्रमवार उल्लेख करें तो सर्वप्रथम भौगोलिक कारणों पर विमर्श प्रासंगिक है। भौगोलिक कारणों में मुख्य रूप से प्राकृतिक बाधाओं को शामिल किया जाता है। मैदानी क्षेत्रों में इंटरनेट टावर लगाना जितना सरल है, पर्वतीय क्षेत्रों में यह कार्य अत्यंत कठिन है। मैदानी क्षेत्रों में जनसंख्या का घनत्व अधिक है अतः इंटरनेट की सुविधा देने वाली कंपनियों को छोटे क्षेत्रों में ही बड़ी संख्या में उपभोक्ता मिल जाते हैं जो अधिकाधिक लाभ के उद्देश्य से आकर्षक हैं जबकि, पर्वत एवं रेगिस्तान में जन-घनत्व अपेक्षाकृत कम होता है परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं की बड़ी संख्या का मिलना कंपनियों के लिए कठिन हो जाता है। फलतः कंपनियां ऐसे क्षेत्रों में अवसंरचना निर्माण में निवेश करने से हिचकती हैं। इस प्रकार डिजिटल विभाजन का यह रूप पहुँच की समस्या प्रकट करता है। यहाँ डिजिटल अवसंरचना भौगोलिक बाधाओं के कारण नहीं पहुँच पा रही है। अतः भौगोलिक आधार पर समता की स्थापना के प्रयास की आवश्यकता की अनुभूति हो रही है।[50]

सामाजिक कारणों से भी लोग डिजिटल विभाजन के शिकार होते हैं। भारतीय समाज में श्रम आधारित लचीली वर्ण-व्यवस्था के स्थान पर जन्म आधारित श्रम-परंपरा से स्थापित जाति व्यवस्था की कठोर मान्यताओं के उपरांत जाति-समूहों के मध्य परस्पर ऊँच-नीच एवं अस्पृश्यता जैसे अमानवीय व्यवहारों को वृहत स्वीकृति मिली। ऐसे व्यवहारों के प्रति छठी शताब्दी ई.पू. से ही समाज सुधार के प्रयास किए गए और यह निरंतर जारी रहा परंतु, विविध कारणों से आज भी जन्म आधारित जाति व्यवस्था के नाम पर लोग अनेकानेक भेदभाव के शिकार होते रहते हैं। ऐसा नहीं कि पारंपरिक दृष्टि से निचली मानी जाने वाली जातियाँ डिजिटल साधनों का उपयोग नहीं कर रही परंतु ऊँची जातियों के लोगों के लिए पिछली पीढ़ी का सहयोग तुलनात्मक दृष्टि से अधिक प्राप्त होता है। यह भी सत्य है कि ऊँची मानी जाने वाली जातियों में भी प्रत्येक परिवार की पिछली पीढ़ी बौद्धिक रूप से समान रूप से समृद्ध नहीं हैं जो डिजिटल उपकरणों के प्रयोग/उपयोग हेतु अपनी अगली पीढ़ी को अद्यतन सहयोग देने में सक्षम हों। परंतु, शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं शिक्षा के महत्व को समझते हुए बौद्धिक रूप से अपनी अगली पीढ़ी को सहयोग व दिशा प्रदान करने में ऊँची जातियाँ निचली जातियों की तुलना में कहीं अधिक सक्षम हैं। फलतः ऊँची जातियों से आने वाले छात्र डिजिटल उपकरणों का प्रयोग/उपयोग निचली जातियों से आने वाले छात्रों की तुलना में कहीं अधिक सरलता से कर पाते हैं। यह दृश्य सामाजिक व्यवस्था के स्वरूप व व्यवहार के परिणामतः हमारे समक्ष प्रदर्शित होता है। अतः डिजिटल विभाजन का यह रूप सामाजिक आधार पर पहुँच का निर्धारण या सीमांकन करता है और यहाँ समता की स्थापना के लिए भी इस आधार पर प्रयास अपेक्षित प्रतीत होते हैं।[51]

आर्थिक कारणों से डिजिटल विभाजन का प्रभाव सर्वाधिक प्रबल है। जिनकी आर्थिक स्थिति उच्च है वे आधुनिकतम डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं और जिनकी आर्थिक स्थिति निम्न या मध्यम है वे तुलनात्मक रूप से नवीनतम उपकरणों का उपयोग नहीं कर पाते। यहाँ क्रय शक्ति की मर्यादा है। उदाहरण के लिए माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस/ऑफिस सॉफ्टवेयर सभी लैपटॉप में होता है परंतु, ऑफिस के जीतने फीचर्स का उपयोग प्रीमियम सब्सक्राइबर कर पाते हैं सामान्य उपयोगकर्ता नहीं कर पाते। किसी कंपनी का लेटेस्ट वर्जन सेल फोन, लैपटॉप, टैब, वाई-फाई आदि को क्रय करना आर्थिक दृष्टिकोण से समृद्ध लोगों (छात्र, शिक्षक, शिक्षण संस्थान एवं अभिभावक) के लिए जितना आसान होता है असमृद्ध (निम्न एवं मध्यम वर्ग) लोगों के लिए नहीं होता। यहाँ नवीनतम डिजिटल उपकरणों की पहुँच का प्रश्न आर्थिक क्षमता पर आधारित है और इसलिए समता के प्रयास हेतु आर्थिक आधार का उपयोग ही श्रेयस्कर है।[52]

This study utilizes a mixed-method approach that includes in depth interviews with party leaders, important party workers, leader's of Women's Wing's, women NLA contestants and women councillors. The study has also examined party documents such as the party Constitution and manifestoes outlining criteria for selection and election of different positions. In total, 16 interviews (10 men and 6 women from all four political parties) were carried out in two waves. The first wave was carried out between January and October 2023, where leaders were interviewed, a selection that included almost all of prominent political party leaders. They were supplemented by interviews with important party workers who have experience and insights into the intra party context. The second wave was carried out between November 2023-October 2024, where important party workers were interviewed to complement the interview with party leaders.

Guided by the research questions, discussions were held with three Focus Groups. The study group consisted of party workers, women contestants and ordinary members of the four political parties. Discussions were conducted with 17 participants distributed in three Focus Groups. The sample size of 17 was based on purposive sampling where respondents who could offer in-depth insights or possessed knowledge or experience relevant to the study objectives were selected.

Data Analysis

Thematic Analysis has been used to analyse the qualitative data where excerpts from the sample were presented to illustrate the emerging themes from the respondent's narratives. Braun and Clarke's six-phase framework–familiarization with data, generating initial codes, searching for themes, reviewing themes, defining and naming themes, and writing the report–was utilized.

Discussion

None of the political parties under study have women representative at the top of their party hierarchy and till date, no woman has held the position of the head of the party. The BJP's highest decision making body (Core Committee) has no woman representative. The party has six Vice-Presidents one of which is a woman, six Secretaries out of which three are women. The lone post of Office Secretary is held by a woman.

The top party hierarchy of the Nagaland Peoples Front (NPF) is the Working Committee which comprises of the party President and seventeen (17) senior and experienced party officials. It has no woman representative. At the level of the Central Office Bearers (COB), there are twelve (12) posts of Vice President with one (1) woman Vice President. Out of the twenty-seven (27) posts of General Secretary there is one woman representative and out of twenty-four (24) posts of Secretary one (1) is a woman.

The top Party hierarchy of Indian National Congress (INC) is the Pradesh Congress Committee (PCC). There are sixty (60) PCC members of which four (4) are women. The party's decision-making body is the Executive Committee but it has no woman representative.

For Nationalist Democratic Progressive Party (NDPP) the top of the party hierarchy is the Parliamentary Board and the highest decision making body is the General Convention. However, at both levels there is no woman representative.

It is apparent that women's presence has been relegated to intermediate tiers of leadership, whereas men hold apex level leadership positions indicating male dominance in the party organisation. A separate grouping or 'Wing' for women within the party does exist giving the impression of a special dispensation for women. But in reality, these Wing's keep women on the fringes of party authority.

Party leaders and important party workers were questioned whether they consider gender as an important factor when nominating leaders in the party hierarchy and whether they think gender is an important quality to consider when issuing ticket to candidate. The parties do not seem to have formal guidelines to select/nominate leaders to the party organisation. Selection is done in an informal way based on personal network or connection. All four parties stated that gender is not important when recruiting members to the highest decision making body of their respective party. They acknowledge that female representation and participation in their respective political party structures are mostly limited to lower positions, essentially trapping women in the status of party supporters. The responses below highlight the views of the four parties:

'If capable women are given the chance they may be recruited in the decision making body of the party organisation' (NPF party worker). It is observed that a large number of women who have served the party for a long period of time are not appointed to important decision-making positions, but rather remain as members of the Frontal Organisations.

'It is unfortunate that society and men harbour the misconception that woman's contributions are largely unnecessary, particularly in politics' (NPF party worker).

'The absence of women in party leadership has nothing to do with gender. It all depends on individual effort and commitment to the party' (BJP party worker).

When asked whether women may be elected to senior positions such as President or Vice President of the Party, the Working President of the Congress party stated that *'anyone who has the capacity and is willing to work for the party has the chance to hold leadership post of the Party'*. NDPP President similarly stated *'If a woman has the potential, then our party will always welcome her'*. On a similar note NPF President stated *'if a man can carry out the responsibilities of a President even a woman can do so'*. BJP President stated that *'women who are motivated and hard-working can certainly lead the party and the people, perhaps even better than men'*.

When asked for their views on whether the inclusion of women in the party decision making body would increase the number of women candidate, the party leaders and workers expressed the following views:

'Supporting women's candidature and winning elections are not related to the gender make up of the decision making body' (Congress party worker).

'A woman holding leadership position in a party does not does not necessarily ensure that women will receive nomination or secure votes from voters' (NDPP party worker). *'The party may issue ticket to a woman, but winning is entirely up to the voter'* (BJP party worker).

Some stated that *'If women occupy position in the party's top hierarchy, it will undoubtedly impact the candidate selection process and encourage more women to enter politics. Women need role models in politics, which can only be achieved when women hold prominent positions within political parties'* (NDPP party worker).

Though party leaders and workers have expressed different views on women in party leadership, political parties' remain important as champions of women's inclusion in politics; they are the major avenue for gaining a candidacy, for campaigning for election, and for communicating with the electorate. To this end, it is crucial that political parties incorporate gender balancing in their Constitution as well as their electoral manifestos to ensure implementation (Ballington, *et al.,* 2012).

In the course of discussion, some of the party workers acknowledged that female representation and participation in their respective party are mostly limited to lower positions. In this regard, some focus group discussants shared the following perspectives:

'There are many women who have served the party for a long period and remain stagnant as members of the Frontal Organisations' (NPF party worker).

There are some women party leaders who strive to get into high leadership positions but cannot do so because they lack experience and an adequate level of education as well as lack of backing and support from important male leaders of the respective party. Therefore, they remain stagnant in the status of party supporters (NDPP party worker). In this environment, women have to work harder in order to prove themselves politically capable and reliable (Sacchet, 2005).

Compared with men, female candidates abandon the idea of running for office when there is no party assistance because they cannot sustain their campaign till the end due to the high cost of electioneering (NPF worker).

These observations mirror the assertion that women are more likely to have been chosen for positionsthat are labour intensive, but are rarely entrusted with those posts entailing real political visibility and weight such as the presidency and general secretariat of political parties (Sacchet, 2005).

These observations mirror the assertion that support by party leaders are considered significant or critical for women aspiring for political position.Women are frequently chosen for positions that are labour intensive, but are rarely entrusted with those posts entailing real political visibility and weight such as the presidency and general secretariat of political parties (Sacchet, 2005). A good example is that of the party women wing. Although there are women's wings in political parties, they are not sought out to run for elected position.

Conclusion

From the study it is apparent that political parties by and large determine the representativeness of elected assemblies. In Nagaland, political parties appear to have neglected to address the problem of women's political representation, either within the party through leadership positions or outside the party through electoral list candidacy. The failure of parties to support the viability of women as candidates frequently results in the marginalisation of women's efforts to enter politics. The near total absence of women in party leadership, and hence influence over party decision, reflects this. The few female members serve mostly as aides and supporters to the male leadership. Within the party organisations, there is also a gendered division of labour. Women's involvement in political parties is largely limited to auxiliary and support roles. They are routinely mobilized by political parties to support the party's leaders. Aside from voting, their electoral efforts are limited to providing meals for party events or home visits, which are frequently used to offer material things to potential voters. Women's committees operate only for the goal of mobilizing female voters. It does not foster the development of female political leaders (Amer, 2013).

Political parties that are genuinely committed to promoting women's active participation in politics should start by mobilizing their women's fronts at all levels and

increasing the recruitment of women in decision-making positions within their respective parties. Likewise, women's organizations that have primarily advocated for increased representation of women must actively facilitate women's enrollment in various political parties and cultivate their own constituencies by forging alliances with other sections of society, rather than relying on reservations for automatic inclusion (Kishwar, 1996). Parties most likely to respond to women's demands have been those where women have mobilized and coordinated efforts to collectively define their interests and objectives within the party (Sacchet, 2005).

References

Amer, M. (2013). Political Status of Women in Nagaland. *Journal of Business Management & Social Sciences Research,* 2(4), p.91-95.

Ballington, J.R. *et al.,* (2012). Empowering Women for Stronger Political Parties: A Guidebook to Promote Women's Political Participation. New York: UNDP,

Caul, M. (1999). Women's Representation in Parliament: The Role of Political Parties: The Role of Political Parties. *Party Politics,* 5(1), 79-98.

Inter Parliamentary Union. (2025, January). New IPU report: More women in parliament and more countries with gender parity.

Kishwar, M. (1996). Women and politics: Beyond quotas. *Economic and Political Weekly,* 2867-2874.

Sacchet, T. (2005). Political Parties: When do they work for Women. In United Nations Department of Economic and Social Affairs (DESA) Division for the Advancement of Women (DAW) Economic Commission for Africa (ECA) Expert Group Meeting on Equal participation of women and men in decision-making processes, with particular emphasis on political participation and leadership. p.5

Thanikodi, A & Sugirth, M. (2007). Status of Women in Politics. *The Indian Journal of Political Science,* 68(3), 589-606.

•

वेदों में राज्य की संकल्पनाः स्वरूप, तत्त्व एवं विकास

*डॉ. सर्वेन्द्र कुमार, **डॉ. रत्नेश कुमार मिश्र

Summary

This research paper focuses on the concept of the state (its nature, elements, and evolution) in the Vedas. It is generally believed that political thought began in ancient Greece. All other civilizations before the Greeks were barren of political thought. However, this view of political thought is incorrect. Ancient Indian literature contains ample evidence of political thought. The Vedas are India's oldest texts. They contain ample study material on political thought. This paper focuses on a very small portion of this study material namely, the concept of the state. Within the concept of the state in the Vedas, it discusses the nature, elements, and evolution of the state in the Vedas. The concept of the state compares the seven-fold theory of the state described by ancient Indian scholars with the organic concept of the state described in the Vedas. The discussion of the elements of the state discusses the elements of the state described by modern scholars and the elements of the state described in the Vedas. on the evolution of the state institution, both modern and Vedic thoughts have been discussed.

प्रस्तावना

जब तक प्राचीन भारतीय वांग्मय में राजनीतिक चिंतन की खोज नहीं हुई थी तब तक विशेषकर पाश्चात्य जगत् में यह माना जाता था कि राजनीतिक चिंतन की शुरुआत प्राचीन यूनान में हुई। अर्नेस्ट बार्कर का अभिमत है कि "राजनीतिक चिंतन का श्रीगणेश यूनानियों से ही होता है। उसके जन्म का यूनानी मानव के शांत तथा स्वच्छ तर्क बुद्धिवाद के साथ संबंध है।"[1] जिमर्न लिखते हैं कि "यूनानियों की सबसे बड़ी देन यह है कि उन्होंने राजनीतिक चिंतन का आविष्कार किया।"[2] यद्यपि अनेक पाश्चात्य विद्वान इससे सहमत नहीं हैं। इतिहासकार गेटेल अपनी विशद् अध्ययन दृष्टि के आधार पर यह टिप्पणी करते हैं कि "जिन प्राच्य जातियों के प्राचीन ग्रंथो में सबसे अधिक राजनीतिक चिंतन के दर्शन होते हैं वे हिंदू, चीनी और यहूदी थे।"[3] मैक्सी लिखते हैं कि "हजारों वर्ष पुरानी सभ्यताओं के ज्ञान से हमें यह ज्ञात होता है कि इन विलुप्त युगों की जातियों का राजनीतिक चिंतन वस्तुतः कितना संपन्न और विस्मयकारी था।"[4] वेदों के रचनाकाल के बारे में विद्वानों के अनेक मत हैं। मैक्समूलर इसे सामान्यतः 1200 से 1500 ईसापूर्व का मानते हैं तो जैकोबी 3000 से 4000 ईसापूर्व का। भारतीय विद्वानों में लोकमान्य तिलक इसे 6000 से 10000 ईसापूर्व का मानते हैं, डी.एन. मुखोपाध्याय इसे 25000 ईसापूर्व का मानते हैं तो आचार्य प्रियव्रत वेद वाचस्पति इसे धरती की उत्पत्ति के साथ जोड़कर एक अरब छियानबे करोड़ वर्ष से भी पुराना मानते हैं।"[5] कुल मिलाकर वेदों को संसार के समस्त साहित्यों में प्राचीनतम साहित्य माना जाता है। ये अत्यन्त विशाल हैं और इन्हें ज्ञान-विज्ञान का आदिस्रोत माना जाता है। इनमें त्रिकाल सत्य सिद्धान्तों का समावेश है। इसलिए वेदों के विषय में महर्षि मनु के द्वारा कहा गया है- "सर्वज्ञानमयो हि सः।"[6] महर्षि स्वामी दयानन्द भी आर्यसमाज के तीसरे नियम में कहते हैं- "वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है।"[7]

समस्त मानव जाति के आदर्श रूप से जीवन निर्वाह के लिए वेदों में जहाँ सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक परिवेश सम्बन्धी सामग्री स्थान-स्थान पर उपलब्ध होती है, वहीं राजनीतिक परिवेश से सम्बन्धित विषय-वस्तु के भी उल्लेख प्राप्त होते हैं। यद्यपि वे उल्लेख वहाँ संकेत रूप में हैं, परन्तु वे वहाँ जैसे भी और जिस रूप में भी हैं, बहुत उपयोगी और महत्त्वपूर्ण हैं। यहाँ संकेत रूप कहने का आशय यह है कि वेद में एक ही शब्द भिन्न-भिन्न संदर्भों में भिन्न-भिन्न अर्थ धारण करता है। आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति ने इसका उदाहरण देते हुए बताया है कि "एक शब्द "इन्द्र" का अर्थ संदर्भ भेद से कहीं परमात्मा है, कहीं विद्युत तो कहीं राजा या सम्राट्।"[8] कदाचित् इसी कारण वेदों के राजनीतिक सिद्धांतों का विशद विवेचन नहीं हो पाया है। किन्तु यदि मनु यह कहते हैं कि "सैनापत्यं च राज्यं च दण्डनेतृत्वमेव च। सर्वलोकाधिपत्यं च वेदशास्त्रविदर्हति।।" (सेनापति, राज्य, दण्ड देने वाला और सब लोकों का अधिपति वेदशास्त्र का ज्ञाता ही हो सकता है।)[9] तो इससे यह संकेत मिलता है कि वेदों में राजनीतिक विषयों का प्रतिपादन अवश्य

* सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग, जवाहरलाल नेहरू पी.जी.कॉलेज, एटा, उ.प्र.
** सहायक आचार्य, राजनीतिशास्त्र विभाग, जवाहरलाल नेहरू पी.जी. कॉलेज, एटा, उ.प्र.

किया गया है। उनके सम्यक् और विवेकपूर्ण अध्ययन से वैदिक युग के राजनैतिक सिद्धान्तों, विशेषकर राज्य की संकल्पना का विवेचन किया जा सकता है।

राज्य का स्वरूप

प्राचीन भारतीय राजनीतिक चिंतन में राज्य के सात अंगों या राज्य की सात प्रकृतियों का उल्लेख प्राप्त होता है। प्राचीन भारतीय राजनीति शास्त्र के आचार्यों द्वारा राज्य का स्वरूप सप्तांग (सप्तात्मक या सप्त प्रकृतियुक्त) निर्धारित किया गया है। वे मानते हैं कि राज्य रूपी शरीर के सात अंग या प्रकृतियाँ होती हैं। इस रूपक के अनुसार 'स्वामी' अर्थात् स्वयं राजा इसका शीर्ष है; 'अमात्य' अर्थात् मंत्री राज्य की आँखें हैं; 'सुहृद्' अर्थात् राजा के मित्र राज्य के कान हैं; 'कोष' राज्य का मुख है; 'सेना' राज्य का मस्तिष्क है; 'दुर्ग' राज्य की बाँहें हैं और 'पुर' अर्थात् भूक्षेत्र एवं प्रजा राज्य की जंघाएं हैं।[10] ये सात अंग मिलकर राज्य का निर्माण करते हैं। उनके अनुसार इन अंगों की उत्तमता में ही राज्य की उत्तमता निहित है। परन्तु वेदों में राज्य का ऐसा सप्तांग स्वरूप उपलब्ध नहीं होता है। वहाँ कहीं भी वैसी सामग्री उपलब्ध नहीं होती है, जिससे यह सिद्ध हो पाये कि वैदिक युग के आर्यों द्वारा राज्य के ऐसे सप्तांग स्वरूप की कल्पना की गयी थी। यद्यपि यह सत्य है कि वैदिक साहित्य में राजा का, मन्त्री का, राष्ट्र का, सेना का, पुर का और दुर्ग का उल्लेख है, परन्तु इसका किसी सप्तांग सिद्धांत के रूप में यथावत् उल्लेख वेदों में दृष्टिगोचर नहीं होता। वेद में राज्य के आवयविक स्वरूप के संकेत प्राप्त होते हैं। यजुर्वेद के एक अध्याय में राज्य की कल्पना विराट् पुरुष के रूप में की गयी है। और उस कल्पना में विराट् पुरुष के अंग और प्रत्यंग राज्य के कुछ अंगों के रूप में वर्णित किये गये हैं। वह प्रसंग इस प्रकार है-

शिरो मे श्रीर्यशो मुखं त्विषिः केशाश्च श्मश्रूणि।
राजा मे प्राणोऽअमृतं सम्राट् चक्षुर्विराट् श्रोत्रम्।।
यजुर्वेद- अध्याय 20/मन्त्र 05

पृष्टीर्मे राष्ट्रमुदरमंसौ ग्रीवाश्च श्रोणी।
ऊरूऽअरत्नी जानुनी विशो मेऽङ्गानि सर्वतः।।
यजुर्वेद- अध्याय 20/मन्त्र 08

इन मन्त्रों में शिर का 'श्री' (कोश) के रूप में, मुख का 'यश' के रूप में, केशों और दाढ़ी-मूँछ का 'त्विषि' (प्रताप) के रूप में, अमर प्राणों का 'नृप' के रूप में, आँखों का 'सम्राट्' के रूप में, कानों का 'विराट्' के रूप में, पृष्ठ भाग का 'राष्ट्र' (भूभाग) के रूप में, उदर, कंधों, गर्दन, कटिदेश, जांघों, हस्तदेश और घुटनों का 'विश्' (प्रजा) के रूप में वर्णन किया गया है। यह प्रसंग वैदिक काल में राज्य के आवयविक स्वरूप को संकेतित करता है।

राज्य के तत्त्व

आधुनिक पाश्चात्य राजनीतिक चिंतन में संप्रभुता, सरकार, जनसंख्या और निश्चित भूभाग को राज्य के आवश्यक तत्त्व के रूप में स्वीकार किया गया है। 'संप्रभुता' को आधुनिक राज्य का सबसे महत्वपूर्ण तत्त्व माना जाता है। बोदाँ के अनुसार "संप्रभुता नागरिकों और प्रजा जनों के ऊपर विधि द्वारा अमर्यादित सर्वोच्च शक्ति है।"[11] आधुनिक राज्य का दूसरा तत्त्व 'सरकार' है। इसे राज्य का संगठनात्मक तत्त्व माना जाता है। यह राज्य की इच्छा को कार्य रूप देता है। यह अमूर्त संस्था राज्य का मूर्त रूप है।[12] आधुनिक राज्य का तीसरा महत्त्वपूर्ण तत्त्व 'जनसंख्या' है। इसे राज्य का व्यक्तिगत तत्त्व माना जाता है।[13] आधुनिक राज्य का चौथा तत्त्व 'निश्चित भूभाग' है। इसे राज्य का भौतिक तत्त्व माना जाता है।[14] किन्तु "वेदों में राज्य के तत्त्वों का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। कतिपय संकेत उपलब्ध होते हैं, जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि ब्रह्म, क्षत्र, राष्ट्र और विश् ये राज्य के तत्त्व हैं।"[15] अथर्ववेद में इन तत्त्वों का उल्लेख इस प्रकार प्राप्त होता है-

ब्रह्म च क्षत्रं च राष्ट्रं च विशश्च त्विषिश्च यशश्च वर्चश्च द्रविणं च।।
अथर्ववेद- काण्ड 12/सूक्त 06/मन्त्र 02

यजुर्वेद में राज्य के दो तत्त्वों 'ब्रह्म' और 'क्षत्र' की निम्नवत् चर्चा की गई है-

यत्र ब्रह्म च क्षत्रं च सम्यंचौ चरतः सह।
तं लोकं पुण्यं प्रज्ञेषं यत्र देवाः सहाग्निना।।
यजुर्वेद- अध्याय 20/मन्त्र 25

इदं मे ब्रह्म च क्षत्रं चोभे श्रियमश्नुताम्।
मयि देवा दधतु श्रियमुत्तमां तस्यै ते स्वाहा।।
यजुर्वेद- अध्याय 32/मन्त्र 16

ब्रह्म आदि तत्त्वों का स्वरूप

ब्रह्म- इस वर्ग में मानव समाज के वैसे प्रतिभा सम्पन्न पुरुष विशेष आते थे, जो सदाचारी, वीतराग, प्राणिमात्र का कल्याण चाहने वाले, त्यागी और तपस्वी ब्राह्मण होते थे, क्योंकि वैदिक चिन्तन के अनुसार वे ही ब्रह्मबल को धारण करने के लिए अधिकारी माने जाते थे। ब्रह्म बल एक प्रकार का विशेषतापूर्ण बुद्धिबल (यथार्थ ज्ञान) है, जो प्राणि मात्र के कल्याण के लिए मार्ग प्रदर्शित करता है तथा उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित करता है। जिससे मनुष्य इस लोक में सुखमय और शान्तिमय जीवन को बिताता हुआ अपने चरम उद्देश्य को प्राप्त कर लेता है।

क्षत्र- ब्रह्म बल के द्वारा प्रस्तुत लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए यह बल होता था। ब्रह्म बल के समान क्षत्र बल को भी मानव समाज के पुरुष विशेष ही धारण करते थे। और वे पुरुष विशेष राजन्य होते थे। वैदिक युग में ब्रह्मबल और

क्षत्र बल का विशेष महत्त्व था। ये दोनों मनुष्य के और उसके समाज के कल्याण के लिए परस्पर मिलकर कार्य करते थे। यजुर्वेद के अनुसार वह लोक पुण्य कहा गया है, जहाँ ब्रह्म और क्षत्र एक-दूसरे के पूरक होकर परस्पर सहयोग से रहते हैं-

यत्र ब्रह्म च क्षत्रं च सम्यंचौ चरतः सह।
तं लोकं पुण्यं प्रज्ञेषं यत्र देवाः सहाग्निना।।
यजुर्वेद- अध्याय 20/मन्त्र 25

विश्- वे साधारण जन, जिनका व्रत राज्य में ब्राह्मण, राजन्य, शूद्र और अपने सम्यक् भरण-पोषण के लिए आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन और संवर्धन था, विश् कहे जाते थे। ये समय और परिस्थिति के अनुसार व्यवसायों को करते थे। इनके प्रमुख व्यवसाय कृषि, पशुपालन और वाणिज्य थे। विशों में शूद्र भी परिगणित नहीं थे, क्योंकि उनका व्रत केवल सेवा करना था।

राष्ट्र- जो भूभाग राज्य की सीमा के अन्तर्गत आता है, वह राष्ट्र कहा जाता है। वैदिक साहित्य के अनुसार वही राष्ट्र आदर्श राष्ट्र माना जाता है, जिसमें वहाँ निवास करने वाले लोगों की सुरक्षा के साथ-साथ उनके सम्यक् जीवन निर्वाह एवं सतत विकास के लिए आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन की सामर्थ्य होती है। ऋग्वेद में ऐसे ही राष्ट्र की कामना के लिए कहा गया है कि जिस लोक (भूभाग) में आनन्द, आमोद, प्रमोद आदि हैं, जिस लोक में सभी कामनायें प्राप्त हो जाती हैं, जिस लोक में सूर्यदेव राजा हैं, जो लोक सुख का द्वार है और जिस लोक में जल से भरी हुई बड़ी-बड़ी नदियाँ निरन्तर प्रवाहित होती रहती हैं, उसी लोक में हमारा वास हो-

यत्रानन्दाश्च मोदाश्च मुदः प्रमुद आसते।
कामस्य यत्राप्ताः कामास्तत्रमाममृतं कृधीन्द्रायेन्द्रो परिस्रव।।
ऋग्वेद- मण्डल 09/सूक्त 11/मन्त्र 11

यत्र राजा वैवस्वतो यत्रावरोधनं दिवः।
यत्रामूर्यह्वतीरापस्तत्र माममृत कृधीन्द्रायेन्द्रो परिस्रव।।
ऋग्वेद- मण्डल 09/सूक्त 113/मन्त्र 08

यजुर्वेद में भी वैदिक युग के अनुरूप आदर्श राष्ट्र के लक्षण स्पष्ट किये गये हैं-

आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायतामा राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायतां दोग्ध्री धेनुर्वोढानड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषा जिष्णू रथेष्ठाः सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायतां निकामेनिकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्तां योगक्षेमो नः कल्पताम्। (यजुर्वेद- अध्याय 22/मन्त्र 22)

अर्थात् हमारे राष्ट्र में यज्ञाध्ययनशील ब्राह्मण, पराक्रमी, धनुर्विद्या में कुशल, शत्रुभेदनशील, महारथी, क्षत्रिय, भरपूर दूध देने वाली गौएं, वहनशील बैल, द्रुतगामी घोड़े, सर्वगुण सम्पन्न स्त्रियाँ, युयुत्सु, जयनशील मनुष्य, सभ्य, वीर, पुत्र पैदा होवें। और हमारे राष्ट्र में इच्छित अवसरों पर मेघ वर्षण करें, अत्यधिक फलों से युक्त यव आदि औषधियाँ स्वयं ही पक जायें, योग (अप्राप्त की प्राप्ति) और क्षेम (प्राप्त का संरक्षण) बना रहे।

राज्य का विकास

आधुनिक राजनीतिक सिद्धांत में राज्य की उत्पत्ति एवं विकास को लेकर कई सिद्धांत प्रचलित हैं यथा- दैवी उत्पत्ति का सिद्धांत, परिवार सिद्धांत, शक्ति का सिद्धांत, सामाजिक समझौते का सिद्धांत, मार्क्सवादी सिद्धांत और विकासवादी या ऐतिहासिक सिद्धांत। इनमें केवल राज्य के विकासवादी या ऐतिहासिक सिद्धांत को राजनीतिक वैज्ञानिकों ने सर्वोत्तम सिद्धांत के रूप में स्वीकार किया है। यह माना जाता है कि केवल विकासवादी सिद्धांत राज्य की उत्पत्ति की वैज्ञानिक व्याख्या प्रस्तुत करता है शेष सभी सिद्धांत राज्य की रचना में किसी एक घटक को महत्वपूर्ण मानने के कारण आंशिक रूप से सही हो सकते हैं।[16] इस सिद्धांत के अनुसार राज्य के निर्माण में वंश-परंपरा, धर्म और राजनीतिक चेतना का प्रभाव पड़ा है। मैकाइवर का अभिमत है कि "वंश संबंध समाज का निर्माण करता है और समाज अंततः राज्य का निर्माण करता है।"[17] प्रो. एडी आशीर्वादम् लिखते हैं कि सबसे पहले वंश संबंध पिता के माध्यम से न होकर माता के माध्यम से था।[18] कालांतर में बढ़ती संपत्ति की सुरक्षा और उस पर अधिकार के प्रश्न से संघर्ष की परिस्थितियां जटिल हुई होंगी और मनुष्य समुदाय पुरुष प्रधान होता गया। आशीर्वादम् के शब्दों में "इस समुदाय का आरंभ एक कुटुम्ब से हुआ और फिर क्रमशः गाँव या निकाय और अंत में जाति या नगर तक विकसित हो गया।"[19] प्रारंभिक समाज में नेतृत्व और राज्य का उदय कैसे हुआ, इस पर विचार करते हुए मैकाइवर ने बताया है कि "परिवार का पिता परिवार का तथा परिवारों के बहुपिता परिवारों से संबंधित विषयों का शासन प्रबन्ध चलाने लग गए। पिताओं तथा मुखियाओं में से किसी एक विशेष पिता अथवा मुखिया ने अपने शक्तिशाली तथा प्रभावशाली व्यक्तित्व के बल से सरदार का रूप धारण कर लिया। यही नेतृत्व का आरंभ था।"[20] कालान्तर में सरदार ही राजा बन गया। इस अवस्था का वर्णन करते हुए मैकाइवर ने यह मत व्यक्त किया है कि "जहां कहीं भी सरदार की सत्ता सरकार बनी तथा रीति-रिवाज ने कानून का स्थान प्राप्त किया वहां से राज्य का उद्गम हुआ कहा जा सकता है।"[21] तुलनात्मक अध्ययन के लिए अब वेदों में राज्य की उत्पत्ति का अवलोकन करना होगा। अथर्ववेद के अष्टम काण्ड के दशम सूक्त के पहले 13 मंत्रों में इससे संबंधित तथ्य दृष्टव्य हैं। यद्यपि इनके शाब्दिक अर्थ में सीधे राज्य का विकास ध्वनित नहीं होता। पहले इनके शाब्दिक अर्थ को देखते हैं-

1. विराड् वा इदमग्र आसीत् तस्या जातायाः सर्वमबिभेदियमेवेदं भविष्यतीति। (वह शक्ति पहले से ही विराट् थी। उस शक्ति से सभी भयभीत हो गए कि यही वह सृष्टिरूप हो जाएगी।)
2. सोदक्रामत् सा गार्हपत्ये न्यक्रामत्। (उस विराट् शक्ति ने ऊपर की ओर गमन किया और वह गार्हपत्य के रूप में अवतरित हुई।)
3. गृहमेधी गृहपतिर्भवति य एवं वेद। (गृह यज्ञ करने वाले जो इस तथ्य को जानते हैं, वे गृह-पालक होते हैं।)
4. सोदक्रामत् साहवनीये न्यक्रामत्। (पुनः वह (विराट् शक्ति) ऊपर की ओर उठकर आहवनीय अग्नि संस्था में प्रविष्ट हो गई।)
5. यन्त्यस्य देवा देवहूतिं प्रियो देवानां भवति य एवं वेद। (जो इस प्रकार जानते हैं, वे देवों के स्नेह पात्र बनते हैं, सभी देव शक्तियाँ उनके आवाहन-स्थल पर जाती हैं।)
6. सोदक्रामत् सा दक्षिणाग्नौ न्यक्रामत्। (पुनः उस विराट् ने ऊपर की ओर उत्थान किया और दक्षिणाग्नि संस्था में प्रवेश किया।)
7. यज्ञतों दक्षिणीयो वासतेयो भवति य एवं वेद। (जो इस प्रकार जानते हैं, वे यज्ञ करने में पारंगत और दूसरों को निवास स्थल प्रदान करने वाले होते हैं।)
8. सोदक्रामत् सा सभायां न्यक्रामत्। (इसके बाद वह विराट् शक्ति ऊपर की ओर उठकर सभा में प्रविष्ट हो गई।)
9. यन्त्यस्य सभां सभ्यो भवति य एवं वेद। (जो इस विषय के ज्ञाता हैं, वे सभा के योग्य हैं और जन साधारण उनकी सभा में जाते हैं।)
10. सोदक्रामत् सा समितौ न्यक्रामत्। (तत्पश्चात् वह विराट् शक्ति ऊपर उत्थान करके समिति में परिणत हो गई।)
11. यन्त्यस्य समितिं सामित्यो भवति य एवं वेद। (जो इसके ज्ञाता हैं, वे समित्य (समिति या सम्मान योग्य) होते हैं और उसकी समिति में सैनिक आते हैं।)
12. सोदक्रामत् सामन्त्रणे न्यक्रामत्। (पुनः विराट् शक्ति उत्थान करके आमन्त्रण (मन्त्रिमण्डल) में प्रविष्ट हो गई।)
13. यन्त्यस्यामन्त्रणमामन्त्रणीयो भवति य एवं वेद। (जो इसके ज्ञाता हैं, वे आमन्त्रणीय हो जाते हैं और जन-साधारण उनकी मन्त्रणा में भाग लेते हैं।)

बीसवीं शताब्दी में उपर्युक्त मंत्रों के राजनीतिक संदर्भ में अर्थ को सामने लाने का श्रेय आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति को जाता है। अपने अनुसंधान में उन्होंने इन्हीं मंत्रों को राज्य के विकासक्रम से जोड़कर प्रस्तुत किया है और यह निरूपित किया है कि "सृष्टि के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में किस प्रकार 'विराट्' अवस्था (Chaotic stage) या असंबद्धता, असंश्लिष्टता या बिखरेपन की अवस्था से 'उत्क्रांति' या विकास होकर संबद्धता, संश्लिष्टता (integrated stage) आती है, अर्थात् सृष्टि के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में किन-किन अवस्थाओं में से विकास होकर पूर्णता की अवस्था आती है।"[22] अथर्ववेद के उपर्युल्लिखित अष्टम काण्ड के दशम सूक्त के पहले मंत्र "विराड् वा इदमग्र आसीत् तस्या जातायाः सर्वमबिभेदियमेवेदं भविष्यतीति" में जिस विराट् (वि+राज्) की चर्चा की गई है वह राज्यहीन अवस्था थी। सृष्टि के आरम्भ में जब कुछ मनुष्य पैदा किए गए होंगे तब इस प्रकार की अवस्था का होना स्वाभाविक ही है। इस अवस्था में सबको डर सताने लगा कि क्या यही अवस्था रहेगी?[23] विराट् या राज्यहीन अवस्था के बाद गार्हपत्य अवस्था आती है। इसका उल्लेख दूसरे मंत्र "सोदक्रामत् सा गार्हपत्ये न्यक्रामत्" में है। जब जनसंख्या में वृद्धि होती है तो लोग पारिवारिक संबंधों में बंधकर कुटुम्बों के रूप में रहने लगे। "गृहपति या कुटुम्ब के मुखिया के अधीन रहकर ये लोग अपने स्वार्थों की रक्षा करने लगे। इस गृहपति के प्राधान्य की अवस्था का नाम गार्हपत्य अवस्था प्रतीत होता है (गृहपतेर्भावो गार्हपत्यम्)।"[24] समय के साथ जैसे-जैसे जनसंख्या में वृद्धि होती गई, कुटुम्बों की संख्या बढ़ती गई। इनके हितों में टकराव रोकने के लिए "तब कुछ कुटुम्बों ने मिलकर अपनी एक पंचायत बना ली और कुटुम्ब इस पंचायत के शासन में रहकर अपनी उन्नति और अपने स्वार्थों की रक्षा करने लगे। इसी पंचायत का नाम 'आहवनीय' मालूम होता है।"[25] इस संदर्भ में दशम सूक्त का चौथा मंत्र दृष्टव्य है "सोदक्रामत् साहवनीये न्यक्रामत्" (आहूयन्ते गृहपतयोऽत्रेति आहवनीयम्) इन पंचायतों में घरों के मुखिया (गृहपति) लोग आकर घरानों के पारस्परिक हित की बात सोचते हैं।"[26] इस अवस्था के उपरांत जनसंख्या की वृद्धि के साथ 'दक्षिणाग्नि' की अवस्था आती है। छठे मंत्र "सोदक्रामत् सा दक्षिणाग्नौ न्यक्रामत्" के अभिप्राय को स्पष्ट करते हुए आचार्य वेदवाचस्पति कहते हैं कि यह 'दक्षिणाग्नि' शब्द दक्षिण और अग्नि इन दो शब्दों से मिलकर बना है। 'दक्ष' शब्द के दो अर्थ 'चतुर' और 'बल' होते हैं। अतः दक्षिण शब्द का अर्थ चतुर या बली पुरुष हुआ। 'अग्नि' का अर्थ 'अग्रणी' या 'नेता' वैदिक साहित्य में प्रसिद्ध ही है (अग्निः कस्मात्? अग्रणीर्भवति, अग्रं यज्ञेषु प्रणीयते)।"[27] अतः आचार्य वेदवाचस्पति के अनुसार 'दक्षिणाग्नि' का अर्थ 'चतुर और बली नेता' हुआ। जनसंख्या वृद्धि के साथ 'आहवनीय' पंचायतों की संख्या और उनके पारस्परिक स्वार्थों में टकरावों में वृद्धि हुई। इन टकरावों को हल करने के लिए अनेक आहवनीयों ने मिलकर संगठन बनाए। "कई-कई आहवनीयों के बीच में एक-एक चतुर और बली नेता खड़ा हो गया।"[28] दक्षिणाग्नि में नेतृत्व की स्थिति किस प्रकार उत्पन्न होती है, इसका उत्तर देते हुए वेदवाचस्पति कहते हैं कि "एक तो इस प्रकार की ये आहवनीय ही अपने नेताओं में से किसी चतुर और बली पुरुष को अपना नेता चुन लें

और उसके शासन में रहकर अपने-अपने स्वार्थों की रक्षा करें या इस तरह कि इन आहवनियों का कोई चतुर या बली नेता अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए कई आहवनियों का नेता बन बैठे दोनों ही प्रकार मनोवैज्ञानिक सत्य पर आश्रित हैं।"[29]

दशम सूक्त का आठवाँ मंत्र "सोदक्रामत् सा सभायां न्यक्रामत्" यह संकेत करता है कि दक्षिणाग्नि के बाद सभा की अवस्था आती है। "जनसंख्या की वृद्धि के साथ-साथ दक्षिणाग्नियों की संख्या भी बढ़ती जाती है। साथ ही व्यापार-वाणिज्य, उद्योग-ध न्धे तथा दूसरे क्षेत्रों में भी उन्नति होती चली जाती है। अब समाज पहले की अपेक्षा अधिक जटिल हो जाता है। समाज को शासित करके उसे संतुलन में रखने के लिए केवल आहवनीय और दक्षिणाग्नि ही पर्याप्त नहीं रहते। एक से अधिक शक्ति-संपन्न राज्य संस्था की आवश्यकता होती है। शक्ति-संपन्न होने के साथ-साथ ही इस राज्य-संस्था में समाज के भिन्न-भिन्न अंगों और घटकों के मनोभावों को समझने की शक्ति भी होनी चाहिए। इसीलिए यह संस्था समाज द्वारा चुने हुए लोगों से बनी हुई होती है। इस संस्था को 'सभा' कहा गया है। इसका सभापति देश का मुख्य शासक या राजा कहलाएगा। 'सभा' शब्द 'सह' अव्ययपूर्वक 'भा-दीप्तौ' धातु से बना है जिसका योगार्थ होता है—"लोगों का एक निश्चय के लिए समान रूप से या एक साथ चमकना अर्थात् अपने विचारों को प्रकाशित करना।" इस प्रकार समाज 'सभा' के निर्णयानुसार शासित होने लगता है। आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति के अनुसार "सभा अमेरिका, इंग्लैंड और भारत आदि की आज की संसदों की भाँति जनता द्वारा चुनी हुई एक संस्था है।"[30]

दशम सूक्त का दसवाँ मंत्र "सोदक्रामत् सा समितौ न्यक्रामत्" यह बताता है कि सभा के बाद समिति की अवस्था आती है। समिति को आचार्य वेदवाचस्पति संसद के उच्च सदन 'राज्यसभा' जैसा मानते हैं। 'समिति' शब्द सम् उपसर्ग पूर्वक 'इण्-गतौ' धातु से बना है, जिसका अर्थ है "जहाँ पर लोगों का एक निश्चय के लिए सम्यक् प्रकार से प्राप्त होना अर्थात् इकट्ठा होना" (सम् =सम्यक्) "सम् यन्ति जना एकं निश्चायार्थं यत्र।" आचार्य वेदवाचस्पति का अभिमत है कि 'सम्' (सम्यक्) उपसर्ग की ध्वनि से यह प्रतीत होता है कि समिति में भेजे जाने वाले लोगों की योग्यता सभा के सदस्यों की अपेक्षा अधिक होनी चाहिए। उनका यह भी मानना है कि सभा और समिति शब्दों की व्युत्पत्ति से इनका प्रतिनिध्यात्मक संस्था होना स्पष्ट प्रतीत होता है। एक देश या राष्ट्र की दृष्टि से सभा और समिति की अवस्था में आकर राज्य अपने पूरे विकास को प्राप्त कर लेता है।[31]

दशम सूक्त के बारहवें मंत्र "सोदक्रामत् सामन्त्रणे न्यक्रामत्" से यह स्पष्ट होता है कि राज्य के विकास की अगली और अंतिम संभव अवस्था 'आमंत्रण' होती है। आमंत्रण का अर्थ है बुलावा या न्यौता। आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति का अभिमत है कि "यह विश्व भर की राजसभा प्रतीत होती है। राष्ट्रों के पारस्परिक विरोध ों को सुलझाने के लिए 'आमंत्रण' की आवश्यकता होती है।"[32]

निष्कर्षतः कह सकते हैं कि अर्नेस्ट बार्कर और जिमर्न जैसे विद्वानों की टिप्पणियाँ जिसमें उन्होंने राजनीतिक चिंतन की शुरुआत का श्रेय यूनानियों को दिया, नितांत त्रुटिपूर्ण और उनके अध्ययन की अपूर्णता की परिचायक हैं। यूनानी राजनीतिक चिंतन से बहुत पहले भारत भूमि पर रचे गए वेदों में उत्तम कोटि का राजनीतिक विमर्श दृष्टिगोचर होता है। मात्र राज्य के स्वरूप, तत्त्व और विकास के सीमित अध्ययन पर केंद्रित प्रस्तुत अध्ययन से स्पष्ट है कि वेदों में सारगर्भित, सार्वत्रिक और सर्वकाल के लिए उपयोगी राजनीतिक चिंतन उपलब्ध है। यह भले ही आधुनिक विशेषकर, पाश्चात्य राजनीतिक सिद्धांत की शब्दावली से या उसके अनुवाद से हूबहू न मिलती हो किंतु इसमें आधुनिक राज्य और राज व्यवस्था के प्रायः सभी लक्षण दृष्टिगोचर होते हैं। इसे, यदि कालानुक्रम का ध्यान रखें तो, आधुनिक राज्य और राज व्यवस्था के निरूपण का पूर्वगामी कहा जा सकता है जिसमें राज्यहीन अवस्था से लेकर 'आमंत्रण' जैसी विश्व भर की राजसभा तक की परिकल्पना है। वर्तमान संयुक्त राष्ट्र भी अभी इस आमंत्रण-अवस्था की परिकल्पना को पूरी तरह चरितार्थ नहीं कर पा रहा है। वर्तमान विश्व में महाशक्तियों की शक्ति-प्रतिस्पर्धा ने जैसी अशांति फैला रखी है, उससे उबरने और स्थायी विश्व शांति के लिए 'आमंत्रण-अवस्था' की वैदिक परिकल्पना निश्चित रूप से सर्वोत्तम विकल्प सिद्ध हो सकती है। वेदों में मात्र राज्य संस्था के स्वरूप, तत्त्व और विकास क्रम का ही विवेचन नहीं है बल्कि राज्य के भूभाग के प्रति मातृभूमि की भावना, राजा का चुनाव, राजा के वैयक्तिक गुण, संघीय राज्य प्रणाली, देवमाला या मंत्रिमंडल, राज्य के पतन को कैसे रोका जा सकता है, आदि बिंदुओं पर भी व्यापक विमर्श उपलब्ध है। कुल मिलाकर वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में वेदों के राजनीतिक चिंतन पर गहन शोध एवं व्यापक विमर्श की आवश्यकता है।

संदर्भ सूची

1. शर्मा, प्रभुदत्त, पाश्चात्य राजनीतिक विचारों इतिहास (प्लेटो से मार्क्स), कॉलेज बुक डिपो, जयपुर, 1998; पृ.7
2. वही, पृ. 8
3. वही, पृ. 7
4. वही
5. वेदवाचस्पति, प्रियव्रत, वेदों के राजनीतिक सिद्धांत, मीनाक्षी प्रकाशन, मेरठ, 1983, पृ. lx-lxi
6. भट्ट, रामेश्वर (सं.), मनुस्मृति, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली, 2015, पृ.17

7. https://share.google/EaANMPGol7FtREMtr
8. वेदवाचस्पति, प्रियव्रत, उपर्युक्त, पृ. xxv
9. भट्ट, रामेश्वर (सं.), मनुस्मृति, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली, 2015, पृ.353
10. गाबा, ओ.पी., राजनीतिक चिंतन की रूपरेखा, मयूर पेपरबैक्स, नोएडा, 1998, पृ.5
11. त्रिपाठी, श्रीप्रकाश मणि, राजनीति विज्ञान के आधारभूत सिद्धांत, प्रत्यूष पब्लिकेशंस, दिल्ली, 2013, पृ. 84
12. वही
13. वही
14. वही
15. द्विवेदी, कपिलदेव, वेदों में राजनीतिशास्त्र, विश्व भारती अनुसंधान परिषद् ज्ञानपुर, भदोही, 2022, पृ.55
16. जौहरी, जे.सी. एवं जौहरी, सीमा, आधुनिक राजनीति विज्ञान के सिद्धांत, स्टर्लिंग पब्लिशर्स प्रा.लि. नई दिल्ली, 1992, पृ. 105
17. आशीर्वादम्, एडी, राजनीतिशास्त्र, अपर इंडिया पब्लिशिंग हाउस, प्रा.लि., लखनऊ, 1973, पृ.69
18. वही
19. वही, पृ. 70
20. संधु, ज्ञानसिंह, राजनीति सिद्धांत, हिंदी माध्यम कार्यांवय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, 1997, पृ.149
21. वही, पृ.150
22. वेदवाचस्पति, प्रियव्रत, उपर्युक्त, पृ. 10
23. वही, पृ.10-11
24. वही, पृ. 11
25. वही
26. वही
27. झाशर्मा, मुकुन्द, यास्क मुनि प्रणीतं निरुक्तम्, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली, 2012, पृ.368
28. वेदवाचस्पति, प्रियव्रत, पूर्वोक्त, पृ.12
29. वही
30. वही
31. वही, पृ.12-13
32. वही, पृ.13

•

One Nation One Election: The Road to *Viksit Bharat @2047*

*Prof. Sanjay Gupta

Abstract

India aspires to become a developed nation (*Viksit Bharat*) by 2047. But the road to the top is strewn with numerous hurdles and distractions. The country needs widespread reforms in all fields- social, economic and political to overcome the challenges in the path of becoming a great nation…the *Vishwaguru*. Infusing growth, inviting investment, driving development, rekindling the country's civilizational culture and virtues remain the foremost in its ascendance to the top by 2047. One of such challenges comes from its ambitious goal of 'One Nation One Election'. Inaugurated soon after the inception of the Indian Constitution, it lived briefly but left a lasting impact on the Indian Polity and Governance. Though not much debated in the Constituent Assembly in the course of the making of the Constitution, it found its seal of approval by the very architect of the Constitution of India, Dr. BR Ambedkar under whose vigilant eyes the first General Elections were held during 1951-52 under this very notion of 'One Nation One Election'. Today, most of the objections raised by the Opposition political parties are more political in nature and less legal/constitutional. The Modi government has solicited the opinion of a vast array of society, including constitutional experts, jurists, intellectuals, educationists, students and the common masses. The proposal has received overwhelming response from these stakeholders. It is high time the country adopted the system of simultaneous elections and ensure its smooth and seamless journey to becoming a great nation by 2047, the 100th year of its independence.

Introduction

India is a liberal-democratic welfare country that is wedded to the notions of liberty, equality and fraternity. Its pluralistic and diverse culture, and its firm faith in the rule of law, constitutionalism and a just social order makes this country a unique nation in the global comity of nations. Its unhindered record of democracy during the last 75 years of its independence additionally has made the world more curious to understand and learn more about this country. The last 10 years have been especially phenomenal in so far India's rise in the global order is concerned. By all accounts it is expected that India by 2047 will achieve a titanic GDP of around 30 trillion dollars with the per capita income surging to between 18000 to 20,000 dollars. With all economic and technological growth, India aims to emerge as Developed India (*Viksit Bharat*) in its 100th year of independence. Its GDP in 2023 was 3.89 trillion dollars that makes it a strong contender to becoming the 4th largest economy of the world by 2027 with 5 trillion dollar GDP. Besides, the demographic dividend that the country enjoys with almost 25 percent of youth population between 15-29 years, and 65 percent population under the age of 35 is expected to power the nation to the hallowed goal of *Viksit Bharat* 2047. Its vast and age-old cultural heritage, spiritualism and soft-power manifested in its civilisaitons values and ethos is enabling the realisation of this mission in all its zeal.

The road to success and glory is often hindered by many obstructions and roadblocks, and the same goes with India's ascendance to glory too. Saving the precious resources of India from wastage and pilferage, and conserving the efforts and energies of the government and people needs urgent attention if the goal of Viksit Bharat is to be achieved. One of the major such challenges pertains to One Nation One Election and its implementation country wide. The current buzz around simultaneous elections is not new as it has been there in the Indian Polity since the inauguration of the Constitution in January 1950.

Why so much buzz around One Nation One Election?

In the current perspective, the issue of simultaneous elections has gained critical importance for a variety of reasons, the principal one being its enormous impact on the governance and finances of the country. Scholars and critics have consistently pointed out the adverse

* Department of Political Science, University of Lucknow, Lucknow

effects of asynchronous/ staggered elections conducted across the country the year round. Recently, the High Level Committee headed by Ramnath Kovid Committee on Simultaneous Elections too expressed grave concerns and recommended for ending staggered elections and adopting simultaneous polls to the Lok Sabha, State Legislative Assemblies and Local Bodies' elections.

But the catalytic impact has come from the economic perspective. Election expenditure broke all record in 2024 Lok Sabha elections where it is estimated that a whopping 1.35 lakhs rupees (approx) were spent, thus breaking all previous records and becoming the world's most expensive electoral event. According to the Media Studies Center, New Delhi the cost of a vote in India has now astonishingly reached 1,400 rupees. In the process, political parties are leaving no stone unturned to entice and win over voters. This amount is significantly higher than the 55,000-60,000 crore rupees spent in the 2019 elections. 2024 general elections expenditure surpasses the 2020 US elections expenditure which stood at 1.20 lakh crore. The financial burden of frequent elections in India has grown substantially over the years. A study estimated that five years' election expenditure including general elections and state elections from 2024 to 2029 could be 10 lakh crore rupees. The Political parties and their candidates could save nearly 3 to 5 lakh crore if the one nation one election is adopted. This is in stark contrast to the cost of India's first elections in 1951-52, which spanned 68 phases, was a modest 10.5 crore rupees. By 2019, however, the cost had escalated to 50,000 crore rupees (7 billion dollars), according to authoritative sources.

Bad publicity and misleading information is a sure recipe to anarchy. Some political parties have labelled the current's government initiative as Modi's agenda!! It has further been alleged that it is not sanctified by the Constitution and hence a violation of the Constitution and its spirit!! These insinuations need to be countered and put in the right framework. Firstly, simultaneous elections are not a new concept or altogether a new phenomenon in the present context. Infact post-independence elections started off under the watchful eyes of Dr. BR Ambedkar, the architect of the Indian Constitution. The 1952 simultaneous elections had the approval of Dr. Ambedkar the architect of the Indian Constitution, who was also the then Union Minister of Law and Justice. In addition, the Supreme Court and the Election Commission of India too played a vital role in the smooth conduct of simultaneous elections, which amply displays the progressive attitude and outlook of the framers of the Constitutional framers of India. So, the assertion of illegality doesn't hold any substance.

The first 4 elections, viz 1952, 1957, 1962 and 1967 were held in simultaneous mould witnessing the Lok Sabha and State Legislative Assembly elections simultaneously. The cycle was broken after the fourth elections with the Lok Sabha being dissolved in 1970, almost 15 months before its stipulated expiry in February 1972. Besides, the State Governments of Kerala and West Bengal were dissolved in the year 1968 and 1969 respectively, and with that the simultaneous elections became a history in Indian Polity. Currently, Prime Minister Narendra Modi is trying to end the system of staggered elections that is economically bleeding India and to substitute it with One Nation One Election.

Why Simultaneous Elections came to an end in 1970?

A moot question arises as to why did simultaneous elections came to an end by 1970 both at the Centre and the States? What were the political dynamics/compulsions that threw the simultaneous polls out of gear after the fourth General Elections in 1967. It is to be noted that the decade of 1960 was full of turmoil for the ruling Congress Party. Firstly, the country's economic growth slowed down to just 2% as against the projected 6% under the Five Year Plan 1961-1966. The scenario got worsened with India's defeat in the 1962 War with China and the subsequent death of Prime Minister Nehru in May 1964. Lal Bahadur Shastri, who succeeded Nehru, proved to be a popular figure, who restored national pride by defeating Pakistan in the 1965 War. But his mysterious death in January 1966 rattled the nation and a power struggle broke out in Congress. Though opposed by powerful Congressmen within the party, Smt. Indira Gandhi was anointed as the Prime Minister but she paid the price of public anger and Congress' loss of popularity in the 1967 elections. The party failed to secure the desired majority to run the government smoothly. In addition, the clique, nicknamed 'Syndicate' within the Congress fold comprising Morarji Desai, Jagjeevan Ram, Nijalingappa, K. Kamraj and others started challenging her that culminated in her expulsion from her own party in November 1969 on charges of violating the party discipline and "fostering a cult of personality". Her ouster

ultimately resulted into the split in the Congress Party. Ousted from the Congress, Indira Gandhi led a minority government glued together with the support of several regional parties, including the DMK. She would have continued as the Prime Minister till the expiry of the 4th Lok Sabha, February 1972. But she chose to have her own way. She took to the national media and announced over the Radio on December 27, 1970 the premature dissolution of the Lok Sabha. She declared that the Lok Sabha was being dissolved a full 15 months before the end of its term.

One Nation One Election : Concerted efforts amidst a troubled journey

